CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 25°C
न्यूनतम : 20°C

मुरादाबाद, बुधवार 6 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 260 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 18 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश यादव पेज 2



बेंगलुरु में आईपीएल फ़ाइनल की मेज़बानी के मौकों पर संकट खेल टाइम्स



जेलीफिश मनुष्यों के समान सोती है सम्पादकीय



होर्मुज़ तनाव के बीच अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगा: ग़ालिबफ़ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने की यूएई में ड्रोन हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह ऑयल इंडस्ट्रीज जोन पर हुए ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए थे। उन्होंने नागरिकों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य बताया और क्षेत्र में स्थिरता बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया।

### एमपी के दो सांसद साउथ में विधानसभा चुनाव हारे

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के चुनाव परिणामों में भाजपा को पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में बड़ी जीत मिली है। वहीं, एमपी कोटे से राज्यसभा के दो सांसदों को दक्षिण भारत के चुनावी रण में करारी हार का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार में मंत्री एल. मुरुगन को तमिलनाडु और जार्ज कुरियन को केरलम विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन को भाजपा ने केरलम की कांजीरापल्ली सीट से मैदान में उतारा था। ईसाई बहुल इस इलाके में कुरियन से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि कुरियन मुख्य मुकाबले से पूरी तरह बाहर नजर आए। वे तीसरे नंबर पर रहे। उन्हें महज 26984 के करीब वोट मिले।

### चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फ्लाइट के अंदर धमाका

**चंडीगढ़।** हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो की फ्लाइट में लैंडिंग के दौरान मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। लैंडिंग के दौरान फ्लाइट में मोबाइल पावर बैंक फट गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में पांच लोगों के घायल होने की जानकारी है। फ्लाइट नंबर 6ई108 बताया जा रहा है। हालांकि घायलों की संख्या अभी बढ़ने की संभावना है। यह हादसा मोहाली स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दोपहर के बाद हुआ। जानकारी के मुताबकि फ्लाइट में 39-एफ सीट पर बैठे देवांश नाम के शख्स के पावर बैंक में लैंडिंग के दौरान अचानक आग लग गई। उसने इसकी जानकारी क्रू मेंबर्स को दी। इतनी देर में पावर बैंक फट गया। विमान दोपहर में 3 बजकर 32 मिनट पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था।

### स्टालिन ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव हारने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इस बीच, राजनीति में नवागंतुक और तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता विजय ने मंगलवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से अगली सरकार बनाने के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश करने के लिए मुलाकात का समय मांगा है। श्री स्टालिन ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र भेज दिया है और इसे लोक भवन में सौंप दिया गया है। इसी बीच विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया और राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है।

# यूएस-ईरान के बीच फिर भड़का तनाव, होर्मुज में बन रहे जंग जैसे हालात

**वाशिंगटन/तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि सीजफायर की घोषणा के बावजूद दोनों पक्षों की सैन्य गतिविधियां जारी हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने स्पष्ट किया है कि सीजफायर अभी भी लागू है और इसे खत्म नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा अभियान अलग और सीमित प्रकृति का है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन केवल वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए अस्थायी व्यवस्था है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प को युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम अभी भी लागू है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने पेंटागन ब्रीफिंग में कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को निकालने का अमेरिकी प्रयास ऑपरेशन एपिक फ्यूरी से अलग है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट फ्रीडम रक्षात्मक प्रकृति का अभियान है। इसका दायरा सीमित है और यह अस्थायी अवधि के लिए है। इस अभियान का एकमात्र मिशन ईरानी आक्रामकता से निर्दोष वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा करना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि दो अमेरिकी वाणिज्यिक जहाज स्ट्रेट से सफलतापूर्वक गुजर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, छह अन्य जहाजों ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी का उल्लंघन करने का प्रयास किया था।



■ अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ बोले- सीजफायर अभी भी लागू

### UAEके फुजैराह पर ड्रोन हमले में तीन भारतीय घायल

**नई दिल्ली/ अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह तेल औद्योगिक क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फुजैराह में मंगलवार को हुए हमलों में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों की उचित चिकित्सा देखभाल और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने कहा कि ईरान ने नवीनतम हमले में चार क्रूज मिसाइलें दागीं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तीन मिसाइलों को वायु रक्षा प्रणालियों ने रोक लिया जबकि चौथी मिसाइल समुद्र में गिर गई। एक ड्रोन हमले के कारण फुजैराह तेल उद्योग क्षेत्र में आग लग गई, जो संयुक्त अरब अमीरात के ऊर्जा निर्यात का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए बचाव दल तैनात किए गए और घायलों को मामूली चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती किया गया।

### अमेरिका ने यूएई के तेल संयंत्र पर हमले के जवाब में किया ईरानी नौकाओं पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में सात ईरानी नौकाओं पर हमला किया है, क्योंकि वाशिंगटन लगभग बंद जलमार्ग के माध्यम से खाड़ी में फंसे जहाजों को बाहर निकालने का प्रयास कर रहा है। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी। संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण कोरिया दोनों ने सोमवार को महत्वपूर्ण जलमार्ग में जहाजों पर हमले की सूचना दी। संयुक्त अरब अमीरात ने यह भी कहा कि ईरानी हमले के बाद फुजैराह के तेल बंदरगाह पर आग लग गई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि स्ट्रेट में हुई घटनाओं से यह स्पष्ट हो गया है कि राजनीतिक संकट का कोई सैन्य समाधान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रोजेक्ट फ्रीडम प्रोजेक्ट डेडलॉक है। फरवरी में अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर हवाई हमले शुरू करने के बाद से होर्मुज स्ट्रेट बहुत हद तक अवरुद्ध रहा है।

# दीदी हैं कि मानती नहीं..

## ममता बनर्जी की चुनौती, इस्तीफा नहीं दूंगी

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा कि चुनाव आयोग असली विलेन है।

उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है। ममता ने कहा कि चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे, मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मेरे इस्तीफा देने -शेष पृष्ठ दो पर



**कहा: हम हारे नहीं, हराया गया, चुनाव आयोग विलेन, भाजपा से मिलकर 100 सीटें लूटीं, मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी**

### ममता बनर्जी ने इस्तीफा नहीं दिया, तो क्या कहता है संविधान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस का 15 साल के शासन का अब अंत हो चुका है। इस बीच मंगलवार को राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर गलत तरीके से चुनाव जीतने का आरोप लगाया। साथ ही चुनाव आयोग को भी घेरा। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर अगर कोई मुख्यमंत्री चुनाव में हार के बाद अपने पद से इस्तीफा देने से इन्कार कर दे तो क्या हो सकता है, अगर कोई मुख्यमंत्री विधानसभा में बहुमत खोने या चुनाव हारने के बाद भी इस्तीफा देने से इन्कार कर देता है, तो स्थिति को संभालने के लिए सांविधानिक और कानूनी रास्ते अपनाए जाते हैं। विधानसभा में बहुमत खोने पर अगर ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री के पास बहुमत बनाए रखने के लिए विधायकों का समर्थन नहीं है, तो उन्हें फ्लोर टेस्ट का सामना करना पड़ता है।

# जनहित याचिका अब पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन बनी: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सबरीमाला केस में वकीलों ने याचिका लगाई
■ जज ने कहा: अपने लोगों के लिए काम करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) अब प्राइवेट इंटरेस्ट और पब्लिसिटी इंटरेस्ट, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं।

यह कमेंट नौ जजों की संविधान बेंच ने केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान किया। कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन के 2006 के पीआईएल के मकसद पर सवाल उठाया, जिसमें केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर रोक को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि पीआईएल कानून की प्रोसेस का गलत इस्तेमाल है और एसोसिएशन को ऐसी पीआईएल फाइल करने के बजाय बार और अपने युवा सदस्यों की भलाई के लिए काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में धार्मिक जगहों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर 11वें दिन भी सुनवाई चली। सितम्बर 2018 में 5 जजों की संविधान बेंच ने 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी। तब कोर्ट ने कहा था कि सदियों पुरानी हिंदू धार्मिक प्रथा गैर-कानूनी और असंवैधानिक है। एसोसिएशन के वकील ने दलील दी कि पीआईएल जून 2006 में छपे चार अखबारों के आर्टिकल पर आधारित थी। इस पर सीजेआई ने कहा कि इसे सीधे खारिज कर देना चाहिए था। यह आर्टिकल जनहित याचिका फाइल करने का कारण कैसे बताता है। पीआईएल फाइल करने के लिए आर्टिकल लिखवाना आसान है। पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन अब प्राइवेट इंटरेस्ट लिटिगेशन, पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं। सभी को पीआईएल कहा जाता है, लेकिन हम सिर्फ असली पीआईएल पर ही सुनवाई करते हैं। सीजेआई को रोज सैकड़ों चिट्ठियां मिलती हैं, जिनमें सवाल किया जाता है कि क्या उन सभी को पीआईएल में बदला जा सकता है।



# भाजपा ने शाह को बंगाल व नड्डा को असम का पर्यवेक्षक बनाया

■ ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक बनाए गए

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बंगाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक बनाया।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण निंदासह की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में श्री शाह पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। श्री निंदासह ने बताया कि श्री नड्डा ओडिशा में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब निंदासह सैनी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे।




जम्मू : एक स्कूली छात्रा ऑपरेशन सिन्दूर की बरसी से पहले पेंटिंग प्रदर्शित करती हुई।

# प. बंगाल: 10 साल में भाजपा 3 से 207 सीटों पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ भाजपा महिला को दे सकती है पश्चिम बंगाल में कमान
■ संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे

**नई दिल्ली।** बंगाल में टीएमसी को हराकर भाजपा पहली बार सत्ता में आई। पार्टी दस साल में 3 सीटों से 207 सीटों पर पहुंच गई है। तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया।

59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें डीएमके या एआईएडीएमके नहीं होगी। दो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमके स्टालिन चुनाव हार गए।



बंगाल में भाजपा ने बिना चेहरे के चुनाव लड़ा, इसलिए अब बड़ा सवाल यह है कि कौन मुख्यमंत्री होगा। संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे है। पार्टी किसी महिला चेहरे को भी ला सकती है। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 206 सीटें जीतकर करीब 70 फीसदी का स्ट्राइक रेट हासिल किया। वहीं, टीएमसी 81 सीटों पर सिमट गई और उसका स्ट्राइक रेट करीब 27.6 फीसदी रहा। सीएम ममता समेत 35 मंत्रियों में से 22 चुनाव हार गए। ममता के पास होम मिनिस्ट्री समेत 7 महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। महिला और बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा, उदयन गुहा, ब्रत्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बसु, सिद्दीकुल्लाह चौधरी, रथिन घोष, बेचाराम मन्ना, बिरबाहा हंसदा, मोलय घटक को हार का सामना करना पड़ा है। 1972 के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में अब ऐसी पार्टी की सरकार होगी, जो केंद्र में भी सत्ता में है। 1972 में राज्य में कांग्रेस ने 216 सीटें जीतीं थीं और उस वक्त केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। बांग्लादेश सीमा, घुसपैठ और प्रशासनिक नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी सख्ती हो सकती है। मोदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में इसका ऐलान भी किया।

# गन्ना और कपास किसानों को बड़ी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ केंद्रीय कैबिनेट की दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था को नई गति देने और प्रमुख औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक फैसलों पर मुहर लगाई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद इन महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी।

इन फैसलों में मुख्य रूप से विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), कृषि नीतियां और समुद्री बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) शामिल हैं, जो देश के समग्र विकास और रोजगार सृजन को रफ्तार देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। केंद्र सरकार की कैबिनेट ने हालिया बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी है, जिन पर कुल लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए 'कपास कांती मिशन' पर 5,659 करोड़ रुपये खर्च होंगे, वहीं 2026-27 सीजन के लिए गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) से जुड़ा फैसला भी लिया गया है। आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए -ईसीएलजीएस-5 योजना पर 18,100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर वडिनार में शिप रिपेयर सुविधा (1,570 करोड़ रुपये) और कई रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिनमें नागदा-मथुरा, गुंटकल- वाडी और बुरहवाल-सीतापुर रेल लाइनों के विस्तार पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा सेमीकंडक्टर सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए क्रिस्टल मैट्रिक्स लिमिटेड और सुची सेमिकॉन प्राइवेट लिमिटेड की यूनिट्स पर भी निवेश किया जाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट को मजबूत करने से जुड़ा एक नीतिगत निर्णय भी शामिल है। इन फैसलों से कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिल सकता है। देश के 32 लाख कपास किसानों को सीधा फायदा पहुंचाने के लिए कैबिनेट ने कपास क्रांति नाम से एक ऐतिहासिक पहल को मंजूरी दी है।

CMYK

# कार पोल से टकराई तीन गंभीर घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नहटौर तिराहे के पास आज शाम सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकपुरी से बिजनौर जा रही तेज रफ्तार ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार चालक तरुण पुत्र जोगिंदर सिंह निवासी ग्राम चौकपुरी, थाना हीमपुर दीपा समेत उसके दो साथी घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला और एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस के अनुसार दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य करा दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही।

# किसान मजदूर संगठन की बैठक में जनहित के मुद्दों पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की मासिक बैठक में क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि किसानों और आम नागरिक की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा।

बैठक के दौरान मौके पर पहुंचे बीडीओ सीपी पांडेय और बिजली विभाग के जेई गौतम कुमार को कार्यकर्ताओं ने अपने बीच बैठाकर समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए कहा गया कि इससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। बैठक में निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वसूली का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया। कार्यकर्ताओं ने सरकारी और निजी स्कूलों में फीस के लिए समान मानक निर्धारित करने की मांग की। इसके अलावा गन्ना भुगतान में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की बात कही गई।

बिजली विभाग की ओर से हो रही अनियमित कटौती पर भी नाराजगी जताई गई और आपूर्ति

## समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग रखी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी और जलभराव की समस्या को गंभीर बताते हुए इसके जल्द निस्तारण पर जोर दिया गया।

बैठक में हाल ही में सिसौना बिजलीघर पर तैनात संविदाकर्मी लाइनमैन सुभाष कुमार के करंट की चपेट में आकर झुलसने की घटना पर भी चिंता जताई गई। कार्यकर्ताओं ने घायल लाइनमैन के समुचित उपचार और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। अंत में कार्यकर्ताओं ने बीडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

बैठक की अध्यक्षता परशुराम ने की। संचालन ठाकुर नरेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर मंडल महासचिव वेदप्रकाश चौधरी, चांदपुर तहसील प्रभारी ब्रजपाल सिंह, राकेश चौधरी, भीम सिंह, संजीव कुमार, सुखबीर सिंह, कुलवीर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डा. इंद्रदेव बने लाभार्थी विभाग के जिलाध्यक्ष

## जनपद में योजना के विस्तार की जिम्मेदारी, समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्थानीय एक रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश प्रजापति ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना ने देशभर की जरूरतमंद महिलाओं तक स्वच्छ ईंधन पहुंचाया है। उन्होंने जनपद में योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बढ़ापुर के पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव सिंह को जनपद अध्यक्ष घोषित किया। उनकी नियुक्ति पर समर्थकों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बचपन में अपनी मां को लकड़ी के चूल्हे के धुएं से होने वाली परेशानी को करीब से देखा था। उसी अनुभव के आधार पर 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद उज्ज्वला योजना की शुरुआत की गई, जिसके तहत घर-घर गैस कनेक्शन पहुंचाए गए। 2019 में योजना का विस्तार हुआ और अब तीसरे चरण में भी लाखों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है और उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि पीएम जनधन योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को 10 हजार रुपए से लेकर पांच लाख रुपए तक का बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि डा. इंद्रदेव सिंह के नेतृत्व में जनपद के धामपुर, नहटौर, बढ़ापुर, चांदपुर समेत सभी विधानसभा क्षेत्रों में उज्ज्वला योजना के विस्तार को नई गति मिलेगी। विशिष्ट अतिथि माटी कला उद्योग के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला ने भी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने पर जोर देते हुए विस्तार से जानकारी दी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डा. इंद्रदेव सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें चार बार विधायक बनाया, लेकिन उन्होंने हमेशा जनसेवा को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने लिए नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में जगह बनाने का प्रयास किया, जिसका परिणाम आज भी उन्हें जनता के स्नेह के रूप में मिलता है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं प्रयासों के कारण विभिन्न राज्यों में भाजपा को जनसमर्थन मिल रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगी अनिल दास महाराज ने की।

इस मौके पर अफजलगढ़ की पूर्व पालिका अध्यक्ष शाहाना परवीन, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, समाजसेवी चिकित्सक डा. बीके सिंह, कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के राष्ट्रीय संयोजक अनिल पांडे, संजीव बंसल, अजय बंसल, सुबोध गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष लीना सिंघल, डा. सारंग देश असीम, मुकेश रस्तोगी, सौरभ प्रताप सिंह, गोपाल सिंह, नरेंद्र सिंह आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपाईयों ने मनाया जीत का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भाजपा की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में प्रचंड जीत का जश्न किरतपुर के जैन चौराहे पर धूमधाम से मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और नारे लगाकर जीत की खुशी व्यक्त की।

भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव पाराशर ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की भारी जीत विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद की जीत है। यह ऐतिहासिक जीत दर्शाती है कि जनता भाजपा के साथ खड़ी है। हम किरतपुर में भी इसी उत्साह के साथ आगामी चुनावी तैयारियों में जुटेंगे। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को लोकसभा और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए शुभ संकेत बताया। भाजपा की इस प्रचंड जीत से उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ गया है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रजनी कालरा, अनुज अग्रवाल, नगर महामंत्री शिवम सिंघल, बृजमोहन राजपूत, संजीव सोनू वर्मा, अशोक गुप्ता, कपिल रस्तोगी, विकास राजपूत, विकास चौहान, सूरज वाल्मीकि, अशोक चौधरी, नवनीत राजपूत, धर्मपाल सिंह राजपूत, बीना राणा, मोनिका कालरा, रुकमणी कश्यप, नीरू कश्यप, रामगोपाल एड., सभासद अंकुश जैन, डा. अमजद, अमित अग्रवाल एड., फिरोज कादरी, यशपाल तोमर, मौहम्मद अजीम, मगन सिंह, मंजू चौहान, सीमा अग्रवाल, राजबाला, कविता चौहान, पारुल गोयल, सत्तो देवी, लक्ष्मी देवी, आदेश राणा, पुष्प राजपूत, दामिनी कालरा, रंजन तनेजा, ललित राजपूत, मुन्नू भगत, अंशुल राजपूत, ऋषभ ठाकुर, ललित कुमार, फुरकान अहमद, इकरार अहमद, मोबीन अहमद, महेंद्र सिंह, मुन्नू सिंह, रंजीत कुमार, नदीम अहमद अंसारी, रशीद अहमद, शमीम अहमद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस संगठन की मजबूती पर मंथन



## नासिर उर्फ आदिल चौधरी रहे सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा अल्पसंख्यक समाज में पार्टी की पकड़ को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में स्योहारा के युवा कांग्रेस नेता नासिर उर्फ आदिल चौधरी की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से चर्चा में रही।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेताओं के साथ संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक रणनीतियों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त अध्यक्ष सुहेल अख्तर अंसारी के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर प्रदेश भर से पहुंचे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। स्योहारा से पहुंचे नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर क्षेत्रीय राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की मजबूती तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई चर्चा में बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनसंपर्क अभियान तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तथा आम जनता तक पहुंचाना प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने एकजुट होकर संगठन को नई दिशा देने कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका में लाने और जनता से सीधा संवाद बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं ने भी आगामी राजनीतिक चुनौतियों का मजबूती से सामना करने की प्रतिबद्धता जताई। नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने बताया कि स्योहारा क्षेत्र में जल्द ही कार्यकर्ता बैठकें जनसंवाद कार्यक्रम और संगठन विस्तार अभियान चलाए जाएंगे। जिससे कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय भाईचारा और लोकतांत्रिक मूल्यों की आवाज रही है और इसी विचारधारा को लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नासिर उर्फ आदिल चौधरी की लगातार बढ़ती सक्रियता और शीर्ष नेतृत्व से संवाद क्षेत्रीय राजनीति में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा प्रदान कर सकता है।

कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी निभाने का भरोसा जताया।

## एक नजर

### शिविर में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण



**स्योहारा।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अंतर्गत अवध शुगर मिल में श्रमिक आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह के निर्देश पर आयोजित किया गया। शि. विर में सीएचसी अधीक्षक डा.बीके स्नेही के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने शुगर मिल एवं पॉवर यूनिट के सौ से अधिक श्रमिकों, कर्मचारियों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर में सामान्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर जांच टीबी स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी भी बनाई गई तथा मरीजों को आवश्यक परामर्श के साथ नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। टीम में डा.हासिम, डा. श्वेता, डा. राकेश, डा.तृप्ति पांडे सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों ने सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ इकाई प्रमुख चौधरी सुखवीर सिंह, सुशील कुमार उपाध्याय, मुकेश मिश्रा सहित मिल प्रशासन के अधिकारियों ने किया। डा. बीके स्नेही ने श्रमिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। श्रमिकों ने स्वास्थ्य शिविर को श्रमिक हित में सराहनीय पहल बताया।

### भाजपाईयों ने मंदिर में बांटी मिठाई



**स्योहारा।** नगर के ठाकुर मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं नने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत से भाजपाई गदगद नजर आए। इस मौके पर सुरेंद्र सैनी, अमित कुमार वर्मा, विनोद तोमर, पंडित शरणजीत जोशी, बलराम जोशी, मदनपाल सिंह, दीपांशु चौहान, डा. नेपाल सिंह, महेंद्र सिंह सैनी, हरपाल सिंह सैनी, डा.दिनेश चौहान, विपिन शर्मा, मनुज वर्मा, शोभित उपाध्याय, पीयूष रस्तोगी, कुश कुमार, मौहम्मद अहमद, संतोष सिंह सैनी, विकास वर्मा, लव कुमार आदि ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### लंबित ऋणों के निस्तारण के लिए कैंप



**किरतपुर।** पीएम स्वनिधि योजना (विस्तार एवं पुनर्गठन) के अंतर्गत लंबित ऋण आवेदनों के निस्तारण हेतु आज नगर पालिका में संयुक्त कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प डीएम व जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया गया। कैम्प की अध्यक्षता पालिका ईओ ने की। कैम्प में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ऋण से संबंधित लंबित आवेदनों की स्वीकृति एवं वितरण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए नगर निकाय एवं बैंक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्य किया। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक शाखा किरतपुर तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा किरतपुर के अधिकारियों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी शाखाओं में लंबित आवेदनों के निस्तारण की कार्रवाई की। अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों के आवेदनों की जांच कर स्वीकृति एवं ऋण वितरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। अधिकारियों ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी-पटरी एवं छोटे कारोबार करने वाले लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

### वीडियो वायरल कर आत्महत्या की धमकी

**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड की। वीडियो में युवक ने बताया कि वह दिव्यांग है कुछ दबंग व्यक्ति उसका पिछले दो माह से शोषण कर रहे हैं। युवक ने आरोप लगाया कि उसने पुलिस से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। युवक ने वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी पोस्ट की। पुलिस ने जब मामले की जांच की, तो मामला पुराने विवाद का लेकर सामने आया। जिसमें दबाव बनाने के लिए युवक ने वीडियो जारी की थी और मामला फर्जी निकला। युवक ने अपने ऊपर कार्रवाई के डर से पोस्ट को तत्काल हटा लिया। उधर थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर मैं बताया कि जांच में मामला फर्जी पाया गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दीदी है कि...** का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए राजभवन नहीं जाऊंगी। वे ऑफिशियली हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं। चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए। आईपीएस- आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं। मैंने राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, वाजपेयी सहित कई सरकारें देखीं, लेकिन ऐसा अत्याचार कभी नहीं देखा। अत्याचार की कोई सीमा नहीं रही। यहां लोगों को प्रताड़ित किया गया। पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही वे कहने लगे कि भाजपा 195-200 सीटें जीत रही है। अंतिम नतीजे का इंतजार नहीं किया। भाजपा वालों ने पोलिंग स्टेशन के अंदर घुसकर लोगों और काउंटिंग एजेंट्स को पीटना शुरू कर दिया। हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे। क्या करेंगे, यह अभी नहीं बताएंगे। दूसरी बात, हमने फैसला किया है कि 5 सां. सदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट- फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी।

# जंगल के राजा, सरकारी मेहमान

**अफजल हुसैन फौजी'**

**■ उत्तराखंड के रेस्क्यू सेंटरों में कैद है करोड़ों का 'खर्चीला रुतबा'**

**नैनीताल।** कभी कहा जाता था कि हाथी पालना आसान नहीं, लेकिन उत्तराखंड के चार रेस्क्यू सेंटरों में कैद 81 बाघ और तेंदुए अब सरकारी खजाने के लिए श्महंगे मेहमानश साबित हो रहे हैं। जंगल में दहाड़कर अपना साम्राज्य चलाने वाले ये वन्यजीव अब सलाखों के पीछे अपनी फिटनेस और रुतबा बरकरार रखने के लिए सरकारी बजट की बड़ी खुराक ले रहे हैं।

राज्य के रेस्क्यू सेंटरों में पल रहे इन खूंखारों की कहानी सिर्फ संरक्षण की नहीं, बल्कि भारी-भरकम आर्थिक बोझ की भी है। वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, एक टाइगर की सेहत और खुराक पर सालाना लगभग 20 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। इनकी डाइट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक बाघ को रोजाना 10 किलो तक ताजा मांस की आपूर्ति की जाती है। उत्तराखंड में बाघों की संख्या में हुई वृद्धि वन्यजीव संरक्षण के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसका दूसरा पहलू 'मानव-वन्यजीव संघर्ष' के रूप में सामने आया है। जब कोई बाघ या तेंदुआ आबादी वाले इलाकों में खतरा बनता है या संघर्ष में घायल होता है, तो उसे पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेज दिया जाता है। यहीं से शुरू होता है एक लंबी कैद और महंगे रख-रखाव का सिलसिला। वर्तमान में राज्य के चार प्रमुख केंद्रों/हरिद्वार का चिड़ियापुर, नैनीताल का रानीबाग, कॉर्बेट का ढेला और अल्मोड़ा मिनी जू में कुल 81 शिकारी वन्यजीव बंद हैं। इनमें चिड़ियापुर में 24 तेंदुए, रानीबाग में 15 तेंदुए और 3 बाघ, ढेला में 14 बाघ और 16 तेंदुए, तथा अल्मोड़ा में 10 तेंदुए मौजूद हैं।

इन वन्यजीवों का प्रबंधन सिर्फ खाने तक सीमित नहीं है। इसमें नियमित मेडिकल चेकअप, दवाइयां, एनक्लोजर (बाड़े) का रखरखाव और विशेष कर्मचारियों की तैनाती का खर्च भी शामिल है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने स्वीकार किया कि इन रेस्क्यू सेंटरों का कुल खर्च करोड़ों में पहुंच जाता है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इन केंद्रों के संचालन के लिए हर साल भारी बजट आवंटित किया जाता है:

-ढेला रेस्क्यू सेंटर: करीब 2 करोड़ रुपये

-अल्मोड़ा मिनी जू: करीब 1.5 करोड़ रुपये

-चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटररू लगभग 1. 20 करोड़ रुपये

-रानीबाग रेस्क्यू सेंटर: करीब 47 लाख रुपये

इसके अलावा, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के लिए राज्य, केंद्र, कैम्पा फंड और प्रोजेक्ट टाइगर से मिलने वाली राशि को जोड़कर यह खर्च 25 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लेता है।

# नैनीताल पहुंचे आचार्य प्रमोद कृष्णम!

**■ कांग्रेस पर बोला तीखा हमला, कहा- बिना नेतृत्व बदले पार्टी की वापसी मुश्किल**

**नैनीताल।** अपनी बेबाक बयानबा. जी के लिए मशहूर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। सरोवर नगरी नैनीताल प्रवास पर आए आचार्य ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों को देश की सुरक्षा और भविष्य के लिहाज से बेहद संवेदनशील बताया।

**ममता बनर्जी पर साधा निशाना**

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने ममता बनर्जी पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल को भारत से अलग करने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की धरती हमेशा से महान राष्ट्रभक्तों की रही है और वहां की जनता अब इस सच्चाई को जान चुकी है. धार्मिक ख्रष्टिकोण जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भगवान कल्कि के अवतार के साथ जिस सतयुग के आने की बात कही गई है, बंगाल में हो रहा मौजूदा बदलाव उसी की शुरुआत है।

**समाजवादी पार्टी पर बरसे आचार्य: हनुमान जी का नाम इन्हें शोभा नहीं देता**

सपा के आज किए गए ट्वीट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आचार्य ने कहा कि यह वही पार्टी है जिसने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं और उनका लहू सरयू नदी में बहाया, ऐसे लोगों के मुंह से हनुमान जी का नाम शोभा नहीं देता।

उन्होंने सपा मुखिया पर तंज कसते हुए कहा कि जो अपने पिता और चाचा का नहीं हुआ, वह जनता का क्या होगा।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/ चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन **16:00** बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | **43-DRM-MB-26-27 Date: 04.05.2026** | **44-DRM-MB-26-27 Date: 04.05.2026** |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Desilting, cleaning of sump-well and development of tubewell in the section of Sr.DEN/IV/MB. | Provision RCC boundary wall in North and South colony at Hapur to check encroachment, unauthorized trespassing and entry stray animal. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 28.05.2026 | 28.05.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | ₹ 64,84,887.15 | ₹ 1,87,68,397.11 |
| धरोहर राशि | ₹ 1,29,700.00 | ₹ 3,75,400.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 14.05.2026 | 14.05.2026 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/26-27 दिनांक: 04.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1495/2026

# परीक्षार्थियों के साथ सीओ ने की मारपीट

## दर्जनों गाड़ियों की एनसीसी कैडेट्स ने निकाली हवा, हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एनसीसी के जिस सीओ पर छात्रों को अनुशासन सिखाने की जिम्मेदारी होती है, जब वो ही अनुशासनहीनता करते हुए नापाक हरकत करने लगे, तो फिर किससे कानून का पालन करने की उम्मीद की जा सकती है। एनसीसी के सीओ की हरकत ने शर्मसार कर दिया है।





प्राप्त समाचार के अनुसार आज डीफार्मा की परीक्षा थी। दूर दराज से परीक्षार्थी पॉलिटेक्निक कॉलेज में डीफार्मा की परीक्षा देने के लिए आए थे। बैराज मार्ग पर गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं है। अगर वह बैराज मार्ग पर गाड़ी खड़ी कर देते, तो जाम भी लग जाता और पुलिस उनकी गाड़ियों का चालान भी कर देती। इस लिए उन्होंने अपनी गाड़ियों को खाली ग्राउण्ड में खड़ा कर दिया था। इस बीच वहां पहुंचे एनसीसी के सीओ ने कैडेट्स से परीक्षार्थियों की गाड़ियों की हवा निकलवा दी। जिससे गाड़ियां चलने लायक नहीं रहीं। परीक्षार्थी जब परीक्षा देकर घर जाने के लिए गाड़ियों पर पहुंचे, तो उन्होंने अपनी गाड़ियों की हवा निकली देखी। उन्होंने जब इस बारे में पूछताछ की, तो वहां मौजूद एनसीसी के सीओ ने गाली-गलौच करते हुए परीक्षार्थियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। सीओ ने कहा कि वह किसी गाड़ी को नहीं ले जाने देंगे। इसके बाद वहां पर हंगामा होने लगा। घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही सदर तहसीलदार मौके पर पहुंचे। शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उनके सामने भी एनसीसी का सीओ अपनी हठधर्मिता पर उतारू था और उसने गाड़ियां नहीं निकालने दीं। उसने तहसीलदार की बात भी नहीं मानी। जिससे अधिकारी सकते में रह गए और उनकी परीक्षार्थियों के सामने खूब किरकिरी हुई। बाद में परीक्षार्थियों ने चंदा करके सीओ को ग्राउण्ड का गेट सही कराने के लिए रुपए दिए। तब जाकर सीओ ने वहां से दर्जनों गाड़ियों को निकलने दिया। मौके पर भाजपा नेता भी मौजूद थे। सीओ ने उनकी बात भी नहीं मानी थी। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और एनसीसी के सीओ की चारों तरफ निंदा हो रही है।

# इलाज के दौरान महिला की मौत पर हंगामा

## अपेक्स अस्पताल का मामला

**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** नगर के अपेक्स अस्पताल में ईलाज के दौरान महिला की मौत होने से परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। हंगामा देखकर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की खबर सुनकर मौके पर भारी पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने परि. जनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम असगरीपुर निवासी शमशाद अहमद की पत्नी रूखसाना परवीन (40 वर्ष) एक हफ्ते से नगर के चांदपुर रोड सिति अपेक्स अस्पताल में भर्ती थी। उसका रसौली का ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन होने के बाद से उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। अचानक तबीयत बिगड़ने से उसकी ईलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मौत होने से परिवार में हड़कंप मच गया। जिसके बाद मृतका के परिवार वालों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा होने पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने कई घंटों की मशक्कत के बाद परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत किया। महिला की मौत से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। अस्पताल के डॉक्टर व पीड़ित परिवार के बीच समझौता होने पर बगैर किसी कार्यवाही के महिला की लाश को घर ले गए।

गौरतलब है कि नगर के बाहरी मार्गों पर खुले अवैध अस्पतालों में लगातार मौतें हो रही है। अवैध अस्पताल मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे है। इनके संबंध सरकार में बैठे नेताओं व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से हैं। जिसकी वजह से इनके खिलाफ कार्यवाही नहीं हो पाती है। यह मरीजों व तीमारदारों से मोटी फीस वसूलते हैं। जब मामला बिगड़ जाता है, तो गुंडागर्दी पर उतारू हो जाते है। क्षेत्र में अवैध अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है। इनके खिलाफ कोई भी जनप्रतिनिधि व अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सक भी बड़ी संख्या में मौजूद है। इनके खिलाफ अभियान चलाए जाने के नाम पर मोटी अवैध उगाही की जाती है। सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त उपचार न मिलने की वजह से मरीज इनके पास जाने के लिए मजबूर है।

# मंडावर में ट्रैक्टर से कुचल कर युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** बाइक से साइड लगने पर घबराए चालक की गलती से अनियंत्रित हुआ ट्रैक्टर बड़ी दुर्घटना का कारण बन गया। ट्रैक्टर से गिरकर उसके पहिए से कुचल कर युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।



## साथी गंभीर रूप से घायल

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम शिमला खुर्द निवासी अनुज (18 वर्ष) पुत्र भगवत और मनजीत ट्रैक्टर से दयालवाला से अपने ग्राम शिमला खुर्द जा रहे थे। इसी दौरान उनके ट्रैक्टर की साइड एक बाइक से लग गई। जिस को देख कर वह बुरी तरह घबरा गए और किसी मुसीबत की आशंका देखते हुए ट्रैक्टर को तेज गति से भगाने लगे। जिसके बाद ट्रैक्टर तेज गति होने के कारण अनियंत्रित हो गया। इस दौरान ट्रैक्टर पर बैठा अनुज नीचे गिर पड़ा और ट्रैक्टर का पहिये के नीचे आकर उसका सिर कुचला गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर के पलटने से मनजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानक. ारी मिलते ही अनुज के परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम में शोक व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही मंडावर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अनुज के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। घायल मनजीत को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# सपाईयों ने झुलसे बच्चों को देखा

## मेरठ में उपचार न मिलने की वजह से वापस लौटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** झालू मार्ग पर पड़ी गर्म राख में झुलसे चारों बच्चे मेरठ मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त उपचार न मिल पाने की वजह से वापस लौट आए है। आज सपा के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अस्पताल जा कर बच्चों के परि. जनों से मुलाकात की।



प्राप्त समाचार के अनुसार झालू मार्ग पर स्थित बाग में आंधी से गिरे आम बीनने के लिए गए बच्चों को बाग के चौकीदार ने डरा कर वहां से भगा दिया था। बच्चे बाग व सड़क के बीच में पड़ी गर्म राख में गंभीर रूप से झुलस गए थे। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाया गया था।

गंभीर हालत देखते हुए उन्हें मेरठ मेडिकल कॉलेज के लिए रैफर कर दिया गया था। मगर वहां भी उन्हें उपचार नहीं मिला। चार दिन तक परेशान होने के बाद परिजन अपने बच्चों को वापस जिला अस्पताल ले कर आ गए है। आज जैसे ही सपा नेताओं को उनके वापस जिला अस्पताल पहुंचने के बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने वहां पहुंच कर सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि इस मामले में वह कानूनी कार्यवाही भी करवाएंगे।

इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष हनी फैसल, डॉ. रमेश तोमर, अनुज मलिक, दीपक सैनी, अखलाक पप्पू, महमूद कस्सार, दिलशाद अंसारी, तरूण लाम्बा, सत्यपाल सिंह, देवानंद भुईयार, प्रमोद प्रधान, वक्कार राईन, मुस्तकीम आदि मौजूद थे।

### पीड़ित परिवारों की मदद नहीं

**बिजनौर।** गर्म राख में झुलसे बच्चों के परिजनों की न तो प्रशासन और न ही कोई नेता सहित समाजसेवी मदद कर रहा है। सिर्फ ड्रामेबाजी चल रही है। मदद के नाम पर झूठी घोषणाएं की जा रही है। पीड़ित परिवार गरीब और जरूरतमंद है। चीनी मिल प्रशासन से भी इन परिवारों की मदद नहीं कराई गई है। न ही किसी नेता ने फूटी कौड़ी इनके हाथ पर रखी है। प्रशासन व नेताओं का दोहरा चरित्र उजागर हो रहा है।

# एक नजर

## किरतपुर में दीपक गोयल व शाकिब अरेस्ट

**बिजनौर।** किरतपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में शाकिब पुत्र मेहंदी हसन निवासी सपेरा बस्ती ग्राम गंज जहानाबाद, थाना कोतवाली शहर एवं दीपक गोयल पुत्र विश्वनाथ गोयल निवासी मौहल्ला महाजनान, कस्बा व थाना किरतपुर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी किरतपुर ने इन दोनों आरोपियों के साथ-साथ सुम्मारा पुत्र तिलकराम उर्फ तिलका निवासी ग्राम फैजीपुर सलेमपुर खादर, थाना हीमपुर दीपा, सूरज पुत्र अशोक उर्फ अमरनाथ निवासी ग्राम बुड़गरा, थाना किरतपुर, शिव कुमार पुत्र अशोक निवासी ग्राम बुड़गरा एवं परमेश्वरी उर्फ निम्मा पत्नी अशोक उर्फ अमरनाथ निवासी ग्राम बुड़गरा के खिलाफ संगठित गिरोह बनाकर भौतिक व आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से चोरी आदि जैसे जघन्य अपराध कर समाज में भय और आतंक का माहौल व्याप्त करने का आरोप लगाया था। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों का लम्बा आपराधिक इतिहास है।

## चांदपुर में शादाब गिरफ्तार



**बिजनौर।** थाना चांदपुर पर वादिनी ने दो मई को तहरीर दी थी कि ग्राम कमालपुर निवासी शादाब पुत्र अफसर ने अपना नाम अंकुश बता कर छल पूर्वक उसके साथ प्रेम संबंध स्थापित किए और उसके साथ गलत कार्य किया गया। धर्म परिवर्तन करा कर शादी करने का प्रयास किया गया। धर्म परिवर्तन न करने पर गाली-गलौच करते हुए अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया, तो शादाब पुत्र अफसर, शहजाद पुत्र इस्लामुद्दीन, अफसर पुत्र अलीशेर व फहीम पुत्र अफसर ने उसके साथ मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने शादाब को गिरफ्तार कर लिया है।

## बसपा का बूथ चलो अभियान

**राजा का ताजपुर।** ग्राम राहू नंगली में बसपा के तत्वावधान में बूथ चलो अभियान के अन्तर्गत बूथ गठन करते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत करने के लिए कहा गया। विधानसभा अध्यक्ष बलवंत सिंह व प्रभारी काके सिंह रवि ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। पदाधिकारी अपने कार्यकर्ताओं का मान सम्मान करें।

## घर बुलाकर युवक से मारपीट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली मौहल्ला शांति विहार निवासी पंकज कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी ममता स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकर्ता हैं। 28 मार्च को टीकाकरण के बाद एएनएम के कहने पर वैक्सीन कैरियर सैनी ढाबा स्थित बैराज रोड कॉलोनी में रखा गया था। आरोप है कि 31 मार्च को जब उनकी पत्नी ममता वैक्सीन कैरियर लेने पहुंची, तो वहां मौजूद अनिल उर्फ पिंटू ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कैरियर देने से इनकार कर दिया। पीड़ित के अनुसार एक मई की रात करीब नौ बजे अनिल और मोनू उसे घर से बुलाकर अजयपाल सैनी के घर के पास ले गए। वहां तीनों ने मिलकर गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। पंकज कुमार ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान अजयपाल ने उसका गला दबाने का प्रयास भी किया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, तो आरोपी मौके से फरार हो गए। जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर गए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बंगाल में भाजपा के विकास मॉडल की जीत: आकिब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** युवा भाजपा नेता आकिब युनुस एड. ने पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत उन लोगों के लिए करारा जवाब है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किए जा रहे विकास कार्यों को नजरअंदाज करते रहे हैं।



## आगे भी जारी रहेगा जीत का क्रम

एक बयान में आकिब युनुस ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश में लागू भाजपा का विकास मॉडल अब पूरे देश में स्वीकार्यता हासिल कर रहा है। उन्होंने 'डबल इंजन सरकार' की अवधारणा को देश के विकास के लिए अहम बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को मजबूत करना और विकास के रास्ते को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के चलते भ्रष्टाचारियों में भय का माहौल बनना स्वाभाविक है। भाजपा सरकार पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। आकिब युनुस ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भाजपा का यह विकास मॉडल देश के हर हिस्से में मजबूती से स्थापित होगा।

# सर सैयद मेमोरियल स्कूल में उर्दू कोचिंग सेंटर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददात**

**नगीना।** सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार और नई पीढ़ी को अपनी तहजीब से जोड़ने के लिए सराहनीय पहल की गई है। विद्यालय परिसर में संचालित उर्दू कोचिंग सेंटर का शुभारंभ करते हुए उर्दू सीखने वाले बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें भेंट की गई।



इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की कि यह उर्दू कोचिंग सेंटर पूरी तरह नि:शुल्क है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि यह सुविधा केवल इसी स्कूल के बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि नगर के किसी भी विद्यालय का विद्यार्थी यहां आकर बिना किसी शुल्क के उर्दू भाषा की तालीम हासिल कर सकता है।

कोचिंग सेंटर का मुख्य उद्देश्य उर्दू भाषा को घर-घर तक पहुंचाना और बच्चों को उनकी भाषाई जड़ों से जोड़ना है। प्रबंधन ने नगरवासियों से भावुक अपील करते हुए कहा, ष्भाषा और तहजीब हमारी पहचान होती है। अपनी नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और उर्दू भाषा से परिचित कराना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे इस नि:शुल्क सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और बच्चों को उर्दू सीखने के लिए प्रेरित करें।

# खुदाई के दौरान सांप निकलने से हड़कंप

**नहटौर।** पैजनिया मार्ग पर बीएसएनएल कंपनी अपनी फोन लाइन के लिए खुदाई का कार्य कर रही थी, तभी अचानक मिट्टी के ढेर के बीच से एक बड़ा सांप बाहर निकल आया। घटना की सूचना मिलते ही सर्प मित्र बी भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सावधानी बरतते हुए सांप को पकड़ा और उसे सुरक्षित स्थान पर ले गए। बी भास्कर ने बताया कि यह सांप घोड़ा पछाड़ (रैट स्नेक) प्रजाति का था। यह प्रजाति काफी फुर्तीली होती है, लेकिन इसमें जहर की मात्रा बहुत कम होती है या यह विषहीन होते हैं। सांप को रेस्क्यू करने के बाद, बी भास्कर ने मौके पर मौजूद भीड़ को सांपों के महत्व और उनके प्रति सही व्यवहार के बारे में जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि सांपों को मारना नहीं चाहिए, बल्कि ऐसी स्थिति में तुरंत विशेषज्ञों को सूचित करना चाहिए। बाद में, सांप को पास के एक सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। विभाकर ने कहा, सांपों से डरने की जरूरत नहीं है, बस सावधानी और सही जानकारी ही बचाव का रास्ता है।



# भाजपा की प्रचंड जीत पर जश्न

## लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में मिठाई वितरण व जमकर आतिशबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** चार राज्यों में आए चुनाव परिणामों में भाजपा की प्रचंड सफलता के बाद नगर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत तथा पांडिचेरी और असम में भाजपा सरकार बनने की खुशी में नगर पंचायत कार्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने किया, जिनकी अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ जीत का जश्न मनाया।



कार्यक्रम के दौरान लोकेंद्र चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यालय परिसर में आतिशबाजी की गई। इस मौके पर लोकेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत जनता के विश्वास और पार्टी की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का ही परिणाम है कि जनता ने एक बार फिर भाजपा पर भरोसा जताया है।

उन्होंने कहा कि इस जीत से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि इसी जोश के साथ आगामी चुनावों की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में भी उत्तर प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और विकास की गति को और तेज किया जाएगा।

पूरे कार्यक्रम में लोकेंद्र चौधरी का नेतृत्व, सक्रियता और कार्यकर्ताओं के साथ उनका जुड़ाव विशेष रूप से देखने को मिला।

इस मौके पर सुरेश वर्मा, संजय वर्मा, कपिल जोशी, अनुराग जोशी, बिट्टू जोशी, नीरज चौधरी, नवीन कुमार, सौरभ गुप्ता, फुरकान, दीपक, शगुन अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, अनिल कुमार, कर्मेंद्र सिंह पूर्व सभासद सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# खेत से हजारों का सामान चोरी

## सूचना पर झालू पुलिस ने किसान की ट्यूबवेल का किया मुआयना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** कस्बे में किसानों के नलकूप पर कुम्बल लगाकर हजारों का खाद व अन्य सामान चोरी कर लिया गया। इसके अलावा दो अन्य स्थानों पर भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मौके का मुआयना किया है। हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक ने चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया है।

झालू के मौहल्ला कानूनगोयान निवासी इंतेखाब उर्फ भूरा पुत्र इसरार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उसका खेत झालू-बिजनौर रोड पर जहांगीर मौजा में सरवर साहब के मजार के पास स्थित है। यहां पर नलकूप लगा हुआ है और उसकी कोठरी में सामान रखा हुआ है। बीती रात चोरों ने 11 डीएपी के कट्टे, चार यूरिया के कट्टे, छह फावड़े, चार कसले व चार दरांती आदि सामान चोरी कर लिया। एक अनुमान के मुताबिक 15 से 20 हजार रुपए का सामान चोरी किया गया है। चोरों ने अन्य जगह से लाकर एक कुर्सी भी नलकूप पर छोड़ दी है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर लिया है। उधर हल्दौर कोतवाल किशन अवतार का कहना है कि मामले की छानबीन कराई जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### चोरी की घटनाओं से किसान भयभीत

**बिजनौर।** झालू में चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी नजर आ रही है। नलकूप को चोरों ने निशाना बनाते हुए जहां हजारों के खाद व सामान की चोरी की है। इसके आसपास भी 300 मीटर के दायरे में चोरी की दो घटनाएं अंजाम दी गई है। ऐसा लगता है चोर शातिर हैं और उन्होंने ही इन तीनों चोरियों को अंजाम दिया है। पास में ही खेत पर रहने वाले ग्राम खारी निवासी नरेंद्र पुत्र वीर सिंह ने आरोप लगाया है कि हमारे चार कुर्सी एक फावड़ा एक सबल व तिरपाल पल्ला ले गए हैं। इसके अलावा अकरम के प्लाट पर भी 6-7 कुर्सी चोरी की सूचना मिली है। फिलहाल उनकी ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## फुलसंदा आश्रम में उमड़ी श्रद्धा



**नहटौर।** आज फुलसंदा आश्रम की पावन धरा भक्ति के सागर में सराबोर नजर आई। अवसर था परलोक यात्रा पर्व का, जिसे श्रद्धालुओं ने अत्यंत धूमधाम और अटूट आस्था के साथ मनाया। एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा का जयघोष हर भक्त के हृदय को सुकून पहुंचा रहा था। मुरादाबाद, नगीना और बिजनौर जैसे दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु अपने पैरों के छालों की परवाह किए बिना, पदयात्रा करते हुए आश्रम पहुंचे। उनके चेहरों पर थकान नहीं, बल्कि अपने गुरु के द्वार पहुंचने की असीम खुशी और संतोष झलक रहा था। बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि मृत्युदेव यम कहते हैं मन, बुद्धि और इंद्रियों से जो जाना जाता है, वह सब माया है। जब आत्मा शुद्ध हो जाती है, तब शुद्ध आत्मा उस ब्रह्म को जान सकती है। मंदिरों में जो पूजा हो रही है, जिसे हम देखते हैं, सुनते हैं या स्पर्श करते हैं, वह ईश्वर नहीं है, वह सब माया है। ब्रह्मा, शंकर और विष्णु ये सभी उस परब्रह्म की उपासना करते रहते हैं। बिना उपासना और आराधना किए किसी को न सिद्धि प्राप्त होती है और न ही जीवन में सफलता।

## एक नजर

### किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**अफजलगढ़।** ग्राम हीरापुर गोकुल उर्फ गढ़वावाला निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि देवेंद्र पुत्र देवीचंद्र निवासी ग्राम फतेहपुर धारा थाना रेहड़ उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 81/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। आज पुलिस द्वारा जारी सूचना के अनुसार, कार्रवाई के दौरान चार मई को पुलिस टीम ने अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया तथा आरोपी देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। मामले में साक्ष्यों के आधार पर बलात्कार की धारा 74 बीएनएस तथा धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी भी की गई है। आरोपी देवेंद्र सिंह पुत्र देवीचंद को विवेकानंद पुलिस चौकी कासमपुर गढ़ी प्रभारी उपनिरीक्षक मनवीर सिंह व मुख्य आरक्षी विपिन मान की टीम ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### ट्रक से डीसीएम की भिड़ंत, तीन घायल



**हल्दौर।** बिजनौर-मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम अम्हेड़ा के समीप देर रात भीषण सड़क हादसे में दवा लेकर जा रही डीसीएम सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में डीसीएम सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जनपद मुजफ्फरनगर से एक डीसीएम शाहजहांपुर, लखनऊ और कानपुर के लिए दवाइयों की सप्लाई लेकर जा रही थी। इसी दौरान ग्राम अम्हेड़ा के पास एक ट्रक तकनीकी खराबी के चलते सड़क किनारे खड़ा हुआ था। आरोप है कि चालक ने वाहन को बिना पर्याप्त संकेत के हाईवे किनारे छोड़ दिया, जिससे पीछे से आ रही डीसीएम सीधे उसमें जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चालक व दोनों हेल्पर केबिन में फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पास के ढाबे पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया गया। घायलों में चालक मनोज मिश्रा (35 वर्ष) निवासी तेंदुआ, थाना फूलगढ़, जनपद लखीमपुर खीरी, हेल्पर विक्रम सिंह निवासी गोल्हा, कोतवाली शहर लखीमपुर खीरी और सीतापुर निवासी नामेश शामिल हैं। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## एक नजर

### सीएचसी कोल्ड चेन का निरीक्षण



**नगीना।** सीएचसी में आज विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं और टीकाकरण की तैयारियों का जायजा लिया। डब्ल्यूएचओ के एफएम विपुल कुमार और राजन सिंह ने मुख्य रूप से केंद्र में स्थापित कोल्ड चेन का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित स्टाफ से विभिन्न प्रकार की वैक्सीन की उपलब्धता और उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी ली। टीम ने वैक्सीन के उचित तापमान और रखरखाव की व्यवस्था को देखा। इसके बाद स्टॉक रजिस्टर का दवाओं से भौतिक मिलान किया गया। जांच में स्टॉक पूरी तरह सही पाया गया, जिस पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों ने कोल्ड चेन की बेहतर व्यवस्था और जिम्मेदारी से काम करने के लिए कर्मचारियों की प्रशंसा की। इसके साथ ही, उन्होंने ऑनलाइन रिपोर्टिंग डेटा की भी बारीकी से जांच की। डेटा प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद डब्ल्यूएचओ की टीम ने कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में किसी भी वैक्सीन की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक और सीसीएच (कोल्ड चेन हैंडलर) समेत अस्पताल का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। अधिकारियों ने जोर दिया कि टीकाकरण न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि पूरे समाज को बीमारियों से सुरक्षित रखने का एक महत्वपूर्ण कवच है।

### हल्की बारिश गर्मी से राहत



**चांदपुर।** पिछले एक सप्ताह से कभी तेज धूप तो कभी बादल छा रहे थे। इस बीच आज दोपहर बाद हल्की बारिश होने से मौसम बदल गया। नागरिकों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। चिकित्सकों का कहना है कि इस समय मौसम बदलाव से बच्चों में बीमारियां बढ़ती है, वो रुक जाएगी। सांस और आंख के मरीजों को बेहतर लाभ मिलेगा। साथ ही पशु-पक्षी, पेड़-पौधों को भी लाभ पहुंचेगा। आम के बाग ठेकेदार के अनुसार बारिश से आम की फसल को बढ़ने में लाभ होगा। सब्जी विक्रेता नरेंद्र कुमार सैनी का कहना है बारिश से पालक, हरा धनिया, पोदीना को नुकसान होगा। वहीं चांदपुर गन्ना परिषद कार्यालय के अनुसार इस समय बारिश होने की प्रबल संभावना है, जो आज कल मं हो सकती है। साथ ही ओलावृष्टि भी हो सकती है। जिससे फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने बताया कि किसान भाई इस समय सचेत होकर फसलों के कार्य को करें। उन्होंने किसानों से सिर्फ इस समय अच्छी प्रजाति के गन्ने की फसल बोने की तैयारी के अलावा अन्य फसलों की तैयारी भी इस समय ध्यान से करे।

# जल जीवन मिशन के ऑपरेटरों का दर्द फूटा

## 8 महीने से वेतन न मिलने पर विधायक मनोज पारस से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विकास खंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पानी की टंकियों पर तैनात ऑपरेटरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पिछले सात-आठ महीनों से मानदेय का भुगतान न होने से क्षुब्ध दर्जनों ऑपरेटरों ने विधायक मनोज पारस से उनके कार्यालय पर मुलाकात की। ऑपरेटरों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण वे गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और उनके परिवारों के सामने पालन-पोषण की समस्या खड़ी हो गई है।




विधायक मनोज पारस से मिलने पहुंचे ऑपरेटरों ने सामूहिक रूप से अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ गांवों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। बावजूद इसके, संबंधित विभाग और कार्यदायी संस्था द्वारा उनके वेतन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऑपरेटरों का कहना था, पिछले आठ महीनों से हमें एक भी रुपया नहीं मिला है। उधार लेकर घर का खर्च चला रहे हैं, लेकिन अब दुकानदारों ने भी उधार देना बंद कर दिया है। बच्चों की स्कूल फीस से लेकर दवाइयों तक के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ऑपरेटरों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक मनोज पारस ने तत्काल जल निगम और जल जीवन मिशन से जुड़े उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता की। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने वाले इन कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविलंब वेतन की फाइल क्लियर कर ऑपरेटरों के खातों में धनराशि भेजी जाए। विधायक ऑपरेटरों को ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि वह इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं। उन्होंने कहा आप लोग जनता को पानी पिलाने जैसा पुनीत कार्य कर रहे हैं, आपका हक आपको मिलना ही चाहिए। यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ, तो इस मामले को शासन स्तर पर पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। विधायक के भरोसे के बाद ऑपरेटरों ने राहत महसूस की।

इस मौके पर क्षेत्र के दर्जनों पानी की टंकी ऑपरेटर और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लापरवाह आशा बहुओं पर गिरेगी गाज

## संस्थागत प्रसव न कराने वाली 22 आशाओं को बर्खास्तगी का नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और संस्थागत प्रसव (सरकारी अस्पताल में डिलीवरी) के प्रति उदासीनता बरतने वाली आशा कार्यकर्ताओं के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कड़ा रुख अपना लिया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. विशाल दिवाकर ने आशा बहुओं की समीक्षा बैठक लेते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि जो आशाएं अपने क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं का सरकारी अस्पताल में प्रसव नहीं करा रही हैं, उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा।

बैठक के दौरान डा. दिवाकर ने पाया कि क्षेत्र की 22 आशाओं का रिपोर्ट कार्ड बेहद खराब है, जिनके द्वारा एक भी संस्थागत प्रसव नहीं कराया गया है। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने तत्काल इन सभी 22 आशाओं को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि अगले सात दिनों के भीतर इन आशाओं द्वारा संस्थागत प्रसव सुनिश्चित नहीं कराए जाते, तो उनकी सेवा स्थायी रूप से समाप्त कर दी जाएगी। डा. विशाल दिवाकर ने कड़े शब्दों में हिदायत दी कि यदि कोई भी आशा किसी गर्भवती महिला को निजी अस्पताल, अनरजिस्टर्ड क्लीनिक या झोलाछाप डॉक्टरों के पास ले जाती है, तो इसे गंभीर अपराध माना जाएगा। ऐसी स्थिति में न केवल संबंधित आशा की सेवा समाप्त की जाएगी, बल्कि उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर पुलिसिया कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

चिकित्सा अधिकारी ने आम जनमानस से भी अपील की कि वे प्रसव के लिए केवल सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर ही आएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अस्पताल में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स और अनुभवी डॉक्टरों द्वारा 24 घंटे निःशुल्क और सुरक्षित प्रसव की सेवाएं उपलब्ध हैं। किसी के बहकावे में आकर अपनी और नवजात की जान जोखिम में न डालें। समीक्षा बैठक के दौरान बीसीपीएम, बीपीएम, एआरओ सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। मुख्य रूप से स्टाफ नर्स स्वाति, पूजा, कीर्ति, बबीता और डा. सविता सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।


### सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र विरेन्द्र गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। अपनी पत्नी आरती के बहकाये सिखाये में आकर घर में लड़ाई झगड़ा करता है और यह दोनों मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इनकी हरकतों से तंग आकर मैंने अपने पुत्र विरेन्द्र व पुत्रवधू आरती से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है। **महावीर पुत्र मेघा निवासी ग्राम साबुवाला, थाना नगीना देहात, जिला बिजनौर**

### सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अभिषेक गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है। अभिषेक की हरकतों से तंग आकर मैंने उसे 6 माह पूर्व अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके उससे पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त कर लिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **ओमपाल पुत्र सुक्खन निवासी ग्राम नंदगांव, थाना शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**


# नगीना में भाजपा की जीत पर जश्न

## कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भाजपा शानदार सफलता और प्रचंड बहुमत से सरकार बनने की खुशी में नगीना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर उत्साह मनाया। प्रांतीय पार्षद (उत्तर प्रदेश भाजपा) रोहित कुमार रवि और पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम के आवास पर कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और जीत की बधाई दी।



इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रांतीय पार्षद रोहित कुमार रवि ने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव परिणाम पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों और राष्ट्रवाद की जीत है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, यह तो सिर्फ ट्रेलर है, असली पिक्चर अभी बाकी है। रवि ने विश्वास जताया कि साल 2027 के विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में भाजपा पुनः प्रचंड बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने नगीना की जनता का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में नगीना विधानसभा में भी श्कमलश खिलेगा और क्षेत्र की जनता भाजपा विधायक चुनकर विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगी। पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम ने कहा कि जनता ने विकास और सुशासन पर मुहर लगाई है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम से आज भाजपा हर घर तक पहुंच चुकी है। जश्न के दौरान भाजपा नेताओं और स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर खुशी का इजहार किया। इस खुशी के मौके पर मुख्य रूप से सक्रिय सदस्य भाजपा संतोष देवी, सुगम चंद (अध्यक्ष, अंबेडकर स्मारक समिति), कय्यूम राईन (जिला महामंत्री, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा), पूर्व सभासद तिलकराज, मंडल मंत्री सरदार हरमीत सिंह, मनोहर सिंह, प्रीतम सिंह, दीपक कुमार भाऊ, सत्यदेव सिंह, महिपाल सिंह, विकास कुमार, सनी कुमार, हिमांशु नंदा, अमन कुमार, अमोल कुमार सहित भारी संख्या में स्थानीय नागरिक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### सहमति पत्र

हम कि नरदेव सिंह पुत्र बदलू सिंह, नकुल कुमार, सहदेव सिंह पुत्रगण विजयपाल सिंह व ब्रह्मपाली पत्नी विजयपाल सिंह, निवासीगण मुस्तफाबाद उर्फ गदनपुरा, परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर उ.प्र.।

1. यह कि हम सभी सहखातेदार भूमि स्थित मौजा राजपुर परसू, परगना चांदपुर के गाटा सं. 34 मि. रकवई 3.6660 हे. व भूमि मौजा मुस्तफाबाद उर्फ गदनपुरा गाटा सं. 21 मि. रकवई 1.5530 हे. में सहखातेदार है। गाटा सं. 21 मि. में 35 वर्ष पुराने आम के पेड़ है।

2. यह कि हम सभी सहखातेदार आपसी स्वतंत्र सहमति व स्थिर बुद्धि की दशा में यह निर्णय लेते है कि उपरोक्त गाटा सं. 34 मि. व 21 मि. की भूमि में वेदपाल सिंह व हरपाल सिंह पुत्रगण बदलू सिंह, त्रिवेन्द्र सिंह व सुखवेन्द्र सिंह पुत्रगण सतपाल सिंह के द्वारा आम का बाग भरा गया है। जिससे हमें व हमारे वारिसान को कोई आपत्ति वर्तमान में नहीं है और न भविष्य में होगी।

3. यह कि भविष्य में हम इस आम के बाग के संबंध में कोई विवाद या दावा प्रस्तुत नहीं करेंगे और यदि हमारे वारिसान कोई विवाद या दावा प्रस्तुत करते है, वह मान्य नहीं होगा।

4. यह कि आम के पेड़ों, बाग का उपयोग एवं लाभ आपसी सहमति से वेदपाल सिंह, हरपाल सिंह, त्रिवेन्द्र सिंह व सुखवेन्द्र सिंह को प्राप्त होगा, इससे हमारा कोई मतलब नहीं होगा।

अतः यह सहमति पत्र आज दिनांक 19.03.2026 को रुबरु गवाहान लिख दिया ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत काम आवे।

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरे पड़ौस का सलीम अहमद उर्फ बोनी गोवा में मैकेनिक का कार्य करता है। मेरा लड़का मौ. उज्जाम भी मैकेनिक का काम सीखने के लिए उसके साथ गोवा में था। इसी बीच उसकी पत्नी जो तीन बच्चों की मां है ने मेरे पुत्र को प्रेम जाल में फंसा लिया और मेरे लड़के को जबरदस्ती अपने साथ निकाह करने के लिए तरह-तरह से विवश कर रही है। जिस कारण वह सलीम अहमद उर्फ बोनी की पत्नी उजमा परवीन से निकाह कर रहा है और किसी भी कीमत पर सुनवा नहीं है। जिस कारण मैंने व मेरी पत्नी ने खूब सोच समझकर तमाम रिश्तेदारों की मौजूदगी में अपने पुत्र उज्जाम की बदतमीजी व नाफरमानी को लेकर 06.04.2026 को आंक कर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके हर अच्छे बुरे कार्यों के लिए मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **फसीउर्रहमान पुत्र वसीउर्रहमान निवासी मौहल्ला शाहविलायत, कस्बा व थाना मण्डावर, जिला बिजनौर।**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र पिंटू कुमार उर्फ परवेन्द्र शराबी व जुआरी किस्म का व्यक्ति है। शराब व जुए की लत के कारण वह आये दिन अपने घर व अन्य घरों से सामान चोरी करके बेच देता है। जिससे आये दिन गांव वाले मेरे साथ लड़ाई झगड़ा करते रहते है। मैंने व मेरे परिवार वालों व रिश्तेदारों ने मेरे पुत्र पिंटू उर्फ परवेन्द्र को काफी समझाने का प्रयास किया। परन्तु वह सुनवा नहीं है और मेरे कहने सुनने में नहीं है। इस कारण मैं अपने पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके किसी अच्छे बुरे कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं होगा। **संतोष सिंह पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम रतुपुरा, पोस्ट हैजरपुर, परगना, तहसील व थाना नगीना, जिला बिजनौर।**

## एक नजर

### डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की बैठक



**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट में डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन धामपुर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भविष्य की व्यापारिक रणनीतियों, चुनौतियों और संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य डिस्ट्रीब्यूटरों के बीच समन्वय स्थापित करना और बदलते बाजार में व्यापार को सशक्त बनाना रहा। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न कंपनियों द्वारा डिस्ट्रीब्यूटरों के कथित उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त की और इस समस्या के समाधान के लिए सामूहिक रूप से आवाज उठाने का निर्णय लिया। साथ ही यह भी तय किया गया कि बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच ऐसा वातावरण बनाया जाए, जिससे किसी भी व्यापारी को नुकसान न हो। संगठन के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया, ताकि व्यापारिक हितों की रक्षा की जा सके। बैठक में संगठन के अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल सहित गौरव महेश्वरी, मनीष गर्ग, अंकुर गुप्ता, विवेक अग्रवाल, तनुज, सलीम अहमद, सुमित अग्रवाल, वेदांत अग्रवाल, आशु अग्रवाल, भूपेंद्र कुमार, मनोज बंसल, शुभम जैन व शेखर मित्तल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी सदस्यों के सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

### नौकरी का झांसा देकर शोषण, गिरफ्तार



**धामपुर।** पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर एक युवती के साथ शारीरिक शोषण करने और आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दो मई को पीड़िता द्वारा थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि ग्राम मिलक मुकीमपुर निवासी शीशपाल पुत्र बीरेंद्र सिंह ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसकी निजी वीडियो बनाकर वायरल कर दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने आज आरोपी शीशपाल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार, उपनिरीक्षक यशवीर सिंह तथा कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन या झांसे में न आएं और ऐसी घटनाओं की तुरंत सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल



**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेहड़ क्षेत्र में आज दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम भागीजोत निवासी लाखन सिंह अपने पुत्र दिलावर सिंह के साथ दवाई लेने के लिए जसपुर जा रहे थे। जैसे ही वे देहलावाला-रेहड़ बस स्टैंड के समीप पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए कार चालक की मदद से दोनों घायलों को जसपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। इस संबंध में रेहड़ थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों ने चिंता बढ़ा दी है। तेज रफ्तार और हेलमेट का उपयोग न करने जैसी लाप. रवाही के कारण दोपहिया वाहन चालक आदि दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। यातायात नियमों का पालन ही ऐसे हादसों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

### जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**स्योहारा।** नगर पालिका सभागार में जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन जिला जनगणना प्रभारी जेपी यादव ने व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य संपादन करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में पालिका ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने जनगणना कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। जिसे पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण सत्र में फील्ड ट्रेनर विवेक बंसल, अनुराज सहित अन्य अधिकारियों ने भी कर्मचारियों को तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। इस मौके पर एमपी इंटर कॉलेज के एनसीसी लेफ्टिनेंट कर्नल यूनुस चौधरी समेत पालिका एवं जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना कार्य को सुचारू त्रुटिरहित एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराना रहा।

# सपा जिलाध्यक्ष हनी का स्वागत

## जनपद की सभी सीटों पर सपा भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल के पहली बार धामपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सपा नेता नाजिम अहमद के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष को फूल-मालाओं से लादकर अभिनंदन किया और पार्टी के समर्थन में नारे लगाए।

इस मौके पर नाजिम अहमद ने कहा कि हनी फैसल के नेतृत्व में जनपद का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट होकर 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा को मजबूत करेगा और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य हासिल करेगा।

जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि पार्टी जनपद में सक्रिय रूप से काम करते हुए हर वर्ग की आवाज बनेगी और संगठन को नई मजबूती दी जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान शाह टाइम्स से विशेष बातचीत में हनी फैसल ने पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि 'बंगाल चुनाव की असली तस्वीर सामने आने में अभी समय लगेगा।' उन्होंने 2027 के चुनाव को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि जनपद की सभी सीटों पर सपा भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने युवाओं में उत्साह भरते हुए पार्टी की आगामी रणनीतियों के संकेत भी दिए और कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# कुत्तों के हमले में बुजुर्ग गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में आवारा जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती देर शाम एक आम के बाग में रखवाली कर रहे बुजुर्ग पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने शोर सुनकर किसी तरह वृद्ध को कुत्तों के चंगुल से बचाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम `मेघपुर निवासी 75 वर्षीय जहीरूद्दीन पुत्र नूर मौहम्मद ग्राम शिवपुरी के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित मेहंदी हसन के आम के बाग में रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान अचानक कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया और उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया।

बुजुर्ग की चीख-पुकार सुनकर आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने कुत्तों को भगाया और उनकी जान बचाई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया। डा. मोहित कुमार और फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि कुत्ते के काटने से घायल जहीरूद्दीन को एंटी-रेबीज इंजेक्शन देकर प्राथमिक उपचार किया गया। करीब दो घंटे तक निगरानी में रखने के बाद उनकी हालत स्थिर होने पर उन्हें घर भेज दिया गया।

गौरतलब है कि अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में कुत्तों, बंदरों और गुलदार के हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। बावजूद इसके, इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

# उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

## ढैंचा बीज पर मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान: जिला कृषि अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों के संतुलित उपयोग विषय पर एक वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के प्रगतिशील किसानों, इनपुट डीलर्स और कृषि विभाग के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते इस्तेमाल को कम कर मिट्टी की सेहत को सुधारना रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष रूप से भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम मौजूद रही। टीम के सदस्यों डा. आरएसएच श्रीवस्त, डा. एस बरुआ एवं श्री देवदत्त ने प्रतिभागियों के साथ सीधा संवाद किया। मंत्रालय की टीम ने जनपद में उर्वरकों की अधिक खपत के कारणों को जानने के लिए एक विस्तृत सर्वे किया। विशेषज्ञों ने किसानों से पूछा कि वे किस आधार पर उर्वरकों का चयन करते हैं और संतुलित उपयोग में उन्हें क्या बाधाएं आ रही हैं।

जिला कृषि अधिकारी जसवीर तेवतिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए जैविक खेती और हरी खाद को बढ़ावा देना अनिवार्य है। उन्होंने घोषणा की कि विभाग इस वर्ष 500 कुंतल से अधिक ढैंचा बीज किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराएगा। इसके अतिरिक्त, विभाग द्वारा राइजोबियम कल्चर, एजोटोबैक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसानों के खेतों पर ही जैविक खाद उत्पादन और वर्मी कम्पोस्ट इकाई की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डा.केके सिंह ने बताया कि केवीके की टीम वर्तमान में आईसीएआर, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ, गन्ना विभाग और कृषि विभाग के साथ मिलकर एक साझा अभियान चला रही है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य गन्ने और खाद्यान्न फसलों में उर्वरक प्रबंधन को वैज्ञानिक तरीके से लागू करना है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने धान, गेहूं और गन्ना जैसी मुख्य फसलों के लिए उर्वरक उपयोग का एक श्संतुलित चार्टश साझा किया। किसानों को सिखाया गया कि वे अपने ही खेत पर 'अजोला' और उच्च गुणवत्ता वाली प्राकृतिक खाद कैसे तैयार कर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी कि यदि अभी उर्वरकों का संतुलित प्रयोग शुरू नहीं किया गया, तो आने वाले समय में मिट्टी बंजर होने की कगार पर पहुंच सकती है।

## पुलिया निर्माण के चलते 7 दिन मार्ग रहेगा अवरुद्ध

**धामपुर।** नगर पालिका की ओर से ईकड़ा नाला की पुलिया पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। जो शीला टॉकीज व स्योहारा चुंगी वाले मार्ग के बीच में पड़ती है। निर्माण कार्य के चलते आगामी सात दिनों तक यह मार्ग अवरुद्ध रहेगा। मछली बाजार व स्योहारा चुंगी से होकर शीला टॉकीज की तरफ जाने वाले लोग इस मार्ग का प्रयोग ना करके, वैकल्पिक मार्ग के रूप में न्यू स्टेट बैंक कॉलोनी व सेंट मैरी रोड की तरफ जाने वाले मार्ग का प्रयोग कर सकते हैं। जिससे उन्हें परेशानी ना हो, पुलिया निर्माण से जल भराव व अन्य समस्याओं का जल्द समाधान होगा। चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह एवं ईओ रविशंकर शुक्ला द्वारा यह जानकारी दी गई।

## सेल्समैन पर जानलेवा हमला

**अफजलगढ़।** ड्यूटी से लौट रहे पेट्रोल पम्प सेल्समैन पर युवकों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम अलियारपुर निवासी अग्रिम कुमार सिंह सुआवाला पेट्रोल पंप पर काम करता है। रात करीब नौ बजे जब वह ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। बताया गया कि हमलावरों ने लोहे की रॉड से अग्रिम पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे बचाया। परिजन उसे अस्पताल ले गए। हमलावरों की पहचान आलमपुर गांवड़ी निवासी अश्वनी कुमार, हिमांशु, सौरव और दिशांत कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि पीड़ित के पिता रामलाल सिंह की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 131 और 115(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

# विकासात्मक प्रोजेक्ट का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मधुर मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी इंटरनेशनल ग्रांट के अंतर्गत लगभग 33 लाख रुपए की लागत से पूर्ण हुए विकासात्मक प्रोजेक्ट का भव्य उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी मंडल अध्यक्ष सत्र 2024-25 दीपा खन्ना अनिल खन्ना मंडल असिस्टेंट गवर्नर सुशील साहू पीडीजी एवं डीआरएफसी ललित मोहन गुप्ता तथा मंडल पदाधिकारी चक्रेश लोहिया द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक आलोक अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल एवं मेहराजुद्दीन सहित रोटरी क्लब के संरक्षक एवं चीनी मिल के महाप्रबंधक सुखवीर सिंह, क्लब अध्यक्ष शोभित जैन तथा मंडल पदाधिकारी केपी पुष्पक ने अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का भी विधिवत उद्घाटन किया गया। मंडल अध्यक्ष दीपा खन्ना एवं डीआरएफसी ललित मोहन गुप्ता की टीम ने विद्यालय में स्थापित कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, गर्ल्स टॉयलेट एवं सोलर सिस्टम का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से संवाद किया। मंडल अध्यक्ष दीपा खन्ना ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य सेवा एवं सर्वकल्याण की भावना के साथ समाज के हर वर्ग के विकास में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। यह प्रोजेक्ट रोटरी क्लब स्योहारा द्वारा नेपाल के सहयोग से पूर्ण कराया गया है।

## एक नजर

### तीन वाहनों से बैटरी व डीजल चोरी

**नजीबाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम चंदनपुरा मथुरापुर मोर निवासी मौ. आदिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके प्लॉट पर ट्रांसपोर्ट कार्यालय बना हुआ है, जहां उसके व परिवार के डम्पर खड़े रहते है। जिस समय चौकीदार कार्यालय में सो रहा था, इसी दौरान वहां खड़े तीन वाहनों से चोरों ने बैटरे व हजारों रुपए का डीजल चोरी कर लिया। सीसीटीवी कैमरे में तेल चोरी होते देख कर उन्हें घटना का पता चला। चौकीदार ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया। मगर वह वहां से भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर मंडावली क्षेत्र के मीरमपुर बेगा में चोरों ने चार किसानों के ट्यूबवैलों से हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। चोरों ने मोहसिन, अरशद, फुरकान, युनूस के ट्यूबवैल से हजारों का सामान साफ कर दिया। चोरों ने कांठपुर अड्डे पर वसीम की मिठाई के दुकान के ताले तोड़ कर वहां से हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया।

### गन्ने के कोल्हू में आग लगी



**नजीबाबाद।** सराय आलम ग्राम में नहर किनारे स्थित एक गन्ने के कोल्हू में भीषण आग लग गई। आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते इसने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही नजीबाबाद फायर स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर सर्विस यूनिट ने पाया कि कोल्हू पर जमा गन्ने की खोई (बगास) में आग लगी थी, जिसके कारण आग तेजी से फैल रही थी। आग की गंभीरता को देखते हुए, अग्निशमन केंद्र प्रभारी एस. जादौन के नेतृत्व में टीम ने मोर्चा संभाला। आग बुझाने के लिए मोटर फायर इंजन से तीन होज पाइप और एक होजरील का उपयोग किया गया। फायर कर्मियों की घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस अग्निकांड में गन्ने की खोई जलकर नष्ट हो गई। हालांकि, कोई जनहानि या बड़ी क्षति नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल पर पीआरवी 2431 और थाना नांगल पुलिस भी मौजूद रही, जिन्होंने व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया।

### अस्थमा से बचाव की जानकारी दी

**बिजनौर।** अस्थमा एक वायुमार्ग को प्रभावित करने वाली बीमारी है। अस्थमा के मरीजों में फेफड़ों में सूजन और संकुचन होती है। अस्थमा के मरीजों में आक्सीजन फेफड़ों तक नहीं पहुंच पाती है। क्योंकि अस्थमा में फेफड़ों में सूजन आ जाती है। अस्थमा के मरीजों में छाती में जकड़न, घबराहट, सांस फूलना, खांसी, ठण्डी हवा में सांस लेने में दिक्कत यह सब हो सकता है। अस्थमा कई अलग-अलग कारणों जैसे एलर्जी, धूआं, सिगरेट का धूआं, मौसम, वायु प्रदूषण, ठण्डी हवा के सम्पर्क में आने से विकसित हो सकता है। अस्थमा से बचाव के लिए अस्थमा के मरीजों को बारिश व सर्दी से ज्यादा धूल भरी आंधी से बचना चाहिए। घर से निकलने पर मास्क लगा कर निकलें। यह जानकारी टी.बी. एण्ड चैस्ट डिपार्टमेन्ट मेडिकल कॉलेज के डॉ. अभिषेक चौधरी ने दी।

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता आठ व नौ को

**बिजनौर।** बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन की बैठक एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी के आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार 16 वर्ष तक के बालक वर्ग की जिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता बिजनौर पब्लिक स्कूल में कराने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता 8 एवं 9 मई को प्रात: 8.30 बजे से कराई जाएगी। यह प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी, इस प्रतियोगिता में वे ही बालक खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनका जन्म 1 जनवरी 2010 को या उसके बाद हुआ होगा। प्रतियोगिता सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं। बैठक में सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। मीटिंग में प्रदीप सेठी, अचल सिंह, आदेश दाहिमा (मोनू), अजय वत्स, गोपाल त्यागी, मौहम्मद राशिद, हेमंत त्यागी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### श्रद्धापूर्वक प्रसाद का वितरण



**धामपुर।** ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार के अवसर पर एसडीएम कार्यालय परिसर के बाहर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, राजस्व विभाग के कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया और समाज में शांति व सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया गया। यह आयोजन एसडीएम कोर्ट के कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं के सहयोग से किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विनियमित क्षेत्र के लिपिक योगेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है और हर वर्ष ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरण किया जाता है। कार्यक्रम में उपजिला ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, पेशकार पुनीत कुमार, स्टेनो कुलदीप कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सैनी सहित बाबू राजपाल सिंह, बाबू गजेंद्र सिंह, बाबू विनय कुमार गुप्ता, उमाशंकर शर्मा, सत्येंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह एड., सुरेंद्र सिंह समेत अनेक अधिवक्ता व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बुखार का कहर, कई बीमार

**नांगल सोती।** बुखार फैलने से कई लोग चपेट में है। अधिकांश मरीज घरों पर ही चिकित्सकों से उपचार करा रहे हैं। नांगल सोती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, खानपुर, मायापुरी, हरचंदपुर आदि गांव जुड़े हैं। पिछले कई दिनों से बुखार, सर्दी, खांसी, जुकाम की बीमारी ने क्षेत्र में पैर पसार रखे हैं। बुखार से पीड़ित सुनील कुमार, राहुल, कविता, वंश, गोविंद सहित लोग बीमारी की चपेट में है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी अधिकांश बुखार से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। जबकि कई मरीज घरों पर ही प्राइवेट चिकित्सकों से उपचार करा रहे हैं। ग्रामीणों मुकेश, गोपाल, देवेंद्र कुमार, गौतम आदि ने स्वास्थ्य विभाग से क्षेत्र में शिविर लगाने की मांग की है। उधर चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीबाबाद के प्रभारी डॉ. अंकित चौधरी का कहना है कि वायरल फीवर चल रहा है, जल्द ही क्षेत्र में टीम भेजकर मरीजों की जांच कराई जाएगी।

# भगवान कल्कि की पूजा कर डीएम ने लिया कोषागार का चार्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नवागत जिलाधिकारी ने पदभार ग्रहण करने से पूर्व आस्था के साथ कल्कि मंदिर में पूजा अर्चना की। तत्पश्चात वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय पहुंचकर औपचारिक रूप से चार्ज ग्रहण किया। इस दौरान उनका बुके देकर स्वागत किया।

### ० पत्रकारों से वार्ता कर गिनाई प्राथमिकताएं

नगर आयुक्त आगरा से स्थानांरित होकर आए जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल पुरानी तहसील स्थित कोषागार कार्यालय में चार्ज ग्रहण कर कार्यकाल शुरू करने से पूर्व कोटपूर्वी स्थित कल्कि विष्णु मंदिर पहुंचे। नवागत जिलाधिकारी ने धार्मिक आस्था के साथ पूजा अर्चना की और मंदिर का भ्रमण किया। तत्पश्चात पुरानी तहसील स्थित कोषागार पहुंचकर कागजी कार्यवाही पूरी कर चार्ज ग्रहण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि सम्भल एक ऐतिहासिक शहर है और कल्कि धाम इसकी पहचान है, इसलिए उन्होंने यहीं से अपने कार्यकाल की शुरुआत करने का निर्णय लिया। उन्होने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को जमीन पर उतारना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। विशेषकर राजस्व वादों का त्वरित निस्तारण, लंबित मामलों को खत्म करना, चल रहे विकास कार्यों को गति देना है। उन्होने कानून व्यवस्था और योजनाओं पर कहा कि पहले जिले की स्थानीय समस्याओं और चुनौतियों को समझा जाएगा, उसके बाद एक-एक कर समाधान कराया जाएगा। साथ ही सरकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। नवागत जिलाधिकारी ने सम्भल की संवेदनशील छवि पर बोलते हुए कहा कि 24 नवंबर 2024 की हिंसा और उसके बाद हुए बदलावों पर काफी काम हुआ है जबकि कई योजनाएं अभी भी जारी हैं। इन सभी कार्यों को आगे बढ़ाते हुए शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार विकास को गति दी जाएगी। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम निधि पटेल, नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।





सम्भल। कोषागार में चार्ज ग्रहण करने से पूर्व भगवान कल्कि के दर्शन कर ध्यान मुद्रा में नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुरानी तहसील स्थित कोषागार का चार्ज ग्रहण करते।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस ट्रक से टकराई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गंगा एक्सप्रेसवे पर सुबह-सवेरे भीषण हादसा हो गयाा। खड़े से डबल डेकर बस टकराने से हड़कम्प मच गया। हादसे में दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए बहजोई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। गम्भीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया।

मंगलवार डबल डेकर बस लुधियाना से सवारियों को लेकर आ रही थी। बस गंगा एक्सप्रेसवे पर सम्भल और बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र की सीमा पर, चंदौसी टोल प्लाजा के पास पहुंची। सुबह करीब 8 बजे खड़े ट्रक से टकरा गयी। बताते हैं बस लुधियाना से बदायूं, हरदोई और उन्नाव के लिए जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में खड़े ट्रक से उसकी जोरदार टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसमें बैठे करीब यात्री 25 से 30 गंभीर रूप से घायल हो गए। गंगा एक्सप्रेसवे पर बस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच गयी। टीमों ने आनन-फानन में सभी घायलों को बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। घायल यात्रियों का आरोप है कि बस चालक ने रास्ते में 2-3 जगह रुककर शराब का सेवन किया था। जबकि बस पहले भी 2 बार खराब हो चुकी थी। चालक बस को बहुत धीमी गति से चला रहा था, तभी अचानक ट्रक से टक्कर हो गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चालक को हल्की झपकी आ गई, जिसके कारण बस ट्रक से टकरा गई. हादसे में लगभग 26 से 27 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जबकि 10 से 12 घायलों का इलाज बहजोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है. बाहर के यात्रियों को उनके घर भेजने की भी व्यवस्था की जा रही है।

### ०बस में सवार दो दर्जन से अधिक यात्री घायल, गम्भीर घायलों को जिला अस्पताल किया गया रैफर, मौके पर पहुंची पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम

# स्मार्ट मीटर पर आम आदमी पार्टी की जीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** स्मार्ट मीटर को प्रीपेड खत्म कर पोस्टपेड करने पर इसे आम आदमी पार्टी की जीत बताया और मिष्ठान का वितरण किया। साथ ही अभी इसे अधूरी जीत भी बताया।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आतिर हुसैन के कउनके नेतृत्व में 3 मई को स्मार्ट मीटर व बिजली समस्याओं के खिलाफ बिजलीघर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था। यह प्रदर्शन राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश में आयोजित किए गए थे। आम आदमी पार्टी और उत्तर प्रदेश की जनता के संघर्ष की बदौलत स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता की जेब पर डाका डालने की साजिश को बड़ा झटका लगा है। हालांकि यह सिर्फ अधूरी जीत है। मीटर को प्रीपेड से पोस्टपेड करना कोई स्थायी समाधान नहीं है। जब तक उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के जरिए जनता का आर्थिक शोषण पूरी तरह बंद नहीं होता, तब तक आम आदमी पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। स्मार्ट मीटर के खिलाफ पहली जीत की खुशी में आम आदमी पार्टी, सम्भल के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अयूब और सैयद दानिश ने बदायूं दरवाजा, चौधरी सराए में मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

# हाईटेंशन लाइन काटकर टुकड़े कर कबाड़ी को बेचते था गिरोह

### ०पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार नकदी और चोरी किया माल व मोबाइल और कार बरामद, पुलिस अधीक्षक ने किया गिरोह का खुलासा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हाईटेंशन लाइन का तार चोर गिरोह का पुलिस ने भंडफोड़ किया है। गिरोह के दो साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के कब्जे से दो लाख से अधिक का चोरी का माल और मोबाइल व वाहन बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने घटना का अनावरण किया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देश पर अपराधियों की धर पकड़ को चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बहजोई पुलिस अपराधियों और वांछितों की तलाश में जुटी थी। इस दौरान को पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने हाईटेंशन लाइनों से तार चोरी करने वाले गिरोह के दो लोगों को धर दबौच लिया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी लंबे समय से सुनसान इलाकों में हाईटेंशन लाइन के तार काटकर चोरी कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपी रात के अंधेरे में सुनसान जगहों पर पहुंचकर हाईटेंशन लाइन के तार काटते थे। इसके बाद चोरी किए गए तारों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर कबाड़ियों को बेच देते थे। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी दिल्ली और आसपास के इलाकों में भी इस तरह की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।एसपी ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को ग्राम बिसारू और राजपुर के बीच पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। इनके पास से करीब 13 बंडल लगभग 215 किलोग्राम बिजली एल्यूमीनियम तार, 2,52,000 नकद, 2 मोबाइल फोन, और घटना में प्रयुक्त एक कार को बरामद किया है। एसपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम एवं अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का दावा है कि गिरोह काफी समय से सक्रिय था और लगातार बिजली विभाग को नुकसान पहुंचा रहा था।



सम्भल- हाईटेंशन लाइन के तार चोर गिरोह का खुलासा करते एसपी के के विश्नोई।

# वंश गोपाल तीर्थ के विकास के लिए 4.5 करोड़ मंजूर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को गति देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार सम्भल को अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज और मथुरा के बाद नए तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी में सम्भल के 24 परिक्रमा मार्ग स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल वंश गोपाल तीर्थ के पर्यटन विकास के लिए 4.50 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी देते हुए, 3.37 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की गई है।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप वंश गोपाल तीर्थ धाम सहित सम्भल के प्राचीन विरासत-धरोहरों का संरक्षण और पर्यटन विकास तीव्र गति से किया जा रहा है। बेनीपुर चक स्थित प्राचीन वंश गोपाल तीर्थ से ही 24 कोसी परिक्रमा यात्रा शुरू होकर, वापस यहीं संपन्न होती है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के तहत सम्भल के प्राचीन तीर्थों, कूपों और मनोकामना मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों का विकास कराया जा रहा है। इन प्रयासों से न केवल क्षेत्र की धार्मिक महत्ता सुदृढ़ हो रही है, बल्कि जनपद की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान भी मिल रही है।जबकि वंश गोपाल तीर्थ के विकास कार्यों पर व्यापक स्तर पर धनराशि खर्च की जाएगी। परियोजना के तहत सामने की ओर स्वागत द्वार के निर्माण पर 31.67 लाख रुपए और पीछे की ओर 15.60 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। साथ ही मल्टीपरपज हॉल के भूतल और प्रथम तल के निर्माण पर 95.67 लाख रुपए, श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए यात्री शेड पर 25 लाख रुपए, शौचालय परिसर पर करीब 26 लाख रुपए तथा चेंजिंग रूम के निर्माण पर 7.42 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

## रूकमणी संग यहीं ठहरे थे श्रीकृष्ण

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** वंश गोपाल तीर्थ को लेकर प्रचलित मान्यता इसे द्वापर युग से जोड़ती है। कहा जाता है कि लगभग 5000 वर्ष पूर्व जब भगवान श्री कृष्ण देवी रुक्मिणी का हरण कर ले जा रहे थे, तब वे यहीं कदंब के वृक्ष के नीचे ठहरे और विश्राम किया। इसी दौरान उन्होंने देवी रुक्मिणी को कलयुग में भगवान श्री कल्कि के रूप में सम्भल में अवतार लेने का संकेत दिया। मान्यता है कि इसके बाद ब्रह्मा ने यहां गोपालेश्वर महादेव की स्थापना कर इस स्थान को तीर्थ रूप में प्रतिष्ठित किया और परिक्रमा प्रारंभ करने वाले श्रृद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद दिया। यही कारण है कि संभल की प्रसिद्ध तीर्थ परिक्रमा वंश गोपाल मंदिर से शुरू होकर अंत में यहीं आकर पूरी होती है।

## धार्मिक पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित होगा सम्भल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि प्रदेश सरकार सम्भल को प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि 24 कोसी परिक्रमा और कल्कि तीर्थ क्षेत्र को एक सशक्त धार्मिक पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जाएगा। परियोजना के तहत 68 तीर्थ स्थलों, 19 महा कूपों और 5 प्रमुख तीर्थों के संरक्षण एवं पुनरुद्धार का कार्य होंगे। इसके साथ ही संभल के मंदिरों, कुंडों और प्राचीन कुओं के जीर्णोद्धार के साथ अन्य आधारभूत विकास कार्य भी कराए जाएंगे।

## एक नज़र इधर भी

### प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था खत्म होने से मिली राहत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता परेशान थे। जगह जगह शिकायतों के साथ प्रदर्शन हो रहे थे। अब ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की व्यवस्था खत्म कर दी। अब सभी स्मार्ट मीटर पोस्टपेड की तरह काम करेंगे। तकनीकी दिक्कतों और उपभोक्ताओं की शिकायतों के चलते यह कदम उठाया गया। अब महीने का बिल एस एम एस/व्हाट्सएप पर आएगा और 10 दिन में जमा करना होगा। महीनेभर के अंदर बिजली नहीं कटेगी। पुराना बकाया 10 किस्तों में दे सकेंगे। घरों में प्रीपेड मीटर लगे थे। तेज बिल और अचानक कटौती से लोग परेशान थे। उपभोक्ता परिषद के विरोधा के बाद सरकार ने फैसला बदला। क्षेत्र के उपभोक्ताओं आनन्द प्रकाश, कल्लू, निहाल, सुरेश कुमार, विनोद कुमार, अमित कुमार आदि ने इसको सही निर्णय बताया है।

### मंगलवार को सुबह से मौसम रहा सुहावना

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मंगलवार को सुबह से ही मौसम सुहावना रहा। आसमान में बादल छाए रहने से लोगों को चिलचिलाती धूप से राहत मिली। जबकि देर दोपहर धूप निकलने पर मामूली गर्मी का अहसास हुआ। सांय होते ही वातावरण में ठंडक महसूस हुई। जबकि अचानक बदलाव की संभावना के साथ तेज हवाओं के साथ बारिश होने की भी सम्भावना जतायी जा रही है। जिससे तापमान में गिरावट आएगी और उमस से राहत मिलेगी।

### छाए काले बादल गर्मी से राहत

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मई की तपती दोपहरी में क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह से ही आसमान में काले-घने बादलों का डेरा रहा। सूरज बादलों की ओट में छिपा रहा और पारा लुढ़क गया। पिछले एक हफ्ते से 42 डिग्री की आग उगल रही गर्मी से बेहाल लोग आज 22 डिग्री में चैन की नींद सोए। बाजारों में दोपहर को भी चहल-पहल दिखी। ठेले-खोमचे वालों के चेहरे खिल उठे। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया है। खेतों में खड़ी मक्का की फसल और भूसा भीगने के डर से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। अगर पानी गिर गया तो मेहनत पर पानी फिर जाएगा। स्थानीय मौसम केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जिले में 5 और 6 मई को 30-40 किमी की रफ्तार से आंधी और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं। फिलहाल लोग बादलों को देखकर खुश भी हैं और डरे भी। गर्मी से राहत मिली तो सही, पर आसमान में मंडरा रहा ये काला साया कहीं तबाही न ला दे।



बबराला-स्थानांतरित डीएम राजेन्द्र पैंसिया को विदाई देते।

### फूलमाला पहनाकर जिलाधिकारी की विदाई

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के अध्यक्ष अतुल गोयल के सुपुत्र कार्तिक गोयल व पुरोहित सत्यम मिश्रा ने सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैसिया के जनपद मुरादाबाद स्थानांतरण होने पर एक विदाई कार्यक्रम के आयोजन में श्रीमद्भागवत गीता,पुष्प गुच्छ देकर और पटका पहनाकर विदा किया। कार्तिक गोयल ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, प्रशासनिक कार्यों के प्रभावी संचालन एवं जनहित में किए गए सराहनीय कार्यों हेतु आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व, समन्वय क्षमता एवं जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की गई।

### पूर्व अध्यक्ष की जयंती पर होगा हवन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भारत के पूर्व केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष किसानों के मसीहा चौधरी अजित सिंह की 5 वी पुण्यतिथि पर चौधरी चरण सिंह पार्क हल्लू सराय में सुबह 09 बजे हवन कर श्रृद्धांजलि अर्पित की जाएगी एवं विचार गोष्ठी की जाएगी। जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास ने पूर्व विधायक व प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों से पार्क पहुंचने का आहवान किया।

# जनगणना के प्रशिक्षण से 80 प्रशिक्षु रहे गैर हाजिर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों हेतु 34 बैचों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उक्त प्रशिक्षण में नामित कुल 1557 कार्मिकों के सापेक्ष 1477 कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की, जबकि 80 प्रशिक्षु अनुपस्थित रहे। फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित प्रश्नावली के प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, 07 मई, 2026 से प्रारम्भ होने वाले स्व-गणना अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विस्तृत कार्ययोजना से भी अवगत कराया। तथा इसे जन-जन तक पहुँचाने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित तहसीलों के तहसीलदार/अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अपर जिलाधिकारी (वि.रा), सम्भल, प्रदीप वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कार्मिकों के विरुद्व संबंधित विभागों को आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु अलग से पत्र प्रेषित किया जाएगा।

# संकीर्ण परिभाषा से ऊपर उठकर जीवन में अपनाना चाहिए राष्ट्र, समाज और परिवार भक्ति

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गीता ज्ञान यज्ञ के पॉचवे दिन श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 11 'विश्व रूप दर्शन योग का श्रृद्धालुओं को श्रवण कराया गया।

हयात नगर में चल रही श्रीमदभागवत कथा के पांचवे दिन गीता व्यास स्वामी कृष्णानंद महाराज ने भगवान के विराट स्वरूप का अत्यंत भावपूर्ण और गूढ़ वर्णन करते हुए कहा कि यह संपूर्ण सृष्टि ही भगवान का प्रत्यक्ष विश्वरूप है। उन्होने कहा कि यह संसार जिसमें व्यक्ति का परिवार, समाज, प्रदेश, राष्ट्र तथा समस्त जड़-चेतन जगत सम्मिलित हैं। भगवान के विराट स्वरूप का ही विस्तार है। इसलिए इस सृष्टि के प्रति हमारा कर्तव्य, सेवा और संरक्षण ही वास्तविक ईश्वर भक्ति है। उन्होने भक्ति के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि सच्चा भक्त वह होता है जो निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करता है और अपने कर्मो को लोक कल्याण के लिए समर्पित करता है। उन्होंने वर्तमान समय की प्रवृत्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भक्ति को केवल भजन-कीर्तन और मंदिर दर्शन तक सीमित कर दिया गया है, जबकि वास्तविक भक्ति इससे कहीं व्यापक है। उन्होंने उपस्थित श्रृद्धालुओं का आहवान करते हुए कहा कि हमें भक्ति की संकीर्ण परिभाषा से ऊपर उठकर 'राष्ट्र भक्ति, समाज भक्ति और परिवार भक्ति' को भी अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कर्मयोग के माध्यम से इन सभी आयामों का समावेश ही मानव जीवन को सार्थक बनाता है। इस मौके पर श्रृद्धालुओं ने भक्ति, ज्ञान और कर्म के इस समन्वित संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। गीता ज्ञान यज्ञ का यह आयोजन निरंतर समाज में आध्यात्मिक जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रहा है।

## अधिकारियों की बैठक लेकर डीएम ने दिए निर्देश

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नवागत जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय अधिकारी उप जिलाधिकारी तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के साथ जनपद की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास कार्य एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने अधिकारियों से परिचय लिया। उन्होंने जनपद के विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने विभाग से संबंधित प्रमुख योजनाओं जिनकी शासन के द्वारा समीक्षा की जाती है उनकी पीपीटी तैयार करें। विभाग से संबंधित जनपद की उपलब्धियां एवं विभाग से संबंधित लंबित समस्याएं क्या हैं उनको लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी ली।

## शिक्षामित्रों के बढ़े मानदेय का सजीव प्रसारण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शिक्षामित्रों के बढ़े हुए मानदेय के भुगतान/वितरण का शुभारम्भ एवं शिक्षा मित्रों के सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण पंचायत भवन सभागार में किया गया। शिक्षा मित्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर प्रदेश सरकार द्वारा 18 हजार कर दिया गया है। शिक्षामित्रें का 1999 में चयन हुआ था, तब 3500 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिल रहा था, पूर्व की सरकारों ने शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाने के संबंधा में कोई बात नही की, किन्तु वर्तमान प्रदेश सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18000 कर दिया है और शिक्षामित्रों के लिए नि:शुल्क इलाज हेतु 5 लाख रुपये तक की कैशलैस सुविधा भी प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई है।

# भाजपा की प्रचंड जीत पर मनाया जश्न

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** कस्बा गुन्नौर के मोहल्ला सराय में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जीतने पर खुशी मनाई। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भाजपा के नेता कुमोद वार्ष्णेय के निजी आवास पर भाजपाइयों ने एक सौहार्दपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसमें हाल ही में हुए पश्चिम बंगाल पांडिचेरी असम में विधान सभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव परिणाम में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत होने पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी व्यक्त की। इस मौके पर भाजपा नेता कुमोद वार्ष्णेय,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुन्नौर इंदीवर सिंह, जूलियस सीजर, राहुल कुमार, हर्षित वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे। उधर गुन्नौर नगर पंचायत अध्यक्ष खशब प्रजापति के आवास पर भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत के साथ जीत पर कार्यकर्ता ने मिठाई एवं आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेंद्र प्रजापति,महिपाल बघेल, रवि कुमार, सोमवीर सिंह आदि रहे। नगर बबराला में भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल के आवास पर हर्ष व्यक्त किया गया।



बबराला- भाजपा की जीत पर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाते कार्यकर्ता।

# गैस संकट पर सेना कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आजाद अधिकार सेना पार्टी ने देश में गहराते गैस संकट और लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

आज़ाद अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव खिजर गौस ज्ञापन में देश में गैस की भारी कमी, आपूर्ति में बाधा, लंबी वेटिंग और व्यापक स्तर पर हो रही कालाबाजारी को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। खिजर गौस ने कहा कि वर्तमान में न केवल गैस की कमी है, बल्कि व्यावसायिक सिलेंडरों की कीमतों में भी कमरतोड़ बढ़ोत्तरी हुई है। मई 2026 में 19 किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 933 और 5 किलोग्राम के छोटे सिलेंडर में 261 की वृद्धि ने आम आदमी और छोटे व्यापारियों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की खराब योजना, बफर स्टॉक की कमी और दूरदर्शिता के अभाव के कारण देश आज ऊर्जा संकट की कगार पर खड़ा है। आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने सरकार से तत्काल इस मामले पर श्वेत पत्र जारी करे और पारदर्शी तरीके से जनता को हकीकत बताए। साथ ही, गैस आपूर्ति को सुचारू बनाने के लिए एक सर्वदलीय समिति का गठन करने और कालाबाजारी पर तुरंत लगाम लगाने की मांग भी की गई। इस कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष जरीफ मिर्जा, पराग गर्ग, फैजान, डा. शाहनवाज चौहान, नौशाद शेख, गुलाम रब्बानी, अरमान सैफी, दीपक कुमार, मनोज, मोहसिन और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गैस की कीमतों को नियंत्रित नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे।



# मुगलपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में चरस के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मुगलपुरा पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 480 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है।पुलिस के अनुसार मंगलवार को थाना मुगलपुरा पर पंजीकृत मुकदमे के आरोपी सुबहान पुत्र राशिद निवासी वारसीनगर गली नंबर 3, थाना मुगलपुरा, जनपद मुरादाबाद की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर सुनीता दहिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के. के. राणा के नेतृत्व में संचालित किया गया।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी सुबहान को 480 ग्राम नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है।



उसके खिलाफ पूर्व में जुआ अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट तथा आर्म्स एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं, जो उसके आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने की पुष्टि करते हैं।इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मजहर रिहान, हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार, हेड कांस्टेबल गुलाम मुस्तफा बेग और कांस्टेबल राहुल अहलावत शामिल रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो का चालान, बाकी फरार



**कांठ( शाह टाइम्स )** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई पुलिस ने इस मामले में कई को नाम जद करते हुए दो का चालान किया है बताया गया कि पट्टी मोडा निवासी परमानंद पुत्र गंगा प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर कहा की सुबह 9:30 बजे चौक बाजार निवासी राज. कुमार पुत्र मुन्नीलाल अपने साथ सात आठ लोगों को लेकर उनकी जमीन पर पहुंच गया और खेत पर कब्जा करने को लेकर उनके टीन सेड को उखाड़ना शुरू कर दिया। इसका विरोध किया तो गाली गलौज हो गई जिसमें ललित अनिल और वर्षा घायल हो गए पीड़ित परमानंद थाने पहुंचा और सभी हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने राजकुमार देवेंद्र और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जेवेन्द्र सिंह और स्पर्श कुमार का शांतिभंग में चालान किया है।

### एक नजर

## बंगाल-असम में भाजपा की जीत पर बिलारी में जश्न, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयाँ



**बिलारी।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल और असम में पूर्ण बहुमत से सरकार बनने की खुशी में बिलारी नगर में कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। नगर के पतंजलि आरोग्य केंद्र स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पटाखे छोड़े गए और एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर जीत की बधाई दी गई। इस अवसर पर भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष के.के. गुप्ता ने कहा कि यह जीत राष्ट्र की नई दिशा तय करने वाली है। उन्होंने कहा कि यह विजय उन समर्पित कार्यकर्ताओं को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने बंगाल में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पार्टी का झंडा मजबूती से थामे रखा और संघर्ष किया। उन्होंने आगे कहा कि यह जीत हर कार्यकर्ता और आम जनमानस की जीत है। साथ ही बंगाल की उन बेटियों की जीत है, जो अराजक माहौल में भय के साए में जीवन जीने को मजबूर थीं। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुरेंद्र शर्मा, सुनील आर्य, सभासद निहाल सिंह लाठर, पूर्व नगर अध्यक्ष के.पी. राणा, शकील अहमद, सभासद डॉ. सलीम सिद्दीकी, मुख्तार आलम बंजारा, संदीप अग्रवाल, मनेंद्र शर्मा, यशवीर त्यागी, विक्रम सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की जीत का जश्न।

## यप परिवार ने बड़े मंगल पर किया विशाल भंडारे का आयोजन

**मुरादाबाद।** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल यप परिवार के धार्मिक प्रकोष्ठ द्वारा श्सेवा परमो धर्म:श के सिद्धांत पर चलते हुए आज कोर्ट रोड स्थित सिद्ध बाला जी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।पावन पुरुषोत्तम मास के प्रथम फलदायक बड़े मंगल के शुभ अवसर पर सभी सदस्य मंदिर में एकत्रित हुए। सर्वप्रथम बाला जी के समक्ष भोग प्रसाद चढ़ाकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरती के बाद भोग प्रसाद का वितरण आरंभ किया गया। भीषण गर्मी में सभी भक्तों और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस सेवा कार्य में सभी ग्रुप सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने सभी से आह्वान किया और प्रण लिया कि श्सेवा परमो धर्म:श के अंतर्गत पूरे ज्येष्ठ माह के सभी आठ बड़े मंगलवार को इसी तरह धार्मिक कार्य एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।इस अवसर पर दीपा, संजना, सोनिया, अंशू, भावना गुप्ता, पूजा गोयल, रिदम, नीता, नेहा, चांदनी, अना. मिका, श्वेता, कविता, पूनम आदि सदस्य मौजूद रहे।

## ऑटो चलते हुए पलट गया हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल

**कुंदरकी।** मंगलवार सुबह अलीगढ़-मुरादाबाद राजमार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब एक ऑटो चलते हुए पलट गया। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार टेंपू चालक आबिद कुंदरकी से मुरादाबाद अपने टेंपू में यात्रियों को





लेकर निकला था। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के बिस्किट फेक्ट्री के निकट पहुंचा तभी रास्ते में खड़े एक वाहन से बचाने के प्रयास में टेंपू अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान पांच यात्री घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य के पहुंचाया। जिनमे चालक आबिद,गागन वाली मैनाठेर निवासी राजपाल,शेरपुर निवासी सलीम की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं हादसे के समय मार्ग पर चीख-पुकार मच गयी और कुछ देर के लिए जाम लग गया।

## कुरैश कॉन्फ्रेंस ने शमशाद हुसैन कुरैशी को मुरादाबाद का किया जिलाध्यक्ष नियुक्त

**मुरादाबाद।** कुरैश समाज के सामाजिक संगठन कुरैश कॉन्फ्रेंस (पंजीकृत) ने संगठन के विस्तार के तहत मुरादाबाद जनपद के लिए नए जिला अध्यक्ष की



नियुक्ति की है। संगठन की केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार शमशाद हुसैन कुरैशी को मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, शमशाद हुसैन कुरैशी का कार्यकाल 4 मई 2026 से प्रारंभ होकर 15 मई 2028 तक प्रभावी रहेगा। यह नियुक्ति संगठन की केंद्रीय कार्यसमिति द्वारा गहन विचार-विमर्श के बाद की गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता सनोबर अली कुरैशी तथा उत्तर प्रदेश के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कुरैश समाज के समग्र विकास के साथ-साथ राष्ट्रहित में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति पत्र में शमशाद हुसैन कुरैशी को सफल, रचनात्मक एवं प्रभावी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। संगठन ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में मुरादाबाद में समाज के उत्थान एवं संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

## विश्व हैंड वॉश दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम: मोबाइल और गंदे हाथ बन रहे संक्रमण का बड़ा कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** विश्व हैंड वॉश दिवस के अवसर पर नगर के एक कॉलेज में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन श्री हरिशंकर शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने छात्रों को हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भोजन करने से पहले हाथ धोना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बिना हाथ धोए खाना खाने से शरीर में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने विशेष रूप से मोबाइल फोन के उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि आजकल मोबाइल फोन पर जमने वाली धूल और गंदगी भी



संक्रमण का बड़ा कारण बन रही है। लोग दिनभर मोबाइल का उपयोग करते हैं और फिर बिना हाथ धोए भोजन करने लगते हैं, जिससे पेट संबंधी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि मोबाइल फोन को सप्ताह में कम से कम एक बार साफ अवश्य करें और फोन को छूने के बाद हाथ धोकर ही भोजन करें। उन्होंने यह भी बताया कि अक्सर लोग खाना खाते समय फोन आने पर बात करने लगते हैं और दोबारा हाथ धोए बिना भोजन शुरू कर देते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन कर जागरूक किया। साबुन और सेनेटाइजर के उपयोग के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर मनमोहन कौशिक, रमेश चंद्र सोती, पूजा यादव, बलवंत सिंह, कोमल राम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर मंगलवार को जनपद की स्वास्थ्य इकाइयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया व केनव्यू के सहयोग से 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम के तहत ये आयोजन हुए। कार्यक्रमों में स्वास्थ्य कर्मियों, स्कूली बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया।जिला चिकित्सालय के बच्चा वार्ड में स्वास्थ्य कर्मियों, महिलाओं, बच्चों और तीमारदारों को हाथों की स्वच्छता के बारे में बताया गया। एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं ने हाथ धोने के विभिन्न चरणों का प्रदर्शन किया और अभ्यास कराया। हरथला के आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों, महिलाओं एवं किशोरियों को




हाथों की सही स्वच्छता की जानकारी दी गई।हरथला प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने पोस्टर बनाकर हाथ धोने का सही तरीका समझाया। प्रधानाचार्या राजनीवाला ने कहा कि डायरिया समेत कई संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए हाथों को सही तरीके से धोना जरूरी है। आशा कार्यकर्ता ज्योति ने SUMANK यानी सुमन-के के जरिए छह चरण बताए साबुन-पानी से झाग बनाकर सीधी हथेलियों को बारी-बारी से घिसें, ¬ - उल्टी तरफ हाथों को बारी-बारी से घिसें, मुट्ठी बंदकर हाथों को अच्छी तरह घिसें, अंगूठों को अच्छी तरह रगड़ें, छ- नाखूनों को अच्छी तरह साफ करें, कलाइयों को भी ठीक से रगड़ें। बच्चों से इन चरणों का अभ्यास भी कराया गया। उन्होंने बताया कि खाना बनाने या खाने से पहले, शौचालय के बाद, खांसने-छींकने के बाद, कचरा या गंदी सतह छूने के बाद हाथों को साबुन-पानी से कम से कम 20 सेकंड तक धोना चाहिए।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुबीर सिंह, हेल्प डेस्क मैनेजर कुलद. ीप, शिक्षक मुकुल, एएनएम प्रशिक्षण केंद्र से शिखा, प्रिया, मुख्य सेविका सुधा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंदुवाला, विमला कश्यप, आशा ज्योति, अर्चना, पीएसआई इंडिया से मोहम्मद रिजवान, ममता सैनी आदि मौजूद रहे।

## श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान पर सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान पर आज सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों ने हनुमान जी का गुणगान करते हुए बाबा की आरती करने के उपरांत दीप प्रज्वलित करके प्रसाद भोग लगाकर भंडारे का आयोजन कराया। गुरु अरविंद ने बताया कि ज्येष्ठ माह के जो मंगल है उनकी बड़ी महिमा होती है क्योंकि हनुमान जी महाराज को संकट मोचन कहा गया है और ज्येष्ठ माह में हनुमान जी की पूजा अर्चना करने से जीवन के समस्त कष्ट संकट रोगो का निवारण हो जाता है। बताया कि हनुमान जी बाबा को अमरता का आशीर्वाद है वह भी इसी माह में प्राप्त हुआ था और एक विशेषता यह भी है कि त्रेता युग में हनुमान जी और राम जी का मिलन भी ज्येष्ठ माह के मंगल को हुआ था कार्यक्रम में एमआईटी कॉलेज के डायरेक्टर रोहित गर्ग आचार्य धीरशांत दास राजेश रस्तोगी विपिन चौधरी मुकेश भटनागर कुंवर पाल सिंह अनिल सिक्का महेश बिश्नोई राजन चौधरी वेद प्रकाश सिंह गुरप्रीत दुआ जी ने शामिल होकर धर्म लाभ उठाया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।




## फोन उठाने में देरी की तो गाली गलौज और जान से मारने की मिली धमकी, मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** फोन उठाने में देरी करने पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई एसएसपी के आद. ेश से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

थाना छजलैट के गांव सदुपुरा निवासी मनोज कुमार पुत्र लल्लू सिंह निषाद पार्टी से जुड़ा हुआ है उसका कहना है कि 9 अप्रैल को रात 9:00 बजे उसके फोन पर कॉल आई उठाने में देरी होने पर उसने काल वापस की तो लाइन पर सौरभ कश्यप पुत्र रामरक्षपाल निवासी मोहन तखतपुर थाना कुंदरकी ने उसे गालियां देनी शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी पीड़ित का कहना था कि पहले भी वह तीन चार बार उसके साथ मारपीट करने का प्रयास कर चुका है उसके साथ थाना बिलारी क्षेत्र के दो-तीन लोग और रहते हैं जो कि अक्सर उससे मारपीट करने की फिराक में रहते हैं पीड़ित ने पिछले दिनों हुई निषाद पार्टी की शोभायात्रा में भी उन पर कार्यक्रम में खलल डालने का आरोप लगाया और जांच की मांग की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## गन्ने के खेत में मिले तेंदुए के तीन शावक, वन विभाग अलर्ट, क्षेत्र में दहशत और उत्सुकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** जनपद मुरादाबाद के बिलारी ब्लॉक अंतर्गत सिहाली माला रोड स्थित गांव तुरखेड़ा के जंगल में मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे उस समय हड़कंप मच



गया, जब गन्ने के खेत में काम कर रहे मजदूरों को तेंदुए के तीन नवजात शावक दिखाई दिए। जानकारी के अनुसार, गांव तुरखेड़ा निवासी चौधरी अरविंद कुमार के फार्म हाउस के पास स्थित खेतों में सुबह से गन्ने की कटाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान मजदूरों की नजर गन्ने की जड़ों के बीच छिपे तीन छोटे-छोटे शावकों पर पड़ी। बताया जा रहा है कि शावकों की उम्र महज 3 से 4 दिन के आसपास है। मामले की गंभीरता को देखते हुए खेत मालिक अरविंद कुमार ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जिसमें वन दरोगा रामचरण सिंह, वनरक्षक अर्जुन सिंह और चौकीदार मुनेश कुमार शामिल रहे। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शावकों की निगरानी शुरू कर दी है। घटना की सूचना फैलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे। तेंदुए के शावकों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर इसरार सलमानी, वाजिद मलिक, ताहिर सलमानी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। वन विभाग की टीम ने लोगों से अपील की है कि वे शावकों के पास न जाएं और सुरक्षित दूरी बनाए रखें, क्योंकि उनकी मां (तेंदुआ) के आसपास होने की पूरी संभावना है। विभाग ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है और हालात पर नजर रखी जा रही है।

## टीएमयू में सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने स्टुडेंट्स को दिए एंटरप्रेन्योरशिप के टिप्स

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की ओर से एंटर प्रेन्योरशिप डवलपमेंट: क्रेडिट अवेयरनेस एंड फाइनेंशियल प्लानिंग पर अवेयरनेस प्रोग्राम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सीनियर सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने कहा, एंटरप्रेन्योरशिप की शुरुआत सही सोर्स ऑफ मनी से होती है, जिसमें परिवार की बचत- मार्जिन मनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने बचत और निवेश के अंतर को समझाते हुए कहा, बचत को एफडी और म्यूचुअल फंड सरीखे विकल्पों में निवेश करके बेहतर रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है। क्रेडिट और लीवरेज की अवधारणा को सरल भाषा में समझाते हुए बोले, सही तरीके से लिया गया ऋण व्यवसाय की वृद्धि को तेज कर सकता है। साथ ही उन्होंने ऋण स्वीकृति और वित्तीय विश्वसनीयता के लिए जरूरी आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार, पैन और आयकर रिटर्न और फाइलिंग की महत्ता भी बताई। अच्छा क्रेडिट स्कोर भविष्य में आसान ऋण और कम ब्याज दर दिलाने में मदद करता है। डॉ. अग्रवाल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल - आईआईसी की ओर से एंटरप्रेन्योरशिप डवलपमेंट थ्रू क्रेडिट अवेयरनेस एंड फाइनेंशियल प्लानिंग पर जागरूकता कार्यक्रम में बतौर एक्सपर्ट बोल रहे थे।




इससे पूर्व सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शंखनाद किया। मुख्य वक्ता सीए डॉ.अभिनव अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने क्रेडिट कार्ड के फीचर्स, उपयोग, बिलिंग अनुशासन, क्रेडिट स्कोर और क्रेडिट रिपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने डिजिटल लेंडिंग एवम् सुरक्षित लेनदेन पर जागरूक करते हुए आरबीआई के दिशा-निर्देश, फर्जी लोन ऐप्स की पहचान और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। साथ ही स्टुडेंट्स को सलाह दी, वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें और किसी भी प्लेटफॉर्म की सत्यता अवश्य जांचें। कार्यक्रम में उपभोक्ता अधिकार एवं शिकायत निवारण प्रणाली पर भी चर्चा करते हुए आरबीआई ओम्बड्समैन व्यवस्था और फेयर प्रैक्टिस कोड को समझाया गया। स्टार्टअप और एमएसएमई रजिस्ट्रेशन के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि डीपीआईआईटी स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन और उचित दस्तावेजीकरण से एंटरप्रेन्योर्स को सरकारी योजनाओं, सब्सिडी और फंडिंग के अवसरों का लाभ मिलता है। साथ ही यह रोजगार सृजन में भी सहायक है।

अंत में इंटरैक्टिव सेशन में स्टुडेंट्स ने सवाल पूछे और एक्सपर्ट ने उनके प्रैक्टिकल जवाब दिए। कार्यक्रम में श्री रवि कुमार, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. रेनू चौधरी, डॉ. आभा तिवारी, श्री राहुल गंगवार , डॉ. अर्चना जैन, डॉ. वर्षा राजपूत के संग-संग आरआईटी, फॉरेंसिक साइंस, ऑप्टोमेट्री, एमएलटी आदि के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट पलक गौर ने किया।


### सूचना

मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश जन्म प्रमाण पत्र में मोहम्मद मूसा दर्ज हो गया है जो कि गलत है मेरे पुत्र की जन्म तिथि 8.6.2022 है मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम अब्दुल रहमान है, भविष्य में मेरे पुत्र को अब्दुल रहमान के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जाए, मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम उसकी शिक्षा एवं अन्य प्रमाण पत्रों के लिए सही होना अति आवश्यक है।

**मौ. एहसान पुत्र मुनाजिर हुसैन निवासी ग्राम डींगरपुर तहसील बिलारी थाना मैनाठेर, जिला मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र चरन सिंह को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामा. जिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में चरन सिंह के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी किसी भी सदस्य से चरन सिंह का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **फूल सिंह पुत्र स्व. इन्दर सिंह निवासी सिरसा इनायतपुर थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# पाकबड़ा थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना पाकबड़ा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी की गई बाइक बरामद की है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी हाईवे के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार, रतनपुर कलां निवासी संजय पुत्र राजेंद्र सिंह ने 3 मई को थाना पाकबड़ा में अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।इस मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू करते हुए मंगलवार को घटना का खुलासा कर दिया।पुलिस टीम ने आदेश कुमार उर्फ मिरिंडा पुत्र देवेंद्र सिंह और प्रदीप पुत्र स्व. नन्हे सिंह, दोनों निवासी ग्राम मालीपुर थाना पाकबड़ा को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 1 मई को सुबह सुखबिंदर की कैंटीन के पीछे से बाइक चोरी की थी और उसे पास की झाड़ियों में छिपा दिया था। बाद में वे उसे बेचने के लिए ले जा रहे थे ताकि प्राप्त धनराशि को आपस में बांट सकें और अपने खर्चों में उपयोग कर सकें। पुलिस ने दोनों आरो. पियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सफलता में थाना प्रभारी योगेश कुमार सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त था, जिस पर पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल कदम उठाए।पुलिस के अनुसार एक महिला निवासी थाना पाकबड़ा क्षेत्र ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर एक खाली प्लॉट में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना पाकबड़ा में मामला दर्ज किया गया।पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आरिफ पुत्र महफूज निवासी ग्राम तेली वाली मढ़ैया थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वह अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# प्रेम-प्रसंग बना प्रॉपर्टी डीलर रंजीत चौहान की हत्या का कारण, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर चंदौरा में तहरीर के आधार पर प्रॉपर्टी डीलर रंजीत चौहान की हत्या का मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा सामने आया है। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर मुख्य आरोपी अजय, उसके पिता योगेंद्र, अजय की मौसी के पुत्र तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानक. ारी के अनुसार, 40 वर्षीय रंजीत चौहान पुत्र स्वर्गीय सुरेशपाल सिंह की मंगलवार देर शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना में धारदार हथियारों से भी वार किए जाने की बात सामने आई है। मृतक के भाई टिंकू द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक, रंजीत का मुख्य आरोपी अजय की बहन के साथ प्रेम संबंध था, जिससे आरोपी पक्ष नाराज था। इसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे रंजीत भोजन के बाद गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास टहल रहा था। तभी आरोपी अजय, उसका पिता योगेंद्र, उसकी मौसी का पुत्र (जो पिछले कुछ दिनों से उसके घर पर रह रहा था) तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंच गए और रंजीत को घेर लिया। हमले के दौरान रंजीत जान बचाने के लिए करीब 200 मीटर तक भागा, लेकिन आरोपियों ने पीछा कर उसे एक घर में घेर लिया। आरोप है कि अजय ने सबसे पहले तमंचे से गोली चलाई, जिसके बाद योगेंद्र ने फरसे से वार किया। वहीं अन्य आरोपियों ने चाकुओं से हमला किया, जिससे रंजीत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दबिश दी जा रही है।

## मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं-बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत मंगलवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## एक नजर

### कॉसमॉस हॉस्पिटल ने किया पश्चिमी यूपी का पहला सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट



**मुरादाबाद।** कॉसमॉस हॉस्पिटल ने चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहा. सिक उपलब्धि हासिल करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश का पहला सफल ऑटोलॉगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह सफलता न केवल अस्पताल बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।अस्पताल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि यह जटिल प्रक्रिया रिलैप्स्ड/रिफ्रैक्टरी मल्टीपल मायलोमा से पीड़ित एक मरीज पर सफलतापूर्वक की गई। अब तक इस तरह के अत्याधुनिक इलाज के लिए मरीजों को दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा मुरादाबाद में ही उपलब्ध हो गई है।इस सफल ट्रांसप्लांट का नेतृत्व क्लिनिकल हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने बताया कि मल्टीपल मायलोमा एक गंभीर ब्लड कैंसर है, जो बोन मैरो को प्रभावित करता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है।ऑटोलॉगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट में मरीज के अपने ही स्वस्थ स्टेम सेल का उपयोग किया जाता है। इसमें स्टेम सेल संग्रह, हाई-डोज कीमोथेरेपी और पुन: प्रत्यारोपण जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। पूरी प्रक्रिया लगभग 2 से 3 सप्ताह में पूरी होती है।विशेषज्ञों के अनुसार, मरीज में लगभग 10 दिनों के भीतर सफल प्रत्यारोपण हुआ और उपचार के दौरान कोई बड़ी जटिलता सामने नहीं आई। यह उपलब्धि दर्शाती है कि अब मुरादाबाद जैसे शहरों में भी उच्च स्तरीय कैंसर उपचार संभव है। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि उनका उद्देश्य अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। यह सफलता क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक नई दिशा साबित होगी।

### मई माह में 6 विधिक साक्षरता शिविर आयोजित होंगे, तहसीलदार ने दी जानकारी

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली/उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में मई 2026 में तहसील मुरादाबाद में विभिन्न विषयों पर विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।तहसीलदार मुरादाबाद ने बताया कि सभी शिविर दोपहर 12 बजे से शुरू होंगे। शिविरों का कार्यक्रम इस प्रकार है:1. 06 मई 2026: लैगिंक समानता और महिला कल्याण के संबंध में ख्र तहसील सदर मुरादाबाद2. 13 मई 2026: राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के संबंध में ख्र पंचायत भवन रसूलपुर सुनवाती3. 20 मई 2026: वैवाहिक विवादों के लिए पूर्व मुकदमेंबाजी स्तर पर विवाद निवारण के संबंध में ख्र महिला थाना4. 22 मई 2026: तम्बाकू उन्मूलन जागरूकता के संबंध में ख्र चित्रगुप्त इंटर कॉलेज5. 27 मई 2026: ट्रांसजेंडर समुदाय के संबंध में ख्र समाज कल्याण विभाग6. 31 मई 2026: विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के संबंध में ख्र अम्बेडकर पार्क लाकड़ी फाजलपुर तहसील प्रशासन ने आमजन से इन शिविरों में पहुंचकर कानूनी जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी, हायर सेंटर रेफर

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र की गणेश कॉलोनी में एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने से हड़कंप मच गया। युवक की पहचान विशाल के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रविवार रात करीब 10 बजे किसी कारणवश उसने यह कदम उठा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। लेकिन स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है।

### शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च, नियम उल्लंघन पर काटे चालान

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इंस्पेक्टर क्राइम के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ निकाले गए इस पैदल मार्च के दौरान लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख मार्गोंकृकोतवाली चौराहा, बुध बाजार, पुरानी घास मंडी, कामालपुरी मार्ग, अस्पताल रोड सहित अन्य मुख्य स्थानों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इंस्पेक्टर क्राइम विनोद कुमार ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक गतिविधि या शांति भंग करने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों और आम नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी कार्रवाई की। बाइक पर ट्रिपल सवारी करने वालों व जरूरी कागजात न होने पर चेकिंग अभियान चलाया गया और कई वाहनों के ई-चालान काटे गए। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक यशवीर सिंह, उपनिरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह, रजत चौधरी, विनीत कुमार, बलराम दीक्षित, विनय पाल, कॉन्स्टेबल परविंदर कुमार, राजू कुमार, निशांत कुमार, सुमित कुमार, योगेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### नवागत डीएम अंकित खंडेलवाल ने संभाला पदभार, कल्कि मंदिर में किए दर्शन

चन्दौसी। जनपद सम्भल के नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व उन्होंने मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित प्राचीन कल्कि मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और भगवान कल्कि के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया। इसके बाद वह पुरानी तहसील स्थित वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां द्वितालक कक्ष में आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर उन्होंने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# आईएफटीएम में 'रिसर्च पेपर लिखने संबंधी' विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल एवं इंस्टीट्यूशंस इन्नोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के सहयोग से ''रिसर्च पेपर राइटिंग एंड जर्नल पब्लिकेशन सपोर्ट'' थीम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला के अध्यक्ष व फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य वक्ता का स्वागत किया और स्वागत अभिभाषण दिया। इस कार्यशाला में नोएडा की लैक्सजिन आईपी एलएलपी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अमरीश चंद्रा मुख्य वक्ता के रूप में रहे। डॉ. चंद्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि रिसर्च करने के साथ-साथ उस रिसर्च को अच्छे से लिखना और अच्छे जर्नल में प्रकाशित कराना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित फैकल्टी मैंबर्स को अच्छे जर्नल में पेपर प्रकाशित कराने के लिए किन-किन चीजों का ध्यान रखना चाहिए, उसके बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर डॉ. वर्मा ने




बताया कि आईएफटीएम विश्व. विद्यालय को नेक में 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है तथा एनआईआरएफ में भी फार्मेसी कैटेगरी में 93वीं रैंक प्राप्त हुई है, इसके पीछे अच्छे जर्नल्स में रिसर्च पेपर को पब्लिक कराना रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय हमेशा अच्छी रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए तत्पर रहा है और आगे भी हम लगातार अच्छे जर्नल्स में रिसर्च पेपर प्रका. शित कराते रहेंगे। कार्यशाला का संचालन सुश्री रितिक सक्सेना ने किया। वहीं स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह भी कहा कि हम आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। इस दौरान साहू ओंकार सरन स्कूल ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार, डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ, प्रशांत उपाध्याय, डॉ. शहबाज खान, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव एवं सुश्री स्वाति गौतम आदि फैकल्टी मैंम्बर्स एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पारिवारिक विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला

**ठाकुरद्वारा।** थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार दोपहर करीब 3.30 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित मोहम्मद इकराम, निवासी मोहल्ला जमनावाला (बिलाल मस्जिद के पास) ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर में मौजूद था, तभी उसके ससुर अकील, साले फरमान, अनस और एक अन्य व्यक्ति यासीन जबरन उसके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने पारिवारिक मामले को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इकराम का आरोप है कि इस दौरान फरमान ने उसके सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और उसके सिर से खून बहने लगा। घायल युवक ने थाना ठाकुरद्वारा पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सुनील कुमार गलत संगत पड़ गया है और शराब पीकर आए दिन मारपीट करता है। जब इसकी शिकायत उसकी पत्नी अंजू से शिकायत करता हूं तो वह भी झूठे मुकदमें फंसाने की धमकी देते हुए मारपीट पर उतारू हो जाती है। मैंने अपने पुत्र सुनील कुमार और पुत्रवधू अंजू से मारपीट पर उतारू होने और झूठें मुकदमें में फंसाने की धमकी देने पर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उनके किसी भी कृत्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों के साथ स्वयं जिम्मेदार होगें। **समरपाल सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम रानीनांगल थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।**

# महिलाओं के लिए आत्मरक्षा विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (रा0से0यो0) इकाई द्वारा "महिलाओं के लिए आत्मरक्षा" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्राओं एवं समस्त महिला कर्मचारियों को आत्मरक्षा के व्यावहारिक कौशल सिखाते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास एवं सजगता भी विकसित करते हैं। कार्यशाला की मुख्य वक्ता व यातायात पुलिस, मुरादाबाद की इंस्पेक्टर श्रीमती अनुराधा सिंघल ने महिलाओं की सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों तथा दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले आत्मरक्षा के प्रभावी तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज के परिवेश में महिलाओं को न केवल शिक्षित होना आवश्यक है, बल्कि उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति सजग एवं सक्षम बनना भी उतना ही जरूरी है।

वहीं रा0से0यो0 इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने बताया कि छात्राओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाने, उनमें आत्मविश्वास विक. सित करने तथा व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों में साहस और आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित करते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यशाला उन्हें आपात परिस्थितियों में सही निर्णय लेने एवं स्वयं की रक्षा करने के लिए अवश्य सक्षम बनाएगी। कार्यक्रम का संचालन सह-संयोजिका व स्कूल की शिक्षिका डॉ. अमनप्रीत कौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव श्रीमती रुचि चौधरी ने सभी उपस्थितों के प्रति प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक कुमार के अलावा डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ. संजना तिवारी एवं डॉ. पूजा नारंग समेत अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार, वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. राजकुमारी सिंह के अलावा कई निदेशक, विभागाध्यक्ष सहित 90 से अधिक शिक्षिकाएं व छात्राएं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## किसानों का प्रदर्शन, समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान संघ (पश्चिम उत्तर प्रदेश) के पदाधिकारियों व किसानों ने मंगलवार को एकत्र होकर अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में किसानों ने सहक. ारी समितियों से लिए जाने वाले ऋण पर बढ़ी ब्याज दर का मुद्दा उठाया। उनका कहना है कि पहले तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया गया। सरकार ने चार प्रतिशत वापस करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक केवल एक प्रतिशत ही वापस मिला है, जबकि शेष तीन प्रतिशत का इंतजार है। साथ ही किसानों ने आरोप लगाया कि मुरादाबाद में सात प्रतिशत ब्याज वसूला जा रहा है, जबकि रामपुर, मुजफ्फरनगर और शामली जैसे जिलों में तीन प्रतिशत ही लिया जा रहा है। इसके अलावा 'हर घर नल, हर घर जल' योजना के तहत गांवों में बनी पानी की टंकियों को अधूरा या अनुपयोगी बताते हुए उन्हें शीघ्र चालू कराने की मांग की गई, ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके। किसानों ने आरोप लगाया कि लेखपालों द्वारा जमीन का अंश बंटवारा जल्दबाजी में गलत तरीके से किया गया है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रक्रिया में सुधार की मांग की गई। बिजली आपूर्ति को लेकर भी किसानों में नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि सिंचाई के लिए निर्धारित 10 घंटे बिजली नहीं मिल रही, बल्कि केवल 4 से 5 घंटे ही आपूर्ति हो रही है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने कम से कम 10 घंटे लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने कहा कि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इस दौरान कृष्णपाल, लवकुश कुमार, अर्जुन सिंह, अवंती सैनी सहित कई किसान मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बैरमपुर**
**विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./नविदा/2026-27 दिनांक: 05.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बैरमपुर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 12.05.2026 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 12.05.2026 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संजीव के घर से सोनू के घर तक मिट्टी/नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 213441.00 | 4269.00 | 200/- | 2 माह |
| 2 | महीपाल के घर से दयाराम के घर तक मिट्टी नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 283850.00 | 5677.00 | 200/- | 2 माह |
| 3 | पंचायत भवन कायाकल्प कार्य। | 235000.00 | 4700.00 | 200/- | 2 माह |
| 4 | सामुदायिक शौचालय कायाकल्प कार्य। | 142000.00 | 2840.00 | 200/- | 2 माह |
| 5 | बाबूराम के घर से महीपाल के घर तक मिट्टी/नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 157331.00 | 3147.00 | 200/- | 2 माह |

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बैरमपुर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

# रामगंगा विहार में बनी आधुनिक मॉडल रोड, नगर निगम की पहल से नागरिकों को बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर निगम मुरादाबाद ने शहरी विकास को नई दिशा देते हुए रामगंगा विहार क्षेत्र में एक प्रमुख सड़क को अत्याधुनिक मॉडल रोड के रूप में विकसित किया है। यह पहल शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के साथ-साथ नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और आधुनिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। नगर निगम द्वारा निर्मित इस मॉडल रोड का निर्माण उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किया गया है। सड़क की कुल लंबाई 90 मीटर और राइट ऑफ वे (ROW) 18 मीटर है। सड़क के दोनों ओर 5.5 मीटर चौड़ी लेन बनाई गई हैं, जबकि बीच में 1 मीटर चौड़ा डिवाइडर विकसित किया गया है। इसके अलावा, पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए दोनों ओर 3 मीटर चौड़े सुरक्षित और सुगम फुटपाथ का निर्माण किया गया है। इस सड़क पर आधुनिक स्ट्रीट लाइटिंग व्यवस्था, हरित पट्टी (प्लांटेशन) तथा सुव्यवस्थित स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज और सीवरेज सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। ये सभी सुविधाएं इसे एक आदर्श मॉडल रोड के रूप में स्थापित करती हैं। यह सड़क न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्र की सुंदरता और पर्यावरण संतुलन को भी बेहतर बनाएगी। विशेष रूप से यह मार्ग रामगंगा विहार की प्रसिद्ध फूड स्ट्रीट "चटोरी गली" को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे यहां आने वाले नागरिकों और पर्यटकों को अब अधिक सुगम




आवागमन सुविधा मिलेगी। इस सराहनीय कार्य से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे बड़ी राहत बताया है। नगर निगम मुरादाबाद ने भविष्य में भी शहर की अन्य प्रमुख सड़कों को इसी प्रकार मॉडल रोड के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है, जिससे पूरे नगर में समग्र और सतत विकास को बढ़ावा मिल सके।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 41-DRM-MB-26-27 Date: 30.04.2026 |
| कार्य का नाम | Turnout renewal by T-28 machine and allied miscellaneous track works in the jurisdiction of Sr. DEN-IV/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 28.05.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 3,55,42,433.86 |
| धरोहर राशि | 7,10,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 14.05.2026 |

टेन्डर नं. Sr.DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक 04.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1485/26

# दिल्ली ने चेन्नई को 156 रन का टारगेट दिया

### दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 और स्टब्स ने 38 रन बनाए


दिल्ली। चेन्नई के खिलाफ दिल्ली के बल्लेबाज समीर रिजवी व स्टब्स रन लेते हुए।

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 156 रन का टारगेट दिया है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 रन की पारी खेली। उनके अलावा, ट्रिस्टन स्टब्स 38, पथुम निसांका 19, नीतीश राणा 15, आशुतोष शर्मा 14, करुण नायर 13 और केएल राहुल 12 रन बनाए। चेन्नई की ओर से नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। आशुतोष शर्मा शानदार खेलने के बाद रन आउट हो गए। उन्होंने सिर्फ 5 गेंदों में 14 रन बनाए, जिसमें 2 छक्के शामिल रहे। गायकवाड ने मिड-आन से तेजी दिखाते हुए सीधा थ्रो किया और अशुतोष क्रीज से काफी दूर रह गए। जैमी ओवरटन ने आखिरकार स्टब्स की अहम पारी का अंत कर दिया। पुल शाट खेलने की कोशिश में स्टब्स गेंद को सही टाइम नहीं कर सके और डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े मुकेश चौधरी ने आसान कैच लपक लिया।

स्टब्स 38 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ उनकी और रिजवी के बीच 65 रन की साझेदारी भी टूट गई। 18वें ओवर में समीर रिजवी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अंशुल कंबोज के ओवर में दो शानदार छक्के जड़ दिए। ओवर से कुल 14 रन आए और दिल्ली का स्कोर 130/5 पहुंच गया। 16वें ओवर में समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स ने दिल्ली की पारी को संभालने की कोशिश की। मुकेश चौधरी के ओवर से 12 रन आए, जिसमें रिजवी ने शानदार छक्का लगाया। इसी ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा भी पार किया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए है। गुर. जनप्रीत अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर अक्षर बैकफुट ड्राइव खेलना चाहते थे,

लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और कवर पर खड़े अकील हुसैं ने आसान कैच पकड़ लिया। नूर ने 10वें ओवर में एक और सफलता हासिल करते हुए नीतीश राणा को 15 रन पर पवेलियन भेज दिया। राणा ने स्वीप शाट खेला, लेकिन गेंद सीधा बाउंड्री पर खड़े कार्तिक शर्मा के हाथों में चली गई। आउट होने के बाद निराश नीतीश राणा। नूर अहमद ने अपने पहले ही ओवर में करुण नायर को आउट कर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। लेग स्टंप के बाहर मिली आसान गेंद पर नायर ने स्वीप शाट खेला, लेकिन गेंद सीधे शार्ट फाइन लेग पर खड़े गुरजनप्रीत सिंह के हाथों में चली गई। करुण 13 रन बनाकर लौटे। अकील हुसैन ने दिल्ली को बड़ा झटका देते हुए केएल राहलु को 12 रन पर आउट किया।

# आईसीसी आचार संहिता तोड़ने पर निगार सुल्ताना को फटकार

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी को शनिवार को सिलहट में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई है।

निगार को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी अंतरराट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्स्चर और फिटंग का गलत इस्तेमाल करने से संबंधित है। इसके अलावा, निगार के अनुशा सनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया है, पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला अपराध था। यह घटना तब हुई जब बांग्लादेश बल्लेबाजी कर रहा था और आउट होने के बाद, निगार ने मैदान से बाहर जाते समय अपना बल्ला जमीन पर फेंक दिया। निगार ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल की सुप्रिया रानी दास द्वारा प्रस्तावित सजा को भी मान लिया, इसलिए किसी औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदान पर मौजूद अंपायर एलोइस शेरिडन और शथीरा जाकिर जेसी, तीसरे अंपायर रोकेया सुल्ताना और चौथे अंपायर चंपा चकमा ने यह आरोप लगाया था। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम आधिकारिक फटकार, ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट पॉइंट की सजा दी जाती है।

## खेल विशेष

### स्कीट निशानेबाज फाइनल से चूके

**नई दिल्ली, वार्ता।** कजाखस्तान के अल्माटी स्थित आसानोव शूटिंग क्लब में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप शॉटगन में भारतीय स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला दोनों वर्गों में फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। ओलंपियन मैराज अहमद खान और राइजा ढिल्लों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे बेहतर स्थान पर रहे। मैराज, जिन्होंने पहले दिन 75 में से 71 का स्कोर करते हुए 26वें स्थान से दूसरे दिन की शुरुआत की थी, ने अंतिम दो सीरीज में 23 और 25 का स्कोर किया और कुल 119 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन चरण का समापन 18वें स्थान पर किया। रैंकिंग अंक के लिए खेल रहे भावतेग सिंह गिल 119 (24, 24, 23, 24, 24) के स्कोर के साथ मैराज से एक स्थान नीचे 19वें स्थान पर रहे।

### फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने रवि ब्रदर्स को दो विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में मंगलवार को दो विकेट से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, फेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने 29-2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए। करण सोनी ने 35(59) और हरीश बडाना ने 33(24) रन की पारी खेली। वहीं, फेंड्स क्रिकेट क्लब के गेंदबाज ऋति मेहता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 5 विकेट लिए और प्रद्युमन ने 43 रन देकर 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, फेंड्स क्रिकेट क्लब ने अंकित बिट 32(21) और आर्य सिंह 27(15) की मदद से 22 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए और मैच दो विकेट से जीत लिया।

### मुंबई कई टीमों की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका देगी: गावस्कर

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने टाटा आईपीएल 2026 के मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया। उन्होंने 229 रनों के विशाल लक्ष्य का शानदार ढंग से पीछा किया। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने एलएसजी के खिलाफ रोहित शर्मा की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की और कहा कि अगर रोहित इसी फॉर्म में खेलते रहे, तो मुंबई इंडियंस कई टीमों की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका देगी। गावस्कर ने कहा कि मैं पिछले एक साल से रोहित शर्मा को बहुत करीब से देख रहा हूं। जब से उन्हें व्हाइट-बॉल क्रिकेट और आईपीएल में कप्तानी से हटाया गया है, तब से उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रन बनाए।

# पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को पहले वनडे में हराया

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने जबरदस्त टीम परफॉर्मेंस दिखाते हुए जम्बिाब्वे को पहले वनडे में 168 रनों से हरा दिया। यह मैच चल रही आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा है। चार खिलाड़ियों ने हाफ-सेंचुरी बनाईं।

जम्बिाब्वे की कप्तान नोमवेलो सिबांडा ने पाकिस्तान को पहले बैटिंग करने के लिए बुलाया, जिसके बाद पाकिस्तान ने 330/5 का स्कोर बनाया। सोमवार को बैटिंग ऑर्डर में सबसे ऊपर आकर सदाफ शमास ने 98 रनों की शानदार पारी खेली। सिदरा अमीन (67), नजीहा अल्वी (56 नॉट आउट) और गुल फिरोजा (50) ने भी हाफ-सेंचुरी बनाकर टीम में योगदान दिया। अल्वी ने महिला वनडे में किसी भी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया, उन्होंने सिर्फ 24 गेंदों में यह कारनामा कर दिखाया। आईसीसी के अनुसार, शमास और फिरोजा के बीच 162 रनों की ओपलनग पार्टनरशिप महिला वनडे में पाकिस्तान के लिए किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी पार्टनरशिप थी। वहीं, रनों के लिहाज से यह टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत थी। जवाब में, जम्बिाब्वे की तरफ से सिर्फ बेलव्ड बिजा (53) ही अकेले डटी रहीं। लेकिन पाकिस्तान की गेंदबाजों ने - जिनकी अगुवाई कप्तान फातिमा सना (2/28) ने बेहत. रीन ढंग से की - यह पक्का कर दिया कि मेहमान टीम रनों का पीछा करते हुए लक्ष्य से काफी पीछे रह जाए। यह पाकिस्तान के लिए एक अच्छा संकेत है, क्योंकि 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने वाला है। पाकिस्तान को ग्रुप 1 में रखा गया है और उसे ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, नीदरलैंड्स और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच खेलने हैं। जम्बिाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के अगले दो मैच बुधवार और शनिवार को कराची में खेले जाएंगे। इसके बाद, टी20 वर्ल्ड कप से पहले, पाकिस्तान इसी टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा।

# बेंगलुरु में आईपीएल फाइनल की मेजबानी पर छाया संकट


विधायकों को मैच के टिकट देने को लेकर चल रहे विवाद पर बीसीसीआई सख्त

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के आईपीएल 2026 फाइनल की मेजबानी करने के मौकों पर गंभीर संकट आ गया है। विधायकों को मैच के टिकट देने को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद के बढ़ने के बाद बीसीसीआई अब इस बड़े मैच को किसी दूसरे शहर में शिफ्ट करने के विकल्प पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह विवाद, जो कर्नाटक के विधायकों की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए मुफ्त वीआईपी टिकटों की मांग के तौर पर शुरू हुआ था,

अब एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गया है। इस विवाद के बढ़ने की वजह 'वीआईपी कल्चर', विशो बर्ताव और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) पर कथित दबाव को लेकर हो रही आलोचना है। बीसीसीआई सूत्रों ने बताया कि प्लेऑफ मैच पंजाब और कर्नाटक के बीच बांटे जाने की संभावना है, जो कि मौजूदा चैंपियन के फाइनल की मेजबानी करने की परंपरा के मुताबिक होगा। हालांकि, बेंगलुरु में इंतजामों को लेकर बनी अनिश्चितता ने बोर्ड की योजनाओं को मुश्किल में डाल दिया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि अगर यह मुद्दा हल नहीं होता है, तो आईपीएल फाइनल को बेंगलुरु से बाहर शिफ्ट करना पड़ सकता है। यह विवाद आईपीएल 2026 के पहले मैच से ठीक पहले शुरू हुआ था। यह मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच होना था।

# हैदराबाद व पंजाब के बीच बल्लेबाजी का जबरदस्त मुकाबला होने की उम्मीद



**हैदराबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज आईपीएल 2026 मुकाबले में, भवियवाणियों के जानकारों के बीच वायरल पेग के टैग के साथ उतर रही है। इसकी मुख्य वजह इस सीजन में सबसे भरोसेमंद चेजलग टीमों में से एक के तौर पर उनकी बनी प्रतिठा है।

हालांकि, राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला, जितनी चर्चा है उससे कहीं ज्यादा संतुलित होने का वादा करता है, क्योंकि दोनों ही टीमें विस्फोटक और ज्यादा स्कोर वाले क्रिकेट के लिए बनी हैं। पंजाब ने अपना अभियान एक खास ताकत के दम पर खड़ा किया है, दबाव में लक्ष्य का पीछा करना। उनकी बल्लेबाजी यूनिट ने बार-बार बड़े लक्ष्यों को ध्वस्त किया है, जिसमें इस सीजन की शुरुआत में 265 रनों का रिकॉर्ड चेज भी शामिल है। कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में संयम बनाए रखा है, जबकि प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य ने आक्रामक शुरुआत दी है, जिसने सफल चेज की नींव रखी है। ज्यादा दबाव वाले चेज में शांत रहने की उनकी काबिलियत ने उन्हें सटेबाजी और भवियवाणियों के जानकारों के बीच पसंदीदा बना दिया है, खासकर उन मैचों में जहां बड़े स्कोर बनने की उम्मीद होती है। इस प्रतिठा के बावजूद, पंजाब अपने हालिया प्रदर्शन को लेकर चिंताओं के साथ इस मैच में उतर रही है, क्योंकि उन्हें लगातार दो हार का सामना करना पड़ा है। उनकी गेंदबाजी यूनिट पर काफी दबाव रहा है, वे स्कोर का बचाव करने में संर्घा कर रहे हैं और अहम मौकों पर रन लुटा रहे हैं। अर्शदीप सिंह गेंद के साथ सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन कुल मिलाकर टीम के लिए निरंतरता एक बड़ी समस्या बनी हुई है। दूसरी ओर, हैदराबाद इस टूर्नामेंट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजी यूनिट्स में से एक बनी हुई है। उनका शीर्ा क्रम - जिसमें अभिोक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन शामिल हैं।

# चीन ने थॉमस कप और दक्षिण कोरिया ने उबेर कप जीता



**हॉर्सेंस ( डेनमार्क ), वार्ता।** रिपब्लिक ऑफ कोरिया ने पिछले तीन टूर्नामेंट में अपना दूसरा उबेर कप खिताब जीता। रविवार को डेनमार्क के हॉर्सेंस में हुए मुक. ाबले में उन्होंने पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को 3-1 से हराया।

हालांकि, चीनी पुरु टीम फांस के खिलाफ अपने चैंपियनशिप मुकाबले में जीत हासिल करने में सफल रही। उन्हें इसी स्कोरलाइन (3-1) से जीतने के लिए लगभग साढ़े चार घंटे का समय लगा। यह इस टूर्नामेंट के 34वें संस्करण में चीन की लगातार दूसरी (2024 के बाद) और कुल मिलाकर 13वीं जीत थी। वोंग होंग यांग और शी यू क्यूई द्वारा मशहूर फांसीसी पोपोव भाइयों पर सिंगल्स में जीत हासिल करने के बाद, ही जी टिंग और रेन जियांग यू ने डबल्स मुकाबले में एलोई एडम और लियो रॉसी को 21-13, 21-16 से हराकर टीम की जीत पक्की कर दी। इससे पहले, कोरिया की बेक हा ना और किम हे जियोंग ने जिया ई फैन और झांग शू जियान को 16-21, 21-10, 21-13 से हराकर उबेर कप में जीत हासिल की। इस जीत के बाद कोरियाई टीम जश्न मनाते हुए कोर्ट पर दौड़ पड़ी। रिपब्लिक ऑफ कोरिया ने अब 2010, 2022 और 2026 में उबेर कप जीता है। चीन अपना रिकॉर्ड 17वां टीम खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा था, क्योंकि 1988 से अब तक हुए सात चैंपियनशिप मुक. ाबलों में उसने कोरियाई टीम को हराया था।

# हेड, क्लासेन और किशन पर भारी पड़े हैं: अर्शदीप

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और पंजाब किंग्स के बीच इस सीजन का 49वां मुकाबला खेला जाएगा। एसआरएच ने अभी तक 10 मैच खेले हैं जिसमें से उन्हें छह मैचों में जीत मिली है और चार मुक. ाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। टीम 12 अंक के साथ प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है। वहीं पंजाब ने अभी तक नौ में से छह मैच जीते हैं,

और 13 अंकों के साथ अंक तालिका में टॉप पर हैं। हालांकि वह दो लगातार मैच हारकर आ रहे हैं। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच अभी तक कुल 25 मैच हुए हैं जिसमें से एसआरएच ने 17 और पंजाब ने केवल आठ ही मैच जीते हैं। सिक्स हिटर्स की होगी जंग इस मैच में छक्कों की बरसात हो सकती है। इसकी वजह यह है कि दोनों ही टीमों में लंबे-लंबे छक्के लगाने वाले बल्लेबाज मौजूद हैं। अगर एसआरएच की बात करें तो उनके पास अभिोक शर्मा हैं जिन्होंने इस सीजन अभी तक दूसरे सबसे ज्यादा (32) छक्के लगाए हैं।

इशान किशन 18 और हेनरिक क्लासेन 19 छक्के अभी तक लगा चुके हैं। ट्रेविस हेड भी फॉर्म में आ चुके हैं। दूसरी तरफ अगर पंजाब की बात करें तो उनके पास भी सिक्स हिटर्स की फौज है। प्रियांश आर्य अभी तक इस सीजन 26 छक्के लगा चुके हैं और कुल 51 छक्के आईपीएल में लगाए हैं। प्रभसिमरन सिंह भी आईपीएल 2025 से लेकर अभी तक 47 छक्के लगा चुके हैं। श्रेयस अय्यर भी 22 छक्के इस सीजन जड़ चुके हैं। कूपर कॉनली भी पीछे नहीं रहे हैं और 18 छक्के अभी तक लगा चुके हैं। अर्शदीप के पास हेड, क्लासेन और किशन का तोड़ एसआरएच के लिए टॉप ऑर्डर में हेड और किशन ने धुआंधार बल्लेबाजी की है। वहीं मिडिल ऑर्डर में क्लासेन का बल्ला जमकर बोला है। क्लासेन अगर चलते हैं तो फिर मैच जिताकर ही लौटते हैं। हालांकि पंजाब के पास अर्शदीप सिंह के रूप में इन सबका तोड़ है। अर्शदीप ने हेड को तीन बार और किशन को चार बार आउट किया है। वहीं क्लासेन के खिलाफ जहां तक रिकॉर्ड का सवाल है तो उनको टी20 की सात पारियों में तीन बार पवेलियन भेजा है।

# मुंबई, बुमराह का सही इस्तेमाल नहीं कर रही है: संजय बांगड़



**मुंबई, वार्ता।** जसप्रीत बुम. राह, आईपीएल 2026 में लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं और ज्यादातर बातें इस बारे में रही हैं कि वह विकेट नहीं ले पा रहे, उनकी रफ्तार कम दिख रही है और मुंबई इंडियंस उन्हें हमेशा सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर रही है। जबकि मुंबई कैंप के लोग यह कहते नजर आ रहे हैं कि बुम. राह चुनौती के लिए तैयार हैं और जब विकेट लेने का समय आएगा, वह विकेट ले लेंगे।

सोमवार रात वानखेड़े में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ भी उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। यह इस सीजन का सातवां ऐसा मैच था, जब उन्हें कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने इस दौरान इस मैच में 45 रन दिए। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में संजय बांगड़ और वेदा कृणमूर्ति ने सुझाव दिया है कि मुंबई टीम प्रबंधन को बुम. राह से बात करनी चाहिए और उनसे पूछना चाहिए कि क्या वह ब्रेक लेना चाहते हैं? वेदा ने कहा कि टीम प्रबंधन, कोच, कप्तान, उपकप्तान सूर्या (कुमार यादव) या फिर रोहित (शर्मा), ईमानदारी से बैठकर उनसे बात कर सकते हैं। उनसे पूछ सकते हैं: 'क्या आप अंदर से 100 प्रतिशत फिट महसूस कर रहे हैं, 'क्या आप एक-दो मैच का ब्रेक लेना चाहते हैं'। ताकि वह तरोताजा होकर लौटें।

उनसे यह पूछा जा सकता है और उम्मीद की जा सकती है कि वह ईमानदारी से जवाब देंगे। और अगर वह कहते हैं 'नहीं, मैं खेलने के लिए तैयार हूं', तो शायद हम उनका बेहतर वर्जन देखेंगे, क्योंकि वह और ज्यादा मेहनत करेंगे। एक ईमानदार बातचीत जरूरी है, ताकि यह साफ हो सके कि उन्हें ब्रेक चाहिए या वह खेल सकते हैं।

# नवागत जिलाधिकारी ने संभाला चार्ज, आमजन की समस्याओं का समाधान होगी सर्वोच्च प्राथमिकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नवागत जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने मंगलवार को मुरादाबाद कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार कार्यालय पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। जिलाधिकारी कोषागार में चार्ज संभालने के बाद कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों का परिचय लिया। मीडिया से बातचीत के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं को गंभीरतापूर्वक प्रभावी बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापरक समाधान भी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है इसके लिए जनसुनवाई को सख्ती से प्रभावी बनाया जाएगा। सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में समयबद्धता के साथ ही सीएम डैशबोर्ड के सभी बिंदुओं और मानकों का संतृप्तिकरण होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंच. ाना और शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करते हुए जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने दो टूक यह भी कहा कि आमजन अपनी समस्याएं और शिकायतें संबंधित सक्षम अधिकारी के पास दर्ज कराएं और इस दौरान इस बात का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी कृत्य से शांति और कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बिल्कुल न करें।



# जिला समन्वयक अमित कुमार लापरवाही के आरोप में निलंबित

**कांठ (शाह टाइम्स)।** आरटीई के अंतर्गत पोर्टल पर सीटों को फीड करने में लापरवाही करने के आरोप में बीएसए ने जिला समन्वयक अमित कुमार सिंह को निलंबित कर दिया। उन पर कार्यालय से पदमुक्त करने के बाद मूल विद्यालय में ज्वाइन न करने का भी आरोप है। बीएसए विमलेश कुमार ने जांच बीईओ कुंदरकी को सौंपी है। आरटीई के अंतर्गत इस वर्ष करीब 13 हजार सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन मांगे गए थे। तीनों चरणों की प्रक्रिया के बाद जनपद के 728 विद्यालयों में 7124 विद्यार्थियों को सीटें आवंटित की गईं, लेकिन स्कूलों ने सिर्फ 3200 सीटों पर ही दाखिले पूरे किए। स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी की शिकायत को लेकर अभिभावक विभाग के चक्कर लगाते रहे। इसकी शिकायतें शासन-प्रशासन में हुईं। सीटों में गड़बड़ी का खेल डीएम द्वारा 22 अप्रैल को की गई जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति एवं मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा बैठक में खुला, जहां खंड शिक्षा अधिकारियों ने कहा कि नामांकन में कम या अधिक होने के संबंध में दिखाई दे रही गलती जनपद स्तर से की गई होगी। बीएसए विमलेश कुमार द्वारा जारी किए गए पत्र की। अनियमितताओं की दो सदस्यीय समिति ने जांच की। जांच अधिकारियों ने यू-डायस पोर्टल एवं आरटीई पोर्टल पर बच्चों की नामांकन संख्या में भिन्नता होना, निजी स्कूलों में कम नामांकन के उपरांत आरटीई के अंतर्गत अधिक सीट एवं अधिक नामांकन के उपरांत कम सीटों का आवंटन होने के आरोपों पर रिपोर्ट दी।

कार्यालय को मिली आख्या में जिला समन्वयक अमित कुमार सिंह को प्रथम दृष्टया इन आरोपों का दोषी पाया गया। इसके आधार पर तत्काल प्रभाव से उनको निलंबित कर दिया।

## बिलारी समाचार

### बारिश के बाद मौसम हुआ सुहाना गर्मी से मिली लोगों को राहत



**कांठ( शाह टाइम्स )** आंधी और बारिश के बाद एक और जहां आम की फसल को नुकसान पहुंचा है वहीं दूसरी और खेतों में हरियाली भी छा गई है और लोगों को गर्मी की मार से भी राहत मिल चुकी है सभी जानते हैं कि अप्रैल के महीने में लोग भारी गर्मी से गुजर रहे थे। और मई का महीना तो और भी गर्मी वाला माना जाता है लेकिन एक दिन पहले अचानक बारिश के साथ आई आंधी ने एक और जहां बिजली को गुल कर दिया पेड़ों से भारी तादाद में आम गिर गए। लेकिन किसानों की फसलों को इससे काफी फायदा पहुंचा है बारिश के बाद सूख रहे खेतों में हरियाली छा गई मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पुराने जानकार मौसम के इस बदलाव पर आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं लोगों का कहना है मई के महीने में इस तरह मौसम में बदलाव वह पहली बार देख रहे हैं।

### टीएसआई ने छात्रों को बताया सुरक्षित सड़क पार करने का तरीका



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** छुट्टी के बाद स्कूलों से घर लौट रहे छात्र-छात्राओं को टीएसआई रामकुमार सिंह ने सुरक्षित सड़क पार करने का तरीका बताया उन्होंने ट्रैफिक रुकवा कर बच्चों को सड़क पार कराई और यातायात सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। छात्रों को बताया कि सड़क पार करने से पहले उन्हें रुक कर दाएं और बाएं दोनों तरफ देखना चाहिए उसके बाद खाली सड़क मिलने पर ही सड़क पार करें। उन्होंने यातायात सुरक्षा के बारे में और कई प्रकार की जानकारी दी और कहा कि इन जानकारी को वह स्कूल के साथियों और अपने घरों के आसपास रहने वाले बच्चों से भी साझा करें।

### मां और भाई की हत्यारोपी लड़की की कराई पुलिस ने मानसिक जांच

**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसील के गांव भैंसली जमालपुर में मां और भाई की खूंटे से हमला कर हत्या करने वाली युवती का सोमवार को जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मानसिक परीक्षण किया। डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर सीएमओ को सौंप दी है।कांठ क्षेत्र के भैंसली जमालपुर उर्फ गदापुर गांव निवासी मुन्नी देवी के परिवार में दो बेटे राजीव, अर्जुन और तीन बेटियां हैं। इनमें एक बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। मानसिक रूप से कमजोर युवती ने खूंटे से हमला कर भाई अर्जुन और मां मुन्नी की हत्या कर दी थी लेकिन परिवार के लोग युवती की मेडिकल रिपोर्ट नहीं दिखा पाए थे।

पुलिस की ओर से कोर्ट से युवती के मेडिकल चेकअप की मांग की गई थी। कोर्ट ने सीएमओ को जांच कराने के आदेश दिए थे लेकिन जिला अस्पताल में साइकॉलोजिस्ट की कमी के कारण चेकअप नहीं हो पाया था। सोमवार को जिला अस्पताल में युवती का मेडिकल चेकअप किया गया।

### निरीक्षक आभा शर्मा बनीं पुलिस उपाधीक्षक, डीआईजी और एसएसपी ने स्टार लगाकर किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** पुलिस विभाग में मंगलवार को एक गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब निरीक्षक आभा शर्मा को पदोन्नत कर पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया। इस अवसर पर डीआईजी मुनिराज जी एवं एसएसपी सतपाल अंतिल ने उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि आभा शर्मा ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ किया है, जिसके फलस्वरूप उन्हें यह पदोन्नति प्राप्त हुई है। उनके कार्यकाल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। सभी ने नवपदस्थापित पुलिस उपाधीक्षक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि आभा शर्मा अपने नए पद पर भी उसी समर्पण और लगन के साथ कार्य करेंगी और विभाग का नाम रोशन करेंगी।पुलिस विभाग में इस तरह की पदोन्नतियां न केवल कर्मियों के मनोबल को बढ़ाती हैं, बल्कि बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी देती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और इस उपलब्धि को साझा खुशी के रूप में मनाया।यह अवसर मुरादाबाद पुलिस के लिए गर्व का क्षण रहा, जहां एक मेहनती और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी को उसके कार्यों का सम्मान मिला।




# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिए जाएंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार, 3 दिन में करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि हर साल 3 दिसंबर को "विश्व दिव्यांग दिवस" के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाते हैं। इसके लिए पात्र अभ्यर्थी/संस्थाएं आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली 2017 के तहत 12 विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। इच्छुक पात्र व्यक्ति/संस्थाएं कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन से आवे. दन पत्र प्राप्त कर अपना पूर्ण विवरण व अभिलेखों सहित 3 प्रतियों में 3 दिवस के अंदर जमा कर सकते हैं।इन श्रेणियों में कर सकते हैं आवेदन: दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेण्ट अधिकारी या एजेंसी दिव्यांगजन के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास दिव्यांगजन को बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं देने वाला सर्वश्रेष्ठ जिला सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्ति एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने पात्र लोगों से समय से आवेदन करने की अपील की है।

# शिक्षामित्रों के बढ़े मानदेय का वितरण, मंत्री अनिल कुमार ने सौंपे 18 हजार के चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों के बढ़े हुए मानदेय के भुगतान/ वितरण के शुभारंभ व सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण सोमवार को पंचायत भवन सभागार में किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने शिक्षामित्रों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया है। उन्होंने कहा कि 1999 में चयन के समय शिक्षामित्रों को 3500 रुपये मानदेय मिलता था। पूर्व की सरकारों ने मानदेय बढ़ाने पर कोई कदम नहीं उठाया, जबकि वर्तमान सरकार ने इसे 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार कर दिया है। साथ ही शिक्षामित्रों को 5 लाख रुपये तक नि:शुल्क कैशलेस इलाज की सुविधा भी दी गई है। मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि प्रदेश में मानदेय प्राप्त कर रहे सभी शिक्षामित्र बच्चों की प्राथमिक शिक्षा को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। जनपद मुरादाबाद के 1408 परिषदीय विद्यालयों में से 100 विद्यालयों में नक्षत्रशाला विकसित की गई है। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से मुरादाबाद को यह सौगात मिली है, जिससे छात्रों को विज्ञान समझने व आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा देने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पबद्ध है। परिस्थितियां कितनी भी विपरीत हों, बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षा दिलानी चाहिए। पिछले 9 वर्षों से योगी सरकार में कानून का राज है और प्रदेश में सभी बहन-बेटियां सुरक्षित हैं। कार्यक्रम में मंत्री ने शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय 18 हजार रुपये के सांकेतिक चेक वित. रित किए और बताया कि सभी शिक्षामित्रों के खाते में बढ़े हुए मानदेय का भुगतान कर दिया गया है।इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान, महापौर विनोद अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, जिला अध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, बीएसए विमलेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व शिक्षामित्र मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के मुरादाबाद स्थानांतरण पर उनके सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल भावुक रहा और उनके सफल कार्यकाल की उपलब्धियों को सराहा गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा द्वारा जिलाधिकारी को फूल-मालाएं पहनाकर की गई। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी पुष्प भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने भी उनके नेतृत्व में हुए कार्यों को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी दीपक तिवारी, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार तथा जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने डॉ. पैंसिया के नेतृत्व, कार्यकुशलता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। अपने संबोधन में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपदवासियों की सेवा करना उनके लिए गौरव का विषय रहा। उन्होंने जनपद के 68 प्राचीन तीर्थों एवं 19 महाकूपों के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए।

समारोह का समापन शुभकामनाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।




# साहित्य सृजक सम्मान से सम्मानित हुए युवा कवि दिनेश पाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** हिंदू जागृति मंच एवं साहित्य सोम संगम के संयुक्त तत्वावधान में बुद्ध जयंती के अवसर पर एक भव्य साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन, कवि सम्मेलन तथा साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न साहित्यकारों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं शारदा वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर अतुल कुमार शर्मा द्वारा संपादित दो साझा संकलन 'सोम सिंधु' एवं 'साहित्य श्रेय' का विमा. ेचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान कवियों ने अपनी रचनाओं से वातावरण को साहित्यिक रंग में रंग दिया। भव्य समारोह के बीच युवा कवि दिनेशपाल सिंह 'दिव्य' को उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक सेवाओं के लिए 'साहित्य सृजक सम्मान' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उपजिलाधिकारी निधि पटेल एवं तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में नकद धनराशि सहित प्रदान किया गया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि समाज में साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने वाले रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर डॉ. प्रतोष कुमार मिश्रा, अवधेश विद्यार्थी, बेबी रानी मिश्रा, विश्ववर दयाल अवस्थी, सुभाष चंद्र शर्मा, रीना खेड़ा, डोरी लाल भास्कर, नेहा मलय, भागीरथ सिन्हा, संजय सुमन, बेखुद योगेश बृजवासी, अखिलेश पुरोहित, पीके शायर, विकास मिश्रा, नेहा गौतम, संजय सृजन सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा ने किया।

# शोक के चलते बदला बैसाखी मेले का कार्यक्रम, आज होगा भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री श्री 108 नालों वाले बाबा के मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले वार्षिक बैसाखी मेले की तारीख में बड़ा बदलाव किया गया है। फीका नदी के तट पर लगने वाले इस पारंपरिक मेले का शुभारंभ अब आज किया जाएगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष सुनील चौहान और कोषाध्यक्ष संजय गांधी ने आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय एक दुखद घटना के मद्देनजर लिया गया है। हाल ही में सुरजन नगर में कार्यरत विद्युत संविदा कर्मचारी सर्वेश कुमार उर्फ छोटू की असामयिक और हृदयविदारक मृत्यु हो गई। सर्वेश कुमार के प्रति स्थानीय लोगों का गहरा लगाव था और इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक कर्मचारी के सम्मान में कमेटी ने सर्वसम्मति से मेले के उद्घाटन को एक दिन आगे बढ़ाने का फैसला किया है। अब इस मेले का औपचारिक शुभारंभ बढ़ापुर विधायक माननीय सुशांत कुमार के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। कमेटी ने स्पष्ट किया कि यद्यपि यह वार्षिक आयोजन हर्षोल्लास का प्रतीक है, किंतु सामा. जिक संवेदनाओं और शोक संतप्त परिवार के प्रति एकजुटता प्रकट करना प्राथमिक कर्तव्य है। 6 मई से शुरू होने वाले इस मेले में पूर्व की भांति ही सभी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



# परोपकार की मिसाल रहीं सरोज उपाध्याय सेवा से भरा जीवन बना प्रेरणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कहते हैं कि जीवन ऐसे जियो कि लोग आपको सदैव याद रखें। आप भले ही आज न हो लेकिन आप लोगों के दिलों में सदैव जिंदा रहो। वास्तव में ऐसे कई व्यक्तित्व हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी दूसरों की सेवा के नाम कर दी। सरोज उपाध्याय जो आज हमारे बीच नहीं हैं, उन्होंने अपने जीवन में परा. ेपकार की अनूठी मिसाल पेश की। उन्होंने अपने पूरे जीवन में गरीबों व असहाय लोगों की मदद की। बता दें कि लोगों के लिए परोपकार की भावना दिल में रखने वाली सरोज उपाध्याय का जन्म 1938 में खास बदायूं में हुआ था। सरोज बचपन से ही दूसरों की मदद करती थीं, यह संस्कार उन्हें अपने पिता ब्रज नारायण शर्मा से मिले थे। सोलह साल की उम्र में जब सरोज ने मात्र इंटरमीडिएट किया था, तभी उनकी शादी चन्दौसी में रहने वाले विष्णु गोपाल उपाध्याय से हो गई जो रेलवे में अधिकारी थे। सरोज ने परिवार की जिम्मेदारियों को संभाला और उन्हें बखूबी निभाया। तीन बेटी और एक बेटा हो जाने के बाद सरोज उपाध्याय ने पढ़ने की इच्छा अपने पति एवं परिवार को बताई, घर से सपोर्ट मिला तो सरोज ने ट्रिपल एम.


सरोज उपाध्याय।

ए., बी.एड. किया। उन्हें कई बार नौकरी का भी ऑफर मिला लेकिन उन्होंने नौकरी छोड़ समाजसेवा को अपनाया और उनके बाद लिखी गई सरोज के परोपकार की अनूठी मिसाल की कहानी। सरोज पूरी तरह से जीवन भर गरीबों एवं असहायों के लिए समर्पित रहीं। उन्होंने गर्मी में गरीब लोगों को पंखे उपलब्ध कराये तो कड़ाके की ठंड में स्टेशन पर ठंड से ठिठुरते लोगों को कंबल उपलब्ध कराए। कभी घर से निकाल दी गई बुजुर्ग महिला को उनका हक दिलाया तो कभी अनाथ व बेसहारा बच्चों को सहारा दिया। कभी अनपढ़ लोगों को शिक्षित करने का कार्य किया तो कभी दृष्टिहीन लोगों का इलाज कराकर उन्हें उनकी आंखों की रोशन वापस दिलाई। समाजसे. विका सरोज उपाध्याय की तीन बेटियां समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग व उ0प्र0 वित्त निगम में तथा बेटा विजय उपाध्याय अधिवक्ता हैं।

समाजसेविका अपनी गंभीर बीमारी से लगभग सात वर्ष जूझती रहीं और अंतिम सांस 09 मार्च 2026 को ली और मौहल्ला रामनौमी स्थित आवास पर उनका निधन हो गया परंतु उनका परोपकारी जीवन आज भी लोगों के आदर्श बना हुआ है।



# इंडिया गठबंधन का अस्तित्व राहुल गांधी और अखिलेश की कार्य योजना पर निर्भर

पश्चिम बंगाल में टीएमसी की ममता बनर्जी और तमिलनाडु में डीएमके के एम।के। स्टालिन की चुनावी हार ने इंडिया गठबंधन के लिए एक विचित्र स्थिति पैदा कर दी है और कुछ राजनी. तिक विशेषज्ञों ने तो इसकी मृत्यु की घोषणा भी कर दी है। गठबंधन को पहले ही बिहार और महाराष्ट्र में बड़े झटके लग चुके हैं, जहां आरजेडी के तेजस्वी यादव और एनसीपी के शरद पवार को क्रमश: चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। इस प्रकार, संकट के दौर में भारत गठबंधन को संभालने की भारी जिम्मेदारी काफी हद तक कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आ गई है।



इसी कारण, संभावित संकट को भांपते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज पार्टी के भीतर ममता बनर्जी की आलोचना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। कुछ बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस और अन्य दलों के कुछ लोग टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। गांधी ने आगे कहा, उन्हें यह स्पष्ट रूप से समझना चाहिए कि असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने अभियान में एक बड़ा कदम है। छोटी राजनीति को एक तरफ रख दें। यह किसी एक पार्टी या दूसरी पार्टी का मामला नहीं है, यह भारत का मामला है। इसी तरह, अखिलेश यादव ने कोलकाता में ममता बनर्जी के खिलाफ अपनी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा के आलोचनात्मक बयान के बावजूद उनका समर्थन किया है। यादव ने कहा, धोखाधड़ी से मिली जीत हमेशा के लिए नहीं टिकती और उसका जीवनकाल सीमित होता है। नंदा की तुलना में, जिनका समाजवादी पार्टी में योगदान मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में हमेशा विवादास्पद रहा है, अखिलेश यादव ममता बनर्जी के राजनी. तिक महत्व को बेहतर समझते हैं।

लोकसभा में उनके पास अभी भी 29 और राज्यसभा में 13 सांसदों का मजबूत आधार है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बावजूद टीएमसी को 41 प्रतिशत मत मिले हैं। स्टालिन की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है, जिनकी डीएमके ने लगभग 25 प्रतिशत मतों के साथ 59 सीटें जीती हैं। डीएमके के लोकसभा में 22 सांसद हैं। टीएमसी और डीएमके दोनों ने पिछले महीने एनडीए के विवादास्पद परिस. ीमन विधेयक को पारित होने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसी खबरें हैं कि एनडीए इन दोनों पार्टियों में फूट डालने की कोशिश कर रहा है ताकि भारत गठबंधन को और कमजोर किया जा सके। इसलिए, 2029 के लोकसभा चुनाव अभी दूर हैं, ऐसे में TMC और DMK की संसदीय शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मतगणना के दौरान राहुल गांधी द्वारा ममता बनर्जी और स्टालिन को किया गया फोन कॉल, INDIA गठबंधन को एकजुट रखने के उद्देश्य से था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ममता बनर्जी और स्टालिन, INDIA गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस को उसका उचित हिस्सा नहीं देने दिया।



एम. हसन

पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने दो सीटें जीती हैं और तमिलनाडु में DMK के साथ गठबंधन में पांच सीटें जीती हैं। केरल में जीत और कर्नाटक एवं तेलंगाना में नियंत्रण हासिल करने के बाद अब कांग्रेस को दक्षिण में मजबूती मिल गई है। ऐसे में, नई गठबंधन सरकार के गठन में विजय की टीवीके पार्टी का समर्थन करना संभव है, लेकिन ऐसी खबरें हैं कि वह डीएमके के साथ भी संबंध बनाए रखेगी। हालांकि, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को कांग्रेस के साथ घनिष्ठ सहयोग करते हुए अपनी राजनीतिक रणनीति में बदलाव करना होगा। पिछले 24 घंटों में राहुल गांधी के नरम रुख से यह साफ संकेत मिलता है कि वे ममता बनर्जी को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में, जहां 2027 में चुनावी मुकाबला होना है, यादव को अपनी गठबंधन रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा और यह तय करना होगा कि वे कांग्रेस को गौण भूमिका में रखना चाहते हैं या एक सम्मानजनक साझेदारी चाहते हैं। बसपा प्रमुख मायावती के किसी भी गैर-भाजपा गठबंधन में शामिल होने की संभावना न के बराबर है, क्योंकि उन्होंने पहले ही अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इस प्रकार, राहुल गांधी और अखिलेश यादव न केवल संयुक्त रूप से भारत गठबंधन के अस्तित्व की कुंजी रखते हैं, बल्कि वे भारत के सबसे अधिक आबादी वाले और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में अपनी खोई हुई जमीन भी वापस हासिल कर सकते हैं।

## ममता का रौद्र रूप

यूं तो सोमवार को हुई मतगणना में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम सामने आ चुके हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल का मामला अभूतपूर्व दिखाई दे रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री के पद पर बैठीं ममता बनर्जी ने इन चुनाव नतीजों को मानने से इन्कार कर दिया है और साफ कह दिया है कि वह इस्तीफा नहीं देने जा रही हैं। भारत के इतिहास में संभवत: पहली बार ऐसा देखने में आ रहा है जब किसी राज्य का मुख्यमंत्री हारने के बाद अपना इस्तीफा देने से इन्कार कर रहा है। मंगलवार को ममता ने साफ कहा कि वह हारी नहीं हैं बल्कि उन्हें साजिश के तहत हराया गया है। इसलिए मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, उन्होंने यह भी कहा कि वह राजभवन नहीं जाएंगी। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सीधे निशाना साधा और कहा कि इस चुनाव में चुनाव आयोग ही असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर सौ सीटें लूटी हैं। उन्होंने चेतावनीभरे लहजे में कहा कि अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं, सड़कों पर रहूंगी, कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनके कार्यकर्ताओं ने काउंटर सेंटरों पर कब्जा कर लिया था और खुद उनके साथ बदसलूकी की। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटों पर जीत दर्ज की है और 80 सीटें टीएमसी के खाते में गई हैं। भाजपा नौ मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि चुनाव के समय से ही बंगाल से जिस तरह की खबरें आ रही हैं, वह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक दिखाई नहीं दे रही थी। ममता बनर्जी नहीं बल्कि तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग को लेकर जरा भी सहज दिखाई नहीं दिए और उन्हें लगता रहा कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। ये आरोप कितने सही हैं, यह बात अपनी जगह पर, लेकिन यह तो कहना ही पड़ेगा कि चुनाव आयोग ने भी अपनी तरफ से इस तरह का वातावरण नहीं बनाया जिससे उस पर लगे आरोपों की धार कुंद हो। चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वह चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी कराए और उस पर सत्ता और विपक्ष दोनों का ही विश्वास बना रहे, लेकिन पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि विपक्ष खुलकर चुनाव आयोग पर एक पक्षीय फैसले लेने का आरोप लगा रहा है। इस पर चुनाव आयोग को जरूर ध्यान देना होगा, लेकिन जहां तक बात ममता के इस्तीफे की है, इस तरह का टकराव भी लोकतंत्र के हित में नहीं है। इससे जनता में गलत संदेश जाता है। वैसे भी टकराव विचारों का होना चाहिए न कि निजी रूप से। ममता बनर्जी सीधे पीएम मोदी और अमित शाह को निशाने पर ले रही हैं। जिस तरह बंगाल से हिंसा की खबरें आ रही हैं वह तो और भी चिंता पैदा करती हैं।

## श्रीमुख से...

### चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा चुनाव आयोग



चुनाव आयोग केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा है, पश्चिम बंगाल चुनावों के परिणाम देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गिरती स्थिति के प्रति बड़ी चिंता का हिस्सा हैं, टीएन शेषन द्वारा किए गए सुधारों के बाद कभी भारत की मजबूत चुनाव प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रशंसा होती थी और आयोग को लोकतंत्र का निडर रक्षक माना जाता था, आज वही संस्था केंद्रीय एजेंसियों की मदद से चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोपों के घेरे में है, देश भले ही विश्वगुरु बनने का लक्ष्य हासिल न कर पाया हो, लेकिन चुनावी हेराफेरी की कला में जरूर महारत हासिल कर ली है, पश्चिम बंगाल के हालिया घटनाक्रम इस परेशान करने वाली वास्तविकता का ताजा उदाहरण हैं।

-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष, पीडीपी

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

फीचर डेस्क, शाह टाइम्स

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003


E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com

# जेलीफिश मनुष्यों के समान सोती है

जेलीफिश एक समुद्री अकशेरुकी जीव है जो आम तौर पर अपने छतरी जैसी आकृति से पहचाना जाता है। यह निडेरिया फायलम में कैसियोपिडी कुल में आता है और कैसिओपी जीनस का सदस्य है जिसमें 12 प्रजातियां हैं। देखा जाए तो यह हायड्रा, सी-एनीमोन, कोरल जैसे अन्य जलचर जंत. ुओं का सम्बंधी है। यहां जिस जेलीफिश की बात हो रही है वह उल्टी छतरी जैसा दिखता है। यानी छत्ता जमीन पर और झालर ऊपर।

**यूवी प्रकाश डीएनए क्षति के लिए जाना जाता है। यूवी के संपर्क में रहने के बाद जेलीफिश सामान्य से ज्यादा देर तक सोती रहीं जबकि उनमें मस्तिष्क नहीं होता। इसी प्रकार से, सी-एनीमोन को ऐसी कीमोथेरपी औषधि दी गई जो डीएनए क्षति करती है। इस उपचार के बाद एसी-एनीमोन 30 प्रतिशत ज्यादा सोए।**

यह शैवालों के साथ सहजीवी सम्बंध में रहता है। शैवाल प्रकाश संश्लेषण के जरिए भोजन का निर्माण करते हैं। यह शैवाल इसके छाते में बसते हैं और यही कारण है कि यह जेलीफिश छाते को उल्टा रखती हैं ताकि इन शैवालों को भोजन निर्माण के लिए प्रकाश मिलता रहे। जेलीफिश विभिन्न रंगों में मिलती है और यह रंग इन्हें शैवालों की बदौलत ही मिलता है। अब वैज्ञानिकों ने नेचर कम्यूनिकेशन्स में प्रकाशित एक शोध पत्र में बताया है कि जेलीफिश और स्टारलेट सी-एनीमोन में नींद जैसे पैटर्न नजर आते हैं। अक्सर यह मान लिया जाता है कि नींद लेने के लिए दिमाग जरूरी है लेकिन उक्त अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दी है। देखा जाए तो नींद एक जोखिम भरा व्यवहार है - उस दौरान जंतु शिकारियों के प्रति कमजोर हो जाते हैं। वैज्ञानिकों का विचार है कि यदि फिर भी नींद आती है, तो इसकी कुछ तो लाभदायक भूमिका होनी चाहिए। इस्राइल के शोधकर्ता उपरोक्त दो प्रजातियों में इसी की छानबीन कर रहे थे। ये दोनों जंतु उथले लैगून्स के पेंदों में अपने टेन्टेकल्स को लहराते पड़े रहते हैं। टेन्टेकल्स शिकार को पकड़ने का काम करते हैं। इनमें नींद जैसी अवस्था देखी गई थी। यह देखा गया था कि दिन के कई घंटे यह ऊंघते रहते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इन जंतुओं में मस्तिष्क तो छोड़िए, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र भी नहीं होता। इनकी तंत्रिकाएं पूरे शरीर में बिखरी होती हैं। बार-इलान विश्वविद्यालय के लियोर एपलबॉम और उनके साथी देखना चाहते थे कि इनमें नींद का पैटर्न कैसा होता है और नींद की भूमिका क्या है। अपनी प्रयोगशाला में उन्होंने एक एक्वेरियम में कई सारी जेलीफिश रखीं और कई दिनों तक उन्हें 12 घंटे रोशनी और 12 घंटे अंधकार में रखा, यह देखने के लिए कि जेलीफिश इन



अवधियों में कितनी बार अपनी छतरी नुमा तोंद को ऊपर-नीचे करती हैं। यह फूलना-पिचकना इनके जागे होने का एक संकेत है।

प्रयोग में देखा गया कि रात में जेलीफिश कम सक्रिय रहती हैं और अपनी तोंद को प्रति मिनट लगभग पांच बार कम ऊपर-नीचे करती हैं। अब यह देखना था कि क्या इस क्रिया का सम्बंध निद्रावस्था से है। शोधकर्ताओं ने जेलीफिश पर रोशनी चमकाई और देखा कि वे कितनी जल्दी अपनी धड़कन से प्रतिक्रिया देती हैं। किसी ऊंघते मनुष्य के ही समान जेलीफिश ने अंधकार में रोशनी की प्रतिक्रिया देने में 20 सेकंड का टाइम लिया। जबकि दिन में चौकन्नी अवस्था में उन्हें मात्र 10 सेकंड लगते हैं। सी-एनीमोन का पैटर्न इससे उल्टा था। वे रात में सक्रिय रहते हैं और दिन में उनकी हरकतें धीमी रहीं और प्रतिक्रिया अवधि लंबी। अलबत्ता, दोनों ही जंतु दिन की एक-तिहाई अवधि तक सोते रहे। और तो और, सी-एनीमोन के सोने जागने का क्रम उनकी अंदरुनी घड़ी (सर्काडियन क्लॉक) से संचालित था। शोधकर्ताओं ने प्रकाश व अंधकार के क्रम को पलट दिया, तब भी सी-एनीमोन का सोने-जागने का क्रम बरकरार रहा। दूसरी ओर, जेलीफिश में यह क्रम प्रकाश से प्रभावित हुआ-अंधेरे में वे उनींदे रहे और रोशनी में सक्रिय।

यह भी देखा गया कि इन जंतुओं को यदि एक रात की नींद ठीक से न मिले तो उन्हें बाद में ज्यादा आराम की जरूरत होती है, ठीक इंसानों के समान। शोधकर्ताओं ने एक्वेरियम में पानी को 6 घंटे तक उस दौरान मथा जो जेलीफिश के सोने का समय था। इससे उनकी नींद कच्ची रही और बाद में वे सामान्य जेलीफिश की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक समय तक सोते रहे। शोधकर्ताओं ने नींद के साथ छेड़छाड़ का एक तरीका और आजमाया। उन्होंने कुछ एक्वेरियम टंकियों में मेलेटोनिन डाल दिया। मेलेटोनिन एक हॉरमोन है, मनुष्यों में मस्तिष्क जिसका स्राव रात में करता है और यह नींद प्रेरित करता है। मेलेटोनिन का ऐसा ही असर जेलीफिश तथा सी-एनीमोन पर भी हुआ और वे दिन की उस अवधि में ऊंघने लगे जब वे सामान्य तौर पर सक्रिय होते हैं। जाहिर है कि यह दो जंतु नींद का मजा लेते हैं। पूर्व में कई शोधकर्ता दर्शा चुके थे कि मक्खियों, चूहों और मनुष्यों सहित कई प्रजातियों में नींद डीएनए को हुई क्षति को कम करता है। यह क्षति जाग्रत अवस्था में होती रहती है। एपलबॉम का विचार है कि शायद जेलीफिश और सी-एनीमोन में भी ऐसा ही होता है। अपने इस विचार की जांच के लिए उन्होंने एक प्रयोग किया।

# चलो अच्छा हुआ कम्युनिस्टों की विदाई तो हुई

पांच राज्यों के चुनाव परिणाम की खास बात यह रही कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा के बाद केरलम से कम्युनिस्ट विचारधारा की विदाई हो गई। अजीब संयोग है कि कुछ माह पहले ही नेपाल से भी कम्युनिस्ट विचारधारा का खात्मा हुआ है। और अब भारत से बची-खुची इसके अवशेष अतीत होने के कगार पर है। कम्युनिस्ट विच. ारधारा फिलहाल भारत की राजनीति में सूट नहीं करती बावजूद इसके यह विचार धारा यहां दो चार प्रदेशों में अच्छे से फल-फूल रहा था। भारत और नेपाल दोनों ही इससे प्रभावित होते रहे हैं। फिलहाल अब भारत और इसके पड़ोसी राष्ट्र नेपाल दोनों ही इससे मुक्त हो गए हैं।



यशोदा श्रीवास्तव

एकाध चुनावों में किसी पार्टी के पराजय को उसके समापन की दृष्टि से देखना यद्यपि कि मुनासिब नहीं है लेकिन जब हम कट्टर कम्युनिस्ट राज्य पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा की ओर देखें तो कह सकते हैं कि केरलम भी अब इस विचारधारा की वापसी नामुमकिन नहीं तो मुश्किल जरूर है। पश्चिम बंगाल से कम्युनिस्ट पार्टियों के बियाबान में पहुंचाने के लिए ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया जाना चाहिए, भले ही वे सत्ता से बेदखल हो गई हों। नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की वाह वाही इसलिए भी खूब हो रही है कि उसने नेपाल जैसे कट्टर कम्युनिस्ट देश से वामपंथ की विदाई कर दी। ममता बनर्जी का राजनीतिक भविष्य क्या होता है,यह कह पाना मुश्किल है लेकिन उन्हें बंगाल से कम्युनिस्टों की विदाई के लिए हमेशा याद किया जाएगा। ममता बनर्जी की राजनीतिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी रही है। कांग्रेस में रहते हुए ही उन्हें बंगाल की शेरनी कहा गया था। उसके बाद जब वे एनडीए का हिस्सा बनीं तो उन्हें आर एस एस के मुख पत्र पांचजन्य के तत्कालीन संपादक तरुण विजय ने भी बंगाल की दुर्गा कहा। अभी कुछ समय पहले दिवंगत हुए भाजपा के बौद्धिक संपदा के धनी राज्य सभा सांसद बलवीर पुंज ने भी भरी संसद में कहा था कि हमारी दीदी ममता जी बंगाल की साक्षात दुर्गा हैं। सन,2001 में रक्षा सौदे में रिश्वत खोरी का बड़ा मामला उजागर होने के बाद उन्होंने एनडीए से नाता तोड़ लिया था लेकिन उसी वक्त बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा था कि भाजपा अभी भी उनकी प्रमुख स्वाभाविक सहयोगी है। ममता बनर्जी इस चुनाव में भाजपा के हाथों भले ही बुरी तरह पराजित हुई हैं लेकिन कब उनके भीतर भाजपा के प्रति प्रेम उमड़ जाए, यह संभावना खत्म नहीं हुई है। ममता बनर्जी ने 1997 में कांग्रेस तोड़कर मुकुल रॉय के साथ तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था। उनका लक्ष्य पश्चिम बंगाल से कम्युनिस्टों के साथ कांग्रेस को भी खत्म करना था। ममता बनर्जी के इस मुहिम में आरएसएस ने भी ममता बनर्जी को 'बंगाल की दुर्गा' बताते हुए खुलकर उनका साथ दिया। नतीजा 2011 में ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्टों का सफाया कर अपनी खुद की सरकार बनाने में कामयाब हो गई। तब से वे चार मई 2026 तक पश्चिम बंगाल की एक मात्र छत्रप बनीं रहीं। भाजपा को भी प्रत्यक्ष रूप से कोई एतराज नहीं था लेकिन अंदर अंदर वह बंगाल जीतने की रणनीति पर काम करती रही जिसमें अब जाकर उसे कामयाबी मिली। ममता बनर्जी बंगाल से कम्युनिस्टों का सफाया करने के बाद भी वे भाजपा से दूर नहीं रहीं। उन्होंने 2019 में एन आर सी और सीएए के खिलाफ बहुत सारे आंदोलन जरूर किए लेकिन जब संसद में इस पर विल लाया गया तो उनके आठ सांसद संसद से गैर हाजिर होकर अप्रत्यक्ष रूप से इस विल के पास होने में मददगार की भूमिका निभाई। इतना ही नहीं 2022 में उपराष्ट्रपति पद के लिए उन्होंने विपक्ष की उम्मीदवार मार्ग्रेट अल्वा के पक्ष में मतदान से साफ इंकार करते हुए सदन में हिस्सा ही नहीं लिया। 2022 में एक कार्यक्रम में उन्होंने आर एस एस की तारीफ में पुल बांधते हुए कहा था कि संघ दुनिया का सबसे सुव्यवस्थित संगठन है। इस तरह देखें तो ममता बनर्जी उन्हीं के हाथों पराजित हुई हैं जिनसे उन्हें रहम की उम्मीद थी। इस बाबत कांग्रेस विधायक विरेंद्र चौधरी की टिप्पणी गौर तलब है कि पश्चिम बंगाल में न कोई जीता है न हारा है,यह सत्ता हस्तांतरण का एक स्वयंबर था जो चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से धूम धड़ाके के साथ संपन्न हुआ, लेकिन यही बात केरलम के लिए भी तो लागू होती है। ठीक है वहां केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका अलग तरह की रही होगी, सत्ता का हस्तांतरण तो वहां भी हुआ। कांग्रेस गठबंधन कोई अपने कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी से तो सत्ता छीनी नहीं है। उसने भी अपने सहयोगी दल को ही पराजित कर सत्ता में वापसी की है। भारत में वामपंथ विचार धारा की जड़ों को देखें तो इसकी शुरुआत केरलम से ही हुई है। यहां 1957 में पहली बार वामपंथ की सरकार बनी। इसके बाद 1977 में पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में कम्युनिस्ट सरकार सत्ता रूढ़ हुई। इन दो प्रदेशों से वामपंथ के खात्मे के बाद केरल ही इनका आखिर किला बचा था,अब वह भी ढह गया। जिस तरह कभी ममता की पसंदीदा पार्टी भाजपा ने ममता बनर्जी को शिकस्त दी ठीक उसी तर्ज पर केरलम में एलडीएफ को अपने ही घटक दल के हाथों मात खानी पड़ी। सवाल यह नहीं कि कम्युनिस्टों का सफाया किसके हाथ हुआ, संतोष यह है कि नेपाल के बाद उसका यह पड़ोसी मित्र राष्ट्र भी कम्युनिस्ट मुक्त हो गया। भारत के बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ सहित कुछ अन्य प्रदेशों में भी हल्का फुल्का कम्युनिस्ट विचारधारा का प्रभाव था लेकिन वहां पहले ही इससे मुक्ति मिल गई थी। बिहार में अब सिर्फ तीन कम्युनिस्ट विधायक हैं जबकि झारखंड में दो ही हैं। त्रिपुरा जो लंबे समय तक वामपंथ का गढ़ था वहां भी मात्र 11 वामपंथी विधायक हैं। पश्चिम बंगाल में मात्र एक विधायक वामपंथी हैं। हां वामपंथियों का केरलम में अभी कुछ अवशेष जरूर बचा है लेकिन भविष्य में उसके पुनर्विस्तार की संभावना बहुत कम है क्योंकि आने वाले दिनों में यहां भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य मुकाबले की पार्टी होगी। राहुल गांधी कहते हैं कि बंगाल में ममता बनर्जी ने भाजपा के लिए रास्ता खोल दिया है। यह बात राहुल गांधी पर लागू होती है कि उन्होंने भी केरलम में भाजपा का रास्ता खोल दिया है।

## ईरान के साथ जारी संघर्ष को ट्रम्प ने बताया 'लघु युद्ध'

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने युद्ध प्रभाव व पैमाने को कमतर बताने का किया प्रयास

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष को 'छोटा युद्ध' करार देते हुए इसके प्रभाव और पैमाने को कमतर बताने का प्रयास किया है।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में छोटे व्यवसायों से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश इस समय काफी तरक्की कर रहा है, जबकि हम एक संघर्ष में उलझे हुए हैं, जिसे में जिसे मैं लघु युद्ध कहता हूं। गौरतलब है कि ट्रम्प इस युद्ध के लिए समय-समय पर अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कभी वह इसे 'युद्ध' कहते हैं, तो कभी सैन्य 'अभियान', 'भ्रमण' या सिर्फ एक



■ ट्रम्प इस युद्ध के लिए समय-समय पर अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल कर रहे

'पड़ाव' मात्र बताते हैं। जानकारों का मानना है कि शब्दों का यह चयन सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 1973 के 'युद्ध शक्तियां अधिनियम' के अनुसार, किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई जारी रखने के लिए संसद (कांग्रेस) की मंजूरी लेना अनिवार्य होता है। राष्ट्रपति बिना मंजूरी के केवल 60 से 90 दिनों तक ही सैन्य अभियान चला सकते हैं। ट्रम्प ने भी मार्च में कहा था कि वे 'युद्ध' शब्द के इस्तेमाल से बचते हैं क्योंकि इसके लिए आधिकारिक अनुमति की आवश्यकता पड़ती है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि 28 फरवरी से शुरू हुई यह सैन्य कार्रवाई ईरान की ओर से मिलने वाली धमकियों के जवाब में एक 'रक्षात्मक कदम' है। वहीं, दूसरी ओर ईरान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और एक अवैध हमला बताया है।

## नशीली दवाओं की तस्करी वाली नाव पर अमेरिकी हमले में दो की मौत

**वाशिंगटन।** कैरिबियन सागर में नशीली दवाओं की कथित तस्करी करने वाले एक नाव पर अमेरिकी सेना के हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी सेना के दक्षिण कमान (साउथकॉम) के अनुसार, नशीली दवाओं को ले जाने वाले एक संदिग्ध नाव पर किए गए घातक हमले में दो लोग मारे गए हैं। यह सैन्य अभियान चार मई को जनरल फ्रांसिस एल डोनावन के निर्देशन में चलाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि 'ज्वाइंट टास्क फोर्स साउदर्न स्पीयर' ने उस नाव को निशाना बनाया जिसके बारे में जानकारी मिली थी कि वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़ी है और ड्रग्स तस्करी के रास्ते पर जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में किसी भी अमेरिकी सैनिक को चोट नहीं आई है। यह ताजा कार्रवाई ट्रम्प प्रशासन द्वारा लैटिन अमेरिका में 'नार्को-टेररिज्म' के खिलाफ

■ कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में फैले इस अभियान में अब तक कम से कम 188 लोग मारे जा चुके हैं

सितम्बर से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में फैले इस अभियान में अब तक कम से कम 188 लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि, अमेरिकी सेना ने अभी तक सार्वजनिक रूप से ऐसे सबूत पेश नहीं किए हैं जिनसे यह पुष्टि हो सके कि निशाना बनाए गए जहाजों में नशीली दवाएं मौजूद थीं। भले ही इस समय दुनिया का ध्यान पश्चिमी एशिया के संघर्ष पर है, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में इस तरह के हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे यह संकेत मिलता है कि पश्चिमी गोलार्द्ध में अमेरिका के नशीली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान उसकी प्राथमिकता बने हुए हैं।



**कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद टॉलीगंज निर्वाचन क्षेत्र की सड़कों से टीएमसी के होर्डिंग्स-बैनर फाड़कर फेंकते भाजपा समर्थक।**

## भारत-जापान स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भारत और जापान की संयुक्त समिति की तीसरी बैठक के बाद मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और नई साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की आपसी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य संबंधी संयुक्त समिति (जेसीएम) की तीसरी बैठक आज भारत मंडपम में आयोजित की गई। नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदा ने मिलकर बैठक की अध्यक्षता की।

# ईरान-अमेरिका युद्धविराम वार्ता खतरे में

### ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और नए हमलों के बीच होर्मुज में बढ़ा तनाव

**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम अब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर खतरे में पष्ता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और होर्मुज से जहाजों के पारगमन में मदद के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू करने के बाद तनाव चरम पर है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा पेट्रोलियम उद्योग क्षेत्र पर ईरान के ड्रोन हमले के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है। इस घटना ने उस शांति को खत्म कर दिया है जो अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद से बनी हुई थी। दोनों देशों के बीच आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा हुई थी, जिसे 22 अप्रैल को आगे बढ़ाया गया था। इस बीच राजनयिक माध्यमों से प्रस्तावों का आदान-प्रदान जारी है। हालांकि, ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी में कहीं भी अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने का दुस्साहस किया, तो उन्हें 'धरती से मिटा दिया जाएगा।' ईरान की प्रतिक्रिया भी उतनी ही आक्रामक रही है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालीबाफ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के उल्लंघन और



■ यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है

नाकाबंदी कर सुरक्षित नौवहन को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के लिए मौजूदा स्थिति को सहन करना असंभव होगा और चेतावनी दी कि ईरान के पास अभी भी कई बड़े विकल्प मौजूद हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की पुष्टि की है। इसमें लगभग 15,00 अमेरिकी सैनिक, मिसाइल विध्वंसक जहाज, 100 से अधिक विमान और मानव रहित प्लेटफॉर्म तैनात किए गए हैं। शीर्ष अमेरिकी कमांडर एडमिरल ब्रैडली कूपर के अनुसार, अभियान के पहले दिन दो अमेरिकी झंडे वाले जहाजों को सैन्य सुरक्षा में सफलतापूर्वक पार कराया गया। इस दौरान अमेरिकी नौसेना ने जहाजों को निशाना बनाने वाली ईरानी क्रूज मिसाइलों को बीच में ही मार गिराया और हमला करने की कोशिश कर रही ईरान की छह छोटी नावों को नष्ट कर दिया। वहीं, यूएई ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागी गई कई मिसाइलों को नाकाम कर दिया है, हालांकि फुजैरा के पेट्रोलियम केंद्र में भीषण आग लग गई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस हमले का जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यूएई के राष्ट्रपति के सलाहकार अनवर गर्गाश ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि ईरान ही इस क्षेत्र में संकट और खतरे का असली स्रोत है।

### होर्मुज तनाव के बीच अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगा: गालिबफ



**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबफ़ ने मंगलवार को कहा कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर अगर तनाव बढ़ेगा तो उससे अमेरिकी प्रभाव में कमी आएगी। होर्मुज़ जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा और नौवहन मार्ग है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, ग़ालिबफ़ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम का उल्लंघन करके और नौवहन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाकर समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे नाकाबंदी करार दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का एक नया समीकरण अंतिम रूप ले रहा है, अमेरिका के लिए यथास्थिति बनाए रखना असहनीय है जबकि हमने अभी शुरुआत भी नहीं की है। ये टिप्पणियां उन खबरों के बाद बढ़े तनाव के बीच आई हैं जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ने 13 अप्रैल से ईरानी बंदरगाहों एवं समुद्री मार्गों पर नौसैनिक नाकाबंदी लगा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा की, जो एक नौसैनिक पहल है जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जलमार्ग से वाणिज्यिक जहाजों को एस्कॉर्ट करना है जिस पर ईरान का काफी प्रभाव है। ईरानी सेना ने अमेरिकी युद्धपोतों को रणनीतिक जलमार्ग के पास आने के खिलाफ बार-बार चेतावनी दी है जिसपर इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कोर ने अपना कड़ा नियंत्रण बनाए हुआ है। आईआरजीसी नियमित मिसाइल और ड्रोन अभ्यासों के माध्यम से अपनी उन्नत क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहा है।

## जीसीसी ईरानी मिसाइल हमलों के खिलाफ यूएई का करेगा समर्थन

**दोहा।** खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव जासेम अलबुदैवी ने कहा कि संगठन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा अपनी सुरक्षा की रक्षा के लिए उठाए गए सभी कदमों का समर्थन करेगा। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि देश की वायु रक्षा ने 12 बैलिस्टिक मिसाइलों और चार ड्रोन को रोका, जिन्हें कथित रूप से ईरान द्वारा प्रक्षेपित किया गया था और कहा कि वह जवाबी कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, अमीरात सरकार की प्रेस सेवा ने ड्रोन हमले के बाद फुजैरा तेल क्षेत्रों में से एक में आग लगने की सूचना दी। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने सैन्य सूत्र के हवाले से कहा कि यूएई के पूर्वी हिस्से में एक औद्योगिक तेल क्षेत्र पर हुए आगजनी के हमले के पीछे अमेरिकी सेना का हाथ था। जीसीसी ने कल एक बयान में कहा कि महामहिम ने यूएई के साथ जीसीसी की पूर्ण एवं दृढ़ एकजुटता पर बल दिया और उसकी सुरक्षा की रक्षा, उसकी संप्रभुता की सुरक्षा और उसके महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए उठाए गए सभी उपायों के समर्थन में एक एकजुट मोर्चे के रूप में खड़े होने की बात की।

## ईरानी विदेश मंत्री बीजिंग यात्रा पर करेंगे चीनी समकक्ष के साथ वार्ता

**तेहरान/बीजिंग।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अपने चीनी समकक्ष वांग ई के साथ बातचीत करने के लिए बीजिंग की यात्रा पर जाने वाले हैं। ईरान यह कदम संयुक्त अमेरिका-इजरायल के साथ चल रहे संघर्ष और बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए उठा रहा है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, चर्चा 'द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर केंद्रित' होगी, जिसमें युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में उत्पन्न व्यवधान प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है। चीन ने 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से ही अत्यंत सतर्क रुख अपनाया हुआ है। यद्यपि कई देशों की भांति चीन ने भी ईरान पर अमेरिका और इजरायल के शुरुआती हमलों की निंदा की थी, लेकिन ईरान के साथ अपनी निकटता के बावजूद वह आश्चर्यजनक रूप से तटस्थ बना हुआ है। चीन लगातार तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान का आह्वान करता रहा है। चीन ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, फिर भी

■ चीन ने 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से ही अत्यंत सतर्क रुख अपनाया हुआ है
■ चीन लगातार तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान का आह्वान करता रहा है

इसके विशाल भंडार और ऊर्जा के विविध स्रोतों ने इसे होर्मुज जलडमरूमध्य में आए व्यवधान के बुरे प्रभावों से बचाये रखा है। ईरान ने इस मार्ग को प्रभावी रूप से उन देशों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह 'शत्रु' मानता है। यह यात्रा अमेरिका-चीन संबंधों के एक महत्वपूर्ण क्षण से पहले हो रही है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14-15 मई के बीच अपने चीनी समकक्ष राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन जाने वाले हैं। 2025 में व्हाइट हाउस लौटने के बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा होगी। अमेरिका और चीन के बीच पिछले एक वर्ष से संबंधों में तनाव बढ़ गया है। इन दोनों आर्थिक महाशक्तियों के बीच शुल्कों और व्यापार नीति को लेकर बार-बार विवाद हुए।



## शेफ का किरदार निभाना और सचमुच खाना बनाना बेहद खास रहा: सुम्बुल तौकीर खान

**मुंबई।** अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि स्क्रीन पर शेफ का किरदार निभाना और सचमुच खाना बनाना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अपनी सरल और दिल को छू लेने वाली कहानी और सहज पलों के ज़रिए दर्शकों से जुड़ता जा रहा है। मौजूदा ट्रैक में अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) अपनी ज़िंदगी के नए पड़ाव में कदम रखती है, जब वह रेस्टोरेंट में काम शुरू करती है और शेफ बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम बढ़ाती है। अन्विता की यात्रा चुनौतियों, सीख और छोटी-छोटी जीतों से भरपूर दिखाई देती है। दिलचस्प बात यह है कि यह ट्रैक सुम्बुल के असली जीवन के शौक से भी मेल खाता है। उन्हें हमेशा घर पर खाना बनाने और नए प्रयोग करने का शौक रहा है।

## ऑस्ट्रेलियाई तट के पास जलयान डूबने से तीन की मौत

**न्यू साउथ वेल्स।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स तट के पास एक जलयान के डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो स्वयंसेवी बचावकर्मी भी शामिल हैं। यह दुखद घटना तब घटित हुई जब एक आम नागरिक ने सूचना दी कि साउथ बैलिना के ब्रेकवॉल के पास एक जलयान मुश्किल में फंसा हुआ है। उल्लेखनीय है कि साउथ बैलिना एनएसडब्ल्यू और क्वींसलैंड की सीमा के पास स्थित एक लोकप्रिय तटीय पर्यटन स्थल है। पुलिस ने बताया कि 'मरीन रेस्क्यू एनएसडब्ल्यू' के छह सदस्यों का एक दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा, लेकिन बैलिना बार को पार करते समय खराब मौसम के कारण उनकी नाव पलट गई।

## चीन की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 21 की मौत

### बचाव दल ने संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

**हुनान।** चीन के हुनान प्रांत में एक पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से 21 लोगों की मौत हो गई है और 61 घायल हो गए हैं। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार विस्फोट में 21 लोगों की मौत हो गई है और 61 लोग घायल हुए हैं। बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि हुनान प्रांत के लियूयांग शहर के हुआशेंग पटाखा संयंत्र में यह विस्फोट सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 16:40 बजे हुआ। बचाव दल ने मुस्तैदी दिखाते हुए संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रशासन ने खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए तत्काल अधिकारियों की



तैनाती की तथा घायलों के उपचार के लिए करीब 500 कर्मियों को भी तैनात किया। रोबोट की मदद से पटाखा कारखाने की इमारत के भीतर फंसे लोगों को ढूंढने का काम किया गया। स्थानीय पुलिस ने विस्फोट के कारणों की जांच का काम आरंभ कर दिया है और इस दौरान पटाखा कंपनी के प्रभारी व्यक्ति से भी पूछताछ की गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने जानकारी दी कि कारखाना परिसर के भीतर स्थित बारूद के दो गोदाम बचाव कार्यों के दौरान उच्च जोखिम पैदा कर रहे थे। बचाव दलों को पटाखा संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे से सभी को हटाना पड़ा। बचाव कार्यों के दौरान कोई दुर्घटना न हो जाए, इसे ध्यान में रखकर दुर्घटनाग्रस्त इलाके में नमी बढ़ाने के उपाय भी किए गए। घटनास्थल से प्रसारित एक टीवी कार्यक्रम में सीसीटीवी के संवाददाता ने बताया कि विस्फोट इतना विनाशकारी था कि कारखाने के पास स्थित एक आवासीय भवन की खिड़कियां भी टूट गईं। रिपोर्ट के मुताबिक पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों की आयु 20 से 60 वर्ष के बीच है और कुछ लोगों को उड़ते हुए मलबे की चपेट में आने से हड्डियों में गंभीर चोटें आई हैं।

## जर्मन में कार के भीड़ में घुसने से दो की मौत, कई घायल

**लीपजिंग।** पूर्वी जर्मन शहर लीपज़िग में सोमवार दोपहर एक कार के भीड़ में घुससे दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बीबीसी ने दी। लीपजिंग के मेयर बुरखार्ड जंग ने कहा कि अधिकारियों द्वारा संदिग्ध अपराधी की पहचान 33 वर्षीय जर्मन नागरिक के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों को अभी तक अपराध के मकसद के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है।

## बांग्लादेश में खसरे के प्रकोप से एक दिन में 17 की मौत

### संदिग्ध मौतों में से सबसे अधिक 10 मौतें ढाका जिले में दर्ज की गई

**ढाका।** बंगलादेश में खसरा और खसरा से संबंधित जटिलताओं के कारण एक ही दिन में 17 लोगों की मौत हो गई। मार्च में इस अत्यधिक संक्रामक लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी के प्रकोप की शुरुआत के बाद से एक दिन में दर्ज मौत की यह सबसे अधिक संख्या है।

यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से मंगलवार को प्राप्त हुई। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, सोमवार सुबह आठ बजे तक दर्ज की गई 17 मौतों में से दो की पुष्टि खसरा से होने जबकि अन्य 15 को संदिग्ध मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध मौतों में से सबसे अधिक 10 मौतें ढाका जिले में दर्ज की गई। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, देश में खसरा से होने वाली पुष्ट मौतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है। इसके

■ देश में खसरा से होने वाली पुष्ट मौतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है
■ 15 मार्च से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी से संबंधित संदिग्ध मौतों की संख्या वर्तमान में 259 है

अलावा, 15 मार्च से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी से संबंधित संदिग्ध मौतों की संख्या वर्तमान में 259 है। डीजीएचएस के अधिकारियों ने बताया कि इसी अवधि के दौरान खसरे के लगभग 1302 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए, जिससे 15 मार्च से अब तक संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 41793 हो गई है। ढाका ट्रिब्यून ने कहा कि इसी अवधि के दौरान, खसरा के 154 नए पुष्ट मामले सामने आए जिससे पुष्ट संक्रमणों की कुल संख्या 5467 हो गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 15 मार्च तक खसरा के संदिग्ध मामलों में से 28832 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 25,151 मरीज स्वस्थ हो गए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। कोलंबिया में खदान धंसने से नौ लोगों की मौत बोगोटा। कोलंबिया में सुताताउसा नगरपालिका स्थित 'ला सिस्कुडा' खदान में हुए हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है। नेशनल माइनिंग एजेंसी (एएनएम) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने पुष्टि की है कि इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और छह खनिकों को जीवित बचा लिया गया। घायल श्रमिकों का एक क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि 18 श्रमिक जमीन के नीचे थे और उसी दौरान यह हादसा हो गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटैंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)